सूर्योदय : 6:52
सूर्यास्त : 5:47
अधिकतम तापमान : 24.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-221 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 02 फरवरी 2025
03 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



**बजट 2025-26**

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट किया पेश

# आयकर में छूट, किसानों को राहत



### मध्यम वर्ग के लिए

किराया आमदनी पर TDS की छूट 6 लाख रुपए की गई। मोबाइल फोन और ई-कारें सस्ती होंगी kEV और मोबाइल की लीथियम आयन बैटरी सस्ती होगी। LED-LCD टीवी सस्ती होंगी। कस्टम ड्यूटी घटाकर 2.5% की गई। देश में अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल लाया जाएगा। 1 लाख करोड़ रुपए का अर्बन चैलेंज फंड बनेगा। शहरी गरीबों की आय बढ़ाने की योजना आएगी। एक लाख अधूरे घर पूरे होंगे, 2025 में 40 हजार नए मकान हैंडओवर किए जाएंगे। हर घर नल से जल पहुंचाने वाला जल जीवन मिशन कार्यक्रम 2028 तक बढ़ेगा।

### महिलाओं के लिए

SC -ST की MSME महिला उद्यमियों के लिए विशेष लोन योजना। पहली बार उद्यमी बनने वाली महिलाओं को दो करोड़ का टर्म लोन मिलेगा।

### इन वस्तुओं के बढ़ेंगे दाम

सरकार ने इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले पर बेसिक सीमा शुल्क को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का प्रस्ताव रखा गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य इन्वर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर को ठीक करना है। स्मार्ट मीटर, सोलर सेल, आयातित जूते, आयातित मोमबत्तियां, आयातित नौकाएं और अन्य जहाज पीवीसी फ्लेक्स फिल्में, पीवीसी फ्लेक्स शीट, पीवीसी फ्लेक्स बैनर। कुछ आयातित बुने हुए कपड़े।

### बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 100 प्रतिशत करने का एलान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत किया जाएगा। वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते हुए सीतारमण ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने करदाताओं की सुविधा के लिए कई सुधारों को लागू किया है, जिसमें 'फेसलेस' मूल्यांकन भी शामिल है। सीतारमण ने सरकार द्वारा करदाताओं के लिए 'चार्टर' लाने, 'रिटर्न' प्रक्रिया में तेजी लाने और करीब 99 प्रतिशत आयकर 'रिटर्न' स्व-मूल्यांकन पर आधारित होने का भी उल्लेख किया।

**50,65,345 करोड़ रुपये का बजट**

- जल जीवन मिशन कार्यक्रम 2028 तक बढ़ेगा
- सीनियर सिटिजंस के लिए सेविंग्स के ब्याज पर टैक्स छूट, 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए
- 36 जीवन रक्षक दवाएं टैक्स फ्री
- 200 कैंसर डे-केयर सेंटर बनेंगे
- मोबाइल और ई-कारें सस्ती होंगी
- एक लाख करोड़ रुपए का अर्बन चैलेंज फंड बनेगा
- एक लाख अधूरे घर पूरे होंगे
- 2025 में 40 हजार नए मकान हैंडओवर किए जाएंगे
- नौकरीपेशा की 12.75 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री
- किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए
- डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का लोन
- स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का फंड बनेगा
- मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार सीटें बढ़ेंगी

## यह जनता जनार्दन का बजट : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम बजट को जमकर सराहा। उन्होंने इसे जनता जनार्दन का बजट करार दिया। उन्होंने कहा, आज भारत के विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों के आकांक्षाओं का बजट है, ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। हमने कई सेक्टर युवाओं के लिए खोल दिए हैं। ये विकसित भारत के मिशन को ड्राइव करने वाला है, ये बजट बल गुणक है। ये बजट बचत को बढ़ाएगा, निवेश को बढ़ाएगा और ग्रोथ को भी तेजी से बढ़ाएगा। मैं वित्त मंत्री को इसके लिए बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरेगा, लेकिन ये बजट उससे बिलकुल उल्टा है।

### बजट देश को पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक साबित होगा : योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री जी ने इसे ज्ञान का बजट बताकर केवल चार अक्षरों में परिभाषित कर दिया है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को सशक्त करने से ही देश आत्मनिर्भर और विकसित बनेगा। उन्होंने कहा कि वंचित को वरीयता, अंत्योदय को प्रमुखता देते और देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के संकल्प पथ पर तेज गति से ले जाने वाले इस बजट के लिए प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार एवं वित्त मंत्री जी का धन्यवाद। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस बजट से मातृशक्ति और समाज के अंतिम पंक्ति के सभी वर्गों के उत्थान का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

### यह केवल गोली के घावों पर पट्टी लगाने जैसा है बजट : राहुल



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बजट 2025-26 को आर्थिक क्षेत्र में सरकार के वैचारिक दिवालियापन की संज्ञा देते हुये शनिवार को कहा कि बजट प्रस्तावों में अर्थव्यवसथा में सुधार के लिये कोई ठोस बात नहीं है। उन्होंने इस बजट को गोली के घाव को मरहम से ठीक करने जैसा प्रयास करार दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण में कुछ भी नया नहीं था और बजट में तबाह हो रही अर्थव्यवस्था को संभालने के कोई प्रयास नहीं किये गये हैं। इसमें जो कुछ भी कदम उठाने की कोशिश हुई है, वह गोली के घाव पर मरहम लगाने जैसा है।

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक बार फिर पारंपरिक 'बही-खाता' शैली की थैली में लिपटे एक डिजिटल टैबलेट के जरिए शनिवार को अपना लगातार आठवां बजट पेश किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह बजट विकास की रफ्तार बढ़ाने, समग्र विकास करने, निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ाने, घरेलू संवेदनाओं को मजबूत करने और मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता को बढ़ाने की कोशिशों का हिस्सा है। वित्त मंत्री ने बजट में किसानों के लिए प्रधानमंत्री धनधान्य योजना का एलान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत ऐसे 100 जिलों को चुना जाएगा, जहां पर कृषि उत्पादकता कम है। इससे वहां पर उत्पादकता बढ़ाने, खेती में विविधता लाने, सिंचाई और उपज के बाद भंडारण की क्षमता मजबूत करने में मदद मिलेगी।


इस योजना से 1.7 करोड़ किसानों को लाभ होगा। इसके दायरे में सभी तरह के किसान आएंगे। कृषि के अच्छे तरीकों को अपनाने पर जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़कर 5 लाख रुपये कर दी गई है। इसके लिए खाद्य तेलों के उत्पादन पर ध्यान दिया जाएगा। सरकार छह वर्ष का मिशन शुरू करेगी ताकि दलहन में आत्मनिर्भरता हासिल की जा सके। नैफेड और एनसीसीएफ तीन तरह की दालों की खरीद करेगी। इन एजेंसियों में पंजीकृत किसानों से ये दालें खरीदी जाएंगी। श्रीअन्न और फलों की मांग बढ़ती जा रही है। इसके लिए राज्यों के साथ मिलकर एक योजना शुरू की जाएगी। इसमें कृषि उपज संगठनों बिहार के लोगों के लिए यह विशेष अवसर है ताकि वे मखाना का उत्पादन और उसके प्रसंस्करण को बढ़ावा दे सकें। मखाना बोर्ड इसमें किसानों की मदद करेगा। बिहार में राष्ट्रीय फूड टेक्नोलॉजी संस्थान शुरू किया जाएगा। इससे पूरे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षमताएं मजबूत करने में मदद मिलेगी। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की संख्या एक करोड़ है और इनसे 5.7 करोड़ लोग जुड़े हैं। यह भारत को दुनिया में मैन्यूफैक्क्रिंग हब बनाने की दिशा में मददगार है। ये एमएसएमई 45 फीसदी निर्यात में हिस्सेदारी रखते हैं। एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को बढ़ाया जाएगा। एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश की सीमा 2.5 गुना बढ़ाई जाएगी। वर्गीकरण के लए टर्नओवर सीमा दो गुना की जाएगी सूक्ष्म उद्यमों के लिए कस्टमाइज्ड क्रेडिट जारी होंगे, जिनकी सीमा पांच लाख रुपये होगी। पहले वर्ष ऐसे 10 लाख कार्ड जारी किए जाएंगे। पहली बार उद्यमी बनने वालों को दो करोड़ रुपये का टर्म लोन दिया जाएगा। इसके दायरे में पांच लाख महिलाएं और अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के दायरे में आएंगे। फुटवियर और चमड़ा उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे 22 लाख लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। भारत को खिलौनों का ग्लोबल हब बनाने के लिए योजना पर अमल किया जाएगा। राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन की शुरुआत की जाएगी। इसमें क्लीन टेक विनिर्माण पर जोर दिया जाएगा नॉन लेदर क्वालिटी के फुटवियर के उत्पादन की मशीनरी, डिजाइन क्षमता, मैन्यूफैक्क्रिंग में इस्तेमाल होने वाली चीजों को समर्थन प्रदान करने के लिए एससी, एसटी महिला उद्यमियों के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी, जिसमें अगले पांच वर्षों में दो करोड़ रुपये तक का टर्म लोन होगा। अगले पांच वर्षों में दो करोड़ रुपये तक के टर्म लोन के साथ पहली बार उद्यमी बनने वाली एससी, एसटी महिलाओं के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी। सरकारी स्कूलों में नवाचार को बढ़ाने के लिए ऐसी 50 हजार लैब स्थापित की जाएंगी। भारतीय भाषा पुस्तक योजना शुरू की जाएगी ताकि भारतीय भाषाओं में शिक्षण को बढ़ावा दिया जा सके। ऐसे पांच संस्थानों की स्थापना होगी। यह मेक फॉर इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के उद्देश्य के तहत होगा। पिछले 10 वर्ष में आईआईटी में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 65 हजार से बढ़कर 1.3 लाख हो गई है। 6500 और छात्रों को प्रवेश देने और उनके छात्रावास बनाने के लिए मदद दी जाएगी। आईआईटी पटना में बुनियादी ढांचे को विस्तार दिया जाएगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शिक्षा के लिए उत्कृष्ट संस्थान की संस्थापना की जाएगी। मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार अतिरिक्त सीटें बढ़ाई जाएंगी। सभी जिला अस्पतालों में डे केयर केंसर सेंटर बनाए जाएंगे। 2025-26 में ऐसे 200 सेंटर बनाए जाएंगे। सरकार उनके परिचय पत्र बनाने में मदद करेगी और उन्हें ई-श्रम कार्ड मुहैया कराएगी। इससे 1 करोड़ गिग वर्कर्स को फायदा मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को उभरते उद्यमियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ स्टार्टअप्स के लिए फंड ऑफ फंड्स योजना के एक और राउंड की घोषणा की। यह घोषणा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सरकार स्टार्टअप्स के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने अब तक 1.5 लाख से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता दी है।



### व्यापारियों के लिए 10 ऐलान

MSME के लिए लोन गारंटी लिमिट 5 करोड़ से बढ़कर 10 करोड़ होगी। सोशल वेलफेयर सरचार्ज हटाने का प्रस्ताव। 7 टैरिफ रेट हटेंगे। अब देश में 8 टैरिफ रेट ही रह जाएंगे। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर टियर-2 शहरों में बनाए जाएंगे। देश को खिलौना उत्पादन का ग्लोबल हब बनाने राष्ट्रीय योजना बनेगी। नई लेदर स्कीम से 22 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। बिहार में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी बनेगा। सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपए की लिमिट वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी होंगे। पहले वर्ष 10 लाख कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। शहरी स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि स्कीम की लोन लिमिट बढ़कर 30 हजार रुपए होगी। **इलेक्ट्रॉनिक सामान और मोबाइल सस्ते होंगे-** सरकार ने बजट में कैंसर की दवाएं सस्ती करने का ऐलान किया। अगले 3 साल में देश के सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर बनाए जाएंगे। अगले फाइनेंशियल इयर में ही ऐसे 200 सेंटर बनाए जाएंगे। सरकार का फोकस बिहार पर भी दिखा, जहां इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। सीतारमण ने बिहार के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी की स्थापना करने का ऐलान किया। राज्य में IIT का विस्तार होगा।

### बजट से यूपी की पर्यटन संभावनाओं को लगेंगे पंख



केंद्रीय बजट में पर्यटन सेक्टर में रोजगार को बढ़ाने और शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों में निवेश के साथ विकास करने की घोषणा की गई है। इसमें उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों को भी शामिल किया जाएगा। क्योंकि प्रदेश न सिर्फ धार्मिक, आध्यात्मिक बल्कि ईको टूरिज्म भी तेजी से बढ़ रहा है। यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या भी साल दर साल बढ़ रही है। प्रदेश में श्रीकाशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने, अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनने, मथुरा, प्रयागराज, चित्रकूट, नैमिषारण्य, कुशीनगर, आगरा आदि धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों व पर्यटन स्थलों के विकास के बाद पर्यटकों की संख्या में काफी उछाल आया है। वर्ष 2023 में जहां कुल 48 करोड़ देशी-विदेशी पर्यटक उत्तर प्रदेश आए वहीं वर्ष 2024 में यह संख्या बढ़कर लगभग 65 करोड़ हो गई है। इसमें भी विदेशी पर्यटकों की संख्या 16 लाख से बढ़कर 22 लाख हुई है। पर्यटन विभाग के अनुसार एक पर्यटक प्रत्यक्ष रूप से छह लोगों को रोजगार देता है। ऐसे में प्रदेश में आने वाले लाखों पर्यटक कई लाख लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दे रहे हैं। केंद्र सरकार की ओर से प्रदेश के पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए सहयोग करने से इसे और बढ़ावा मिलेगा। सीए जतिन श्रीवास्तव कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा पर्यटक आकर्षित हो रहे हैं। इसमें भी धार्मिक पर्यटन उन्हें काफी आकर्षित कर रहा है। यह सबसे ज्यादा अस्थायी रोजगार भी देता है।

## सरकार ने बिहार के लिए खोला पिटारा

**मखाना बोर्ड से लेकर फूड टेक्नोलॉजी संस्थान तक की दी सौगात**

आम बजट में बिहार को खासा तवज्जो दी गई है। इसमें मखाना बोर्ड की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता और आईआईटी पटना की क्षमता में विस्तार सहित कई बड़े एलान शामिल हैं। यह एलान इसलिए भी अहम हैं, क्योंकि बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। मौजूदा वक्त में बिहार में जनता दल (यूनाईटेड) और भाजपा के गठबंधन वाली सरकार है। लोकसभा में इस वित्त वर्ष का आम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने यह भी घोषणा की कि केंद्र, भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्य में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के निर्माण के अलावा बिहार में एक राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान भी स्थापित करेगा।

**मखाना बोर्ड -** किसानों की आय बढ़ाने के लिए विज्ञान और तकनीक का सहारा लिया जाएगा।

**ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट -** बिहार में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट विकसित किए जाएंगे। पटना एयरपोर्ट को विस्तार दिया जाएगा।

**पश्चिमी कोशी नहर परियोजना-** बिहार के मिथिलांचल में पश्चिमी कोशी नहर परियोजना शुरू की जाएगी। इसके दायरे में 50 हजार हेक्टेयर का क्षेत्र आएगा।

**बिहार में नया संस्थान-** बिहार में राष्ट्रीय फूड टेक्नोलॉजी संस्थान शुरू किया जाएगा। इससे पूरे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षमताएं मजबूत करने में मदद मिलेगी।

**आईआईटी पटना-** आईआईटी पटना में छात्रावास और एक अन्य बुनियादी ढांचा क्षमता के विस्तार का एलान किया गया।

मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा करते हुए सीतारमण ने कहा कि बिहार के लोगों के लिए एक विशेष अवसर है। प्रदेश में मखाने के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और विपणन में सुधार के लिए मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी। इन गतिविधियों में लगे लोगों को एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) में संगठित किया जाएगा, जो मखाना किसानों को समर्थन और प्रशिक्षण सहायता प्रदान करेगा। एफपीओ यह सुनिश्चित करने के लिए भी काम करेंगे कि उन्हें सभी प्रासंगिक सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। सीतारमण ने कहा कि 'पूर्वोदय' के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, सरकार बिहार में एक राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान की स्थापना करेगी। पूर्वोदय योजना के तहत, सरकार बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश को शामिल करते हुए पूर्वी क्षेत्र के राज्यों का सर्वांगीण विकास कर रही है। संस्थान पूरे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों को एक मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करेगा। इससे किसानों के लिए उनकी उपज के मूल्य संवर्धन और युवाओं के लिए कौशल, उद्यमिता और रोजगार के अवसरों के माध्यम से आय में वृद्धि होगी।

**ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की सुविधा-** उन्होंने कहा कि बिहार में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की सुविधा दी जाएगी, ताकि राज्य की भविष्य की जरूरतों को पूरा किया जा सके। यह पटना हवाई अड्डे की क्षमता के विस्तार और बिहटा में एक ब्राउनफील्ड हवाई अड्डे के अतिरिक्त होगा।

## रेलवे को बजट में 2.55 लाख करोड़ रुपये आवंटित

रेलवे को बजट में 2.55 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इनमें राजस्व में 3445 करोड़ रुपये और कैपिटल एक्सपेंडिचर में 2,52,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस तरह रेलवे बजट में कुल 2,55,445 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। दरअसल, वित्तमंत्री ने 2024 के आम बजट में रेलवे के लिए कुल बजटीय समर्थन 2,55,200 करोड़ रखा। यह वर्ष 2023-24 में 2,40,200 करोड़ से 5 प्रतिशत अधिक था। इसके अतिरिक्त वित्तमंत्री ने 10,000 करोड़ अतिरिक्त बजटीय संसाधनों से आवंटित किए गए थे। जुलाई 2024 में वित्तमंत्री द्वारा पेश किए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई वंदे भारत ट्रेनों की घोषणा की थी। साथ ही यह भी कहा था कि भारत में तीन प्रमुख रेलवे आर्थिक गलियारे बनेंगे। इनमें ऊर्जा, खनिज और सीमेंट गलियारा, पोर्ट कनेक्टिविटी गलियारा और उच्च यातायात घनत्व वाला गलियारा शामिल होगा।



# डीएम की अध्यक्षता में तहसील मितौली सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील मितौली सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। सुनवाई के दौरान डीएम ने न केवल शिकायत लेकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया बल्कि योजनाओं को सोगाते भी दी। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 52 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 25, पुलिस 12, विकास 06, विद्युत 06, आपूर्ति 02, सिंचाई का 01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया।

## वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना निघासन पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त लवकुश पुत्र तुला निवासी ग्राम दुबहा थाना निघासन जनपद खीरी सम्बन्धित मु.सं. 4218/23 धारा 427, 352, 324, 504, 506, 452, 147, 148, 149 भा.दं.वि. 2. मंगल पुत्र नोखे निवासी बाजारबाग झण्डीराज थाना निघासन सम्बन्धित मु.सं. 3746-20 धारा 60 आबकारी को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।

## गोला, फरधान रेलवे क्रासिंग पर सेतु निर्माण कार्य को 20 फरवरी की मध्य रात्रि तक आवागमन बंद

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** वर्तमान में हा-730 पर स्थित गोला एवं फरधान रेलवे क्रासिंग पर सेतु का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, कार्य को कराये जाने हेतु वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से दिनाँक दिनाँक-02.02.2025 की मध्य रात्रि से 20.02.2025 की मध्य रात्रि तक बंद किया जा रहा है। यह जानकारी अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय खंड शुभ नारायण ने दी। इस दौरान वाहनों के रूट डायवर्जन का विवरण इस प्रकार से है। समस्त वाहन, जो बहराइच-नानपारा से पीलीभीत-बरेली की ओर आने-जाने वाले वाहनों को जिला लखीमपुर खीरी के NH-730 पर स्थित मनिकापुर तिराहे से होते हुये MDR-86 (लखीमपुर - मोहम्मदी मार्ग) से सिकंदराबाद चौराहे होते हुये MDR-76 (सिकंदराबाद - गोला मार्ग) की ओर मोड़ा जायेगा, जहाँ से वाहन NH-730 गोला पर निकलेंगे।

# सीएम आवास योजना के लाभार्थियों को बांटी चाभी, खिले चेहरे



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** तहसील सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने सीएम आवास योजना (ग्रा) के लाभार्थी नूरजहां, जाफरा, गुड्डी के चाभी का वितरण किया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम रेनू मिश्रा, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, सीओ मितौली, प्रभारी तहसीलदार दिनेश कुमार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# चायनीज़ मांझे से बचाव को पुलों पर निगम ने करायी वायरिंग

- चायनीज़ मांझे से न उड़ाएं पतंग, महापौर व नगरायुक्त ने की लोगों से अपील



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** चायनीज़ मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम ने ठोस एहतियाती कदम उठाए हैं। इसके तहत शहर के प्रमुख पुलों पर वायरिंग करायी गयी है। महापौर व नगरायुक्त ने लोगों से चायनीज मांझे का उपयोग न करने की अपील भी की है।

अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने बताया कि महापौर डॉ. अजय कुमार के निर्देश पर नगर निगम ने चायनीज मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आज कुछ एहतियाती कदम उठाए। उन्होंने बताया कि कल बसंत पंचमी को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी बड़े पुलों पर वायरिंग करायी गयी है, ताकि पतंग कटने पर दुपहिया वाहनों पर चलने वाले लोग मांझों की चपेट में आकर दुर्घटनाओं का शिकार न बन सकें। उल्लेखनीय है कि करीब दो साल पहले शारदानगर पुल पर चायनीज मांझा गले में लिपटने से एक स्कूटर सवार की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा महापौर के निर्देश पर शहर के शारदानगर, अम्बाला रोड, कोर्ट रोड, अस्पताल रोड व देहरादून रोड स्थित ढमोला पुल पर वायरिंग करायी गई हैं। अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने स्वयं इन पुलों पर की गई वायरिंग का अवलोकन किया।

उधर महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त संजय चौहान ने शहर के लोगों से अपील की है कि वे पंतग उड़ाने में चायनीज मांझे का उपयोग न करें और अपने बच्चों को भी चायनीज मांझे का उपयोग करने से रोकें। उन्होंने कहा कि चायनीज मांझा जानलेवा है और सड़क पर चलते हुए किसी भी व्यक्ति के लिए घातक हो सकता है।

# पुलिस ने दबोचा शातिर चोर, 1.30 लाख की नगदी बरामद


अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गयी 1,30,000 रूपये की धनराशि बरामद की है।

थाना सरसावा प्रभारी नरेन्द्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 31 जनवरी को वादी सुभाष चन्द्र धीमान पुत्र विशम्बर सिंह निवासी श्यामलालनगर कस्बा व थाना सरसावा की तहरीर पर आरोपी नौकर सन्नी पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी ग्राम किशनपुरा थाना सरसावा के खिलाफ वादी की दुकान का ताला खोलकर गल्ले को तोडकर 1,30,000 रुपये चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे थाना सरसावा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री शर्मा ने बताया आज उनके व उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार सागर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चोरी की घटना में वांछित एक अभियुक्त सन्नी कुमार पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी ग्राम किशनपुरा थाना सरसावा को नकुड रोड पर हाईवे पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह पिछले साल कस्बा सरसावा मे सुभाष चन्द्र की दूकान पर नौकरी का काम करता था लेकिन सुभाषचन्द्र ने मुझे नौकरी से निकाल दिया था जिससे वह बदला लेने के लिए सुभाषचन्द्र धीमान लोहे की दूकान से गल्ले मे रखे 01 लाख 30 हजार रुपये चोरी कर लिये थे और चोरी किये रुपयो को उसने बुढेडा गाँव के पास एक आम के बाग मे एक काले बैग मे रखकर एक गडढे मे दबा दिये थे, जिनको वह आज निकालकर लेने जा रहा था।

# एक हजार बकायादारों को निगम ने भेजे कुर्की नोटिस

- निगम का टैक्स बकायादारों के खिलाफअभियान तेज



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगर निगम ने टैक्स बकायादारों से बकाया वसूली अभियान तेज कर दिया है। नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर एक हजार बकायादारों को कुर्की नोटिस भेजे गए हैं।

कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर महानगर के एक हजार से अधिक टैक्स बकायादारों को कुर्की नोटिस भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि अब बड़े ही नहीं अन्य बकायादारों को भी नोटिस भेजे जा रहे है तथा अन्य बकायादारों को भी कुर्की नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने जीआईएस सर्वे के बाद अपनी सम्पत्ति के बिल प्राप्त करने वाले भवन स्वामियों से अपील की है कि वे अपना टैक्स अविलंब जमा करायें और 12 प्रतिशत ब्याज से बचे। जिन भवन स्वामियों को बिल प्राप्त नहीं हुए हैं वे निगम पहुंचकर हाउस टैक्स विभाग से बिल प्राप्त कर लें। उन्होंने बताया कि जीआईएस सर्वे के बिल वालों को दी जा रही छूट 31 जनवरी तक थी यह छूट अब समाप्त हो गई है।

उधर अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने बताया कि टैक्स जमा न करने वाले बकायादारों की सम्पत्ति व भवनों की कुर्की व उन्हें सील करने की कार्रवाई का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने सभी बकायादारों से अतिशीघ्र टैक्स जमा कराने की अपील करते हुए कहा कि टैक्स जमा न कराने पर भवनों को सील किया जायेगा।

# आम बजट को सत्ता पक्ष ने सराहा, विपक्ष ने बताया निराशाजनक

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में वर्ष 2025-26 के पेश किए गये बजट का एक ओर जहां सत्ता पक्ष में स्वागत किया है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी दलों ने बजट को निराशाजनक करार दिया है।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बोधराम धीमान एडवोकेट ने कहा कि केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में गरीब, मजदूर, किसान व मध्यम वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया है। बजट में आयकर की सीमा 12 लाख रूपये निर्धारित करने से मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी, वही केसीसी पर ऋण की सीमा बढ़ाकर 3 से 5 लाख किए जाने से किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

प्रमुख समाज सेवी डॉ.केपी सिंह ने कहा कि बजट में टीवी, मोबाइल व फ्रिज के दामों में कमी आने से आम आदमी को राहत मिलेगी तथा सीनियर सिटीजन को एफडी कराने पर मिलने वाले ब्याज दर पर टीडीएस को बढ़ाकर को 1 लाख रूपये कर दिया है, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को फायदा होगा। छात्र हिमांशु कुमार का कहना था कि केन्द्र सरकार ने आम बजट में मध्यम वर्ग का ध्यान रखा है, परन्तु युवाओं के रोजगार के लिए अवसर पैदा करने के बारे में कोई ठोस रणनीति नहीं बनायी गयी है। युवा सपा नेता पुष्पेन्द्र चौधरी ने कहा कि आम बजट आशा के अनुरूप नहीं है। केन्द्र सरकार ने बजट में किसानों की एमएसपी के संबंध में कोई प्राविधान नहीं किया है, जिससे साबित होता है कि आम बजट में पूंजीपतियों का ही ध्यान रखा गया है।

उधर, सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व वरिष्ठ महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने केन्द्रीय बजट को व्यापारियों के लिए राहत प्रदान करने वाला बजट बताते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो सालाना 12 लाख रुपये तक कमाने वालों को अब कोई भी इन्कम टैक्स नहीं देने की घोषणा की गयी है, वह सराहनीय कदम है। अब 12 लाख तक कोई टैक्स नहीं देना होगा। इस मौके पर महामंत्री पुनीत चौहान, कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी, प्रदेश संगठन मंत्री अशोक छाबडा, आर.के मल्होत्रा, राजकुमार विज, दीपक खेड़ा, अनुभव शर्मा, कुबेर नरूला, विनित चौहान, देवेन्द्र सिंह चडढा, संजय भसीन, नीरज जैन, सूरज ठक्कर, मदन लाम्बा, राजीव मदान, मुकेश धनगर आदि ने आम बजट पर हर्ष जताया।

## प्रतिबंधित चाइनीज मांझे समेत दो दुकानदार दबोचे

**सहारनपुर।** थाना मण्डी पुलिस ने प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा बेचने वाले 02 दुकानदारों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशानदेही पर 350 चरखी चाइनीज मांझा बरामद कर लिया तथा आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि मण्डी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, खाताखेड़ी चौकी प्रभारी अतुल कुमार, शहादत चौकी प्रभारी ललित कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर गश्त के दौरान जेवी जैन इंटर कॉलेज खताखेड़ी मार्ग पर प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री करते हुए एक आरोपी गौरव कपूर पुत्र श्याम सुन्दर निवासी पटेल नगर थाना कुतुबशेर को मौके से गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा लोहानी सराय से रिहान पुत्र अतीक अहमद निवासी मेहन्दी सराय थाना मण्डी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों की निशानदेही व कब्जे से 350 चरखी चाइनीज मांझा बरामद कर लिया।

## समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर समयबद्धता से करें निस्तारण: डीएम

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि जनशिकायतों व समस्याओं का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का तत्परता से निदान करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी मनीष बंसल आज तहसील नकुड़ में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुन रहे थे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायत निस्तारण के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए समस्याओं का समयबद्धता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होने आए हुए लोगों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है, उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के साथ-साथ लाभार्थी को संतुष्टी भी मिलनी चाहिए।

# पुलिस मुठभेड़ में गौकश घायल, गौकशी के उपकरण व एक गौवंश बरामद

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना चिलकाना पुलिस ने मुठभेड में गौकशी के मुकदमें में वांछित घायल गौकश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध शस्त्र, गौकशी के उपकरण व 01 जिन्दा गौवंश बरामद करने में सफलता हासिल की है। जबकि उसके दो अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे। थाना चिलकाना प्रभारी कपिल देव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक पीयूष कुमार, संजीव कुमार व नरेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम चोरी मंडी के पास चैकिंग अभियान चलाया। तभी ग्राम चोरी मंडी के खेतो की तरफ से किसी जानवार के रंभाने की आवाज सुनाई दी। प्रभारी निरीक्षक चिलकाना मय फोर्स के साथ लगातार आ रही किसी जानवार के रंभाने की आवाज की दिशा में खेतो की तरफ पहुँचे, तो वहाँ पर एक जिंदा गोवंश पेड़ से बँधा दिखाई दिया। जैसे ही पुलिस टीम गोवंश के नजदीक पहुँची तो गोकशी करने आये व्यक्तियों ने अचानक से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसके दो अन्य साथी खेतो व अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। फरार बदमाशों की तलाश हेतु लगातार कॉम्बिंग की जा रही है। घायल बदमाश की पहचान इकरार पुत्र इकराम निवासी ग्राम दुमझेड़ी थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर के रुप मे हुई है। घायल बदमाश को ईलाज हेतू अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 जिंदा गोवंश, 01 तमंचा 315 बोर, 01 खोखा व 02 जिंदा कारतूस एवं गौकशी के उपरकण बरामद हुए। गिरफ्तार बदामाश के विरुद्ध थाना चिलकाना पर गौकशी, एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट के जैसे गंभीर अपराधों में कुल 11 मुकदमें पंजीकृत है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह और उसके 02 साथी गौकशी का काम करते हैं तथा आवारा गौवंश मिलने पर गौवंश का वध कर काटकर मांस बेच देते हैं। गत् रात्रि में भी उसने और मेरे साथियों ने चौरा मण्डी के जंगलों में एक आवारा सांड को पकडकर जंगल में एकान्त जगह ले जाकर कटान किया था और मांस जगह-जगह पर अपनी पहचान छिपाते हुये बेच दिया था और आज भी हम लोग किसी आवारा गौवंश को ढूंढ़ रहे थे कि यह गाय इसी चकरोड़ पर चरते हुये मिल गयी थी, इसे बांधकर अपने साथ में लिये कुल्हाड़ी व छुरियो से काटकर मारने वाले थे कि आप आ गये और हम लोग अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए अपने पास हथियार रखते हैं और पुलिस से पकडे जाने के डर से उसने व मेरे साथियो ने पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायरिंग और भागने लगे। मेरे दोनो साथी अंधेरे व जंगल का फायद उठाकर भाग गये।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ स्काउट एंड गाइड शिविर का समापन

**स्काउट एंड गाइड ही देश के सच्चे प्रहारी: सुरेश कुमार**
**निस्वार्थ भाव से करना चाहिए समाज व राष्ट्र की सेवा का कार्य: सुरेन्द्र चौहान**



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** पायस एजुकेशनल ग्रुप द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं में आयोजित चार दिवसीय स्काउट एंड गाइड शिविर का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ किया गया। गागलहेड़ी स्थित पीजी पॉयस इंटर कॉलेज में आयोजित समापन समारोह का शुभारंभ थाना प्रभारी सुरेश कुमार, प्रोग्रेसिव स्कुल्स सोसायटी के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र चौहान, प्रबंधक पंकज गर्ग, प्रधानाचार्य मनोज यादव व कोऑर्डिनेटर पारुल सचदेवा ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती जी के सम्मुख दीप प्रज्जवलित किया। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के राज्य सचिव मनोज सिंधी जी ने मुख्य अतिथि को स्काउट एंड गाइड स्कार्फ, वोगेल, कैप और फूल माला पहनाकर स्वागत किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में टैंट प्रतियोगिता में टोली उत्तर प्रदेश को प्रथम स्थान, टोली उत्तराखंड को द्वितीय स्थान, टोली असम को तृतीय स्थान मिला। सभी टोलियों द्वारा देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति विरासत का प्रस्तुतिकरण समापन समारोह में किया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार के व्यंजन, पोशाक, गीत, संगीत सभी राज्यों के विशेष नृत्यों की प्रस्तुति पेश की गई। समारोह को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने स्काउट एंड गाइड्स कैडेट्स को जीवन में अनुशासन एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ाने की सीख दी। वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र चौहान ने कहा कि स्काउट एवं गाइड को निस्वार्थ भाव से समाज व राष्ट्र की सेवा का कार्य करना चाहिए। प्रबंधक पंकज गर्ग ने कहा कि स्काउट गाइड शिविर में छात्र छात्राओं ने जो ज्ञान व प्रशिक्षण अर्जित किया है, वो निश्चित ही जीवन में उनके काम आएगा। इस अवसर पर छवि, स्वाति, सारिका शर्मा, फरीन, ईशानी, नंदिनी, मानसी, बबली यादव, मीनाक्षी त्यागी, रिंकी गुप्ता, कुलदीप कुमार, दीपक, समद, रोहन यादव उपस्थित रहे।

## पाँवधोई व ढमोला नदी का होगा जीर्णोद्धार

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के विशेष प्रयासों से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की तीन सदस्यीय टीम सहारनपुर नगर क्षेत्र में प्रवाहित पाँवधोई व ढमोला नदी के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्यो के सर्वे के लिए आगामी 03 व 04 फरवरी को सहारनपुर में सर्वे एवं प्रोजेक्टर रिपोर्ट तैयार करेगी। मनीष बंसल ने बताया कि यह टीम जनपद के संबंधित अधिकारियों के साथ दोनों नदियों का भ्रमण करके सर्वे और प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करेगी। टीम के जनपद प्रवास के दौरान स्वयं उपस्थित रहकर सर्वे कराने व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने के लिए अपर नगर आयुक्त मृत्युंजय, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड राम बाबू, महाप्रबन्धक जल-कल नगर पुरूषोत्तम, अधिशासी अभियन्ता निर्माण नगर निगम आलोक श्रीवास्तव, परियोजना प्रबन्धक यूनिट 9, कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज उत्तर प्रदेश जल निगम रवि प्रताप सिंह एवं परियोजना प्रबन्धक नमामि गंगे इकाई एसटीपी कैम्पस शाहवली मुजफ्फरनगर संजीत कटियार अधिकारी नामित किए गये है।

# सम्पत्ति का विवरण दर्ज न करने वाले कार्मिकों का वेतन रोकने के दिए निर्देश

- मानव सम्पदा पोर्टल पर 31 जनवरी तक दर्ज किया जाना था सम्पत्ति का विवरण

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त अटल कुमार राय ने मानव सम्पदा पोर्टल पर अपनी चल-अचल सम्पत्ति का विवरण प्रस्तुत नहीं करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों का वेतन आहरित न करने के निर्देश जारी किए है। मण्डलायुक्त अटल कुमार राय ने बताया कि जनपदों से प्राप्त प्रगति के अवलोकन से स्पष्ट हुआ है कि जनपदों में अभी भी ऐसे अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी है, जिनका चल-अचल सम्पत्ति का विवरण अपलोड नहीं किया गया है। यह स्थिति संतोषजनक नहीं है तथा जनपद में शासन एवं राजस्व परिषद द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है।

अटल कुमार राय ने बताया कि तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि शासन के निर्देशों के अनुसार समस्त सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा मानव सम्पदा पोर्टल पर पंजीकृत राज्याधीन स्वायत्तशासी संस्थाओं, निगमों, उपक्रमों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विगत् 31 जनवरी तक मानव सम्पदा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कराने का कष्ट करें। यदि किसी अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा शासनादेश के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जाएगा तो ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का माह फरवरी 2025 का वेतन आहरित न करते हुए उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

मण्डलायुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा मानव सम्पदा पोर्टल पर पंजीकृत राज्याधीन स्वायत्तशासी संस्थाओं, निगमों, उपक्रमों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विगत् 31 दिसम्बर 2024 तक अर्जित समस्त चल-अचल सम्पत्ति का विवरण उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के अनुसार 31 जनवरी तक मानव सम्पदा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने सम्बन्धी निर्देश दिये गये थे। समस्त राज्य कार्मिकों का मानव सम्पदा पोर्टल पर चल-अचल सम्पत्ति का विवरण निर्धारित समयावधि में अपलोड कराते हुए ऐसे राज्य कार्मिक जिनके द्वारा चल-अचल सम्पत्ति का विवरण मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है उनका वेतन रोकते हुए विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ करने की अपेक्षा की गयी है।

## बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आगरा।** थाना हरीपर्वत पुलिस द्वारा शुक्रवार को युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 24 जनवरी 2025 को युवती की मां द्वारा थाना हरीपर्वत पर सूचना दी गयी कि दिनांक 22 जनवरी 2025 को वह अपनी पुत्रवधू को डाक्टर के पास ले गयी थी और उसकी की बेटी घर पर अकेली थी। जब वह घर लौटी तो बेटी घर पर नहीं मिली। जानकारी करने पर पता लगा कि कान्हा पुत्र अशोक उसकी की बेटी को बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है। शुक्रवार को थाना हरीपर्वत पुलिस ने प्राप्त सूचना के आधार पर लड़की को बहलाफुसलाकर अपने साथ ले जाने वाले अभियुक्त को टीपी नगर बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया। वही थाना हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा युवती को दिनांक 28.01.2025 को आईएसबीटी बस स्टैण्ड के पास से बरामद किया गया था।

# बिना चिंता कराएं इलाज, पैसा सरकार देगी : मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता



**जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मदद मांगने आए लोगों को सीएम योगी ने दिया भरोसा**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे से लोगों को आश्वस्त किया कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं। उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी।

सीएम योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया कि किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद शनिवार सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी।

## सपा वंचित समाज को उसका हक दिलाने की लड़ाई लड़ रही : इदरीश पटवारी



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** कस्बे के नरकटहा गांधीनगर मे शनिवार को को समाजवादी पार्टी पी डी ए की जन पंचायत चौपाल संपन्न हुई। चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्व नपा अध्यक्ष व सपा जिला उपाध्यक्ष मो इदरीश पटवारी ने कहा कि भाजपा का संविधान को बदलने का सपना समाजवादी पार्टी का पी डी ए पूरा नहीं होने देगा।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी वंचित समाज को उसका हक दिलाने की लड़ाई लड़ रही है। हमारे मुखिया अखिलेश यादव समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान देखना चाहते है। वही भाजपा की सरकार सत्ता पाने के लिए समाज को तोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव गांव और घर घर जाकर पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाए। चौपाल को नगर अध्यक्ष कपिल देव, मुस्तकीम खान, सब्बू खान, पवन कुमार यादव, बुद्धिराम प्रजापति ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महताब आलम सन्नू, मैनू नेता, पवन कुमार यादव, दिल्लू, गोलू मेकरानी, मुन्ना पांडेय, सारिक ख़ान, अलीम सिद्दीकी, अज़हर ख़ान, सालिक राम, निवास यादव, प्रहलाद, साकिर अली, राम निवास, गणेश दत्ता, के सी त्रिपाठी, सरताज अली सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सरकारी विद्यालय में लर्निंग बाई डूइंग कक्ष का बीईओ ने फीता काटकर उद्घाटन किया

### फर्द मुंडेरा संविलयन विद्यालय में अब तकनीकी शिक्षा की होगी पढ़ाई



**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के संविलयन विद्यालय फर्द मुंडेरा में अब तकनीकी शिक्षा की पढ़ाई होगी। इसके लिए शासन द्वारा चयनित विद्यालय में लर्निंग बाई डूइंग तकनीकी कक्ष का खंड शिक्षाधिकारी मोतीचक राजेश कुमार ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर विद्यार्थियों को ज्योमेट्री बॉक्स देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने विद्यालय में रंगोली बनाकर अतिथियों का मन मोह लिया। खंड शिक्षा अधिकारी मोतीचक राजेश कुमार ने कहा कि संविलयन विद्यालय फर्द मुंडेरा को लर्निंग बाई डूइंग की लैब प्राप्त होना विद्यालय के समस्त स्टाफ के लिए बड़े ही गर्व की बात है। उससे भी बड़े गर्व की बात है फर्द मुंडेरा गांव के अभिभावकों के लिए क्योंकि अब उनके नौनिहाल गांव के ही सरकारी स्कूल में व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करेंगे जिससे वे नई-नई तकनीकियों के बारे में जानेंगे। कहा कि मैं जब भी पेरेंट्स मीटिंग में फर्द मुंडेरा आता हूं तो अभिभावकों को इतनी अधिक संख्या में पाकर बन बहुत प्रसन्न हो जाता है। पेरेंट्स मीटिंग प्रभारी प्रधानाध्यापक भगवती प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई तथा रामवीर सिंह सहायक अध्यापक ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर ए आर पी राजेश्वर सिंह, विपिन सिंह, संजय जायसवाल, ग्राम प्रधान श्रीमती पुष्पा देवी, सहायक अध्यापक धनंजय कुमार सिंह, सहायक अध्यापिका काजल सिंह एवं गांव के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

## भारत विकसित राष्ट्र बनने के साथ ही विश्व गुरू बनेगा : निशान्त



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** निशान्त पाण्डेय भाजपा मीडिया प्रभारी जनपद - सिद्धार्थनगर ने कहा केंद्रीय बजट में सम्पूर्ण क्षेत्र और वर्गों के विकास की ऐतिहासिक नींव रखी गई है। इससे भारत विकसित राष्ट्र बनने के साथ ही विश्व गुरू बनेगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में पेश हुआ बजट सब का साथ सबका विकास के संकल्प पर आधारित है।

## विकास से ही विकास की परिभाषा पूरी होती है : कन्हैया



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कन्हैया पासवान जिलाध्यक्ष भाजपा, सिद्धार्थनगर ने कहा केंद्रीय बजट में ऐसा कोई वर्ग नहीं है जिसके लिए ख्याल न रखा गया हो। विकास कार्यों पर बहुत बड़ा फर्क पड़ेगा, इसमें सभी वर्ग शामिल है। जिनके विकास से ही विकास की परिभाषा पूरी होती है। केंद्रीय बजट में औद्योगिक नीतियों को धरातल पर लाने के लिए किए गए बजट के प्रावधान से लोगों के रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए ग्रामीण अंचलों में सड़कों के संजाल पर बड़ी राशि का प्रावधान किया गया है। इससे अनेक रोजगार स्वतः सृजित हो जाएंगे।

## बसंत पंचमी पर अवकाश की मांग

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** शिक्षक संघ ने बसंत पंचमी पर मांगा अवकाश - उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान एवं जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी पर अवकाश की मांग करते हुए कहा कि जिले में बसंत पंचमी के अवसर पर विशाल पतंगोत्सव मनाया जाता है जिसमें बच्चों के साथ बड़े भी बहुत ही हर्षोल्लास के साथ भाग लेते हैं। उन्होंने आक्रोश जताते हुए सोमवती अमावस्या पर भी जिले में अवकाश नहीं हुआ जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में अवकाश रहा। सोमवती अमावस्या पर शिक्षक शिक्षिकाओं को स्कूल आने जाने में भीषण जाम से जूझना पड़ा।

## बजट में जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा में कोई राहत नहीं मिली : सीमा शुक्ला

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** बजट पर मिली जुली प्रतिक्रिया डाकघर व एलआईसी अभिकर्ता सीमा शुक्ला ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा में कोई राहत नहीं मिली जबकि सभी को जीएसटी में छूट की काफी उम्मीदें थीं। रेनू, ज्योत्सना, प्रियंका, प्रीति, ऊषा आदि गृहणियों ने भी बजट को निराशा जनक बताते हुए कहा कि तेल, घी, मसाले और दालें सस्ती नहीं की गई। गरीबों की शादी के लिए सोना, चांदी के गहने लेना सपना बन गया। पेट्रोल, डीजल की कीमतों में भी कमी नहीं की गई जिससे मंहगाई और बढ़ेगी।

## चौरी चौरा पर दुर्लभ दस्तावेजों की प्रदर्शनी तीन को

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** चौरी चौरा की घटना से जुड़े दुर्लभ दस्तावेजों की प्रदर्शनी 3 और 4 फरवरी 2025 को सेंट एंड्रयूज पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, के पुस्तकालय सभागार में आयोजित की जाएगी। इस प्रदर्शनी का आयोजन महुआ डाबर संग्रहालय द्वारा किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 3 फरवरी को सुबह 10 बजे होगा। इसमें चौरी चौरा विद्रोह से जुड़े ऐतिहासिक दस्तावेज, टेलीग्राम, मुक़दमे की फ़ाइल, अखबारों की कटिंग, गजेटियर, दुर्लभ तस्वीरें और अन्य महत्वपूर्ण सामग्रियां प्रदर्शित की जाएंगी। यह प्रदर्शनी इतिहास प्रेमियों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी होगी। महुआ डाबर संग्रहालय के इस आयोजन का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के इस ऐतिहासिक प्रसंग को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और इसके महत्व को रेखांकित करना है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 50 मामले 7 का निस्तारण

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सीआरओ अमित कुमार राठौर ने किया। इस दौरान 50 मामले आए जिसमे 7 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। राजस्व 30,पुलिस 5,विकास 2 अन्य 13,मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। जबकि पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान एसडीएम दीपक कुमार गुप्ता,तहसीलदार राकेश कन्नौजिया,नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया,बीडीओ सत्यम तोमर सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## संगम स्नान से श्रद्धालुओं को लेकर बिहार जा रही पिकअप पलटी, चार घायल



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के कप्तानगंज पिपराइच मार्ग पर गुदरहिया टोले के पास हुई घटना मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को स्वास्थ्य केन्द्र कप्तानगंज भेजवाया। प्राप्त सूचना के मुताबिक स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपराइच कप्तानगंज मार्ग पर शनिवार सुबह लगभग 3 बजे गुदरहिया टोले के पास प्रयागराज कुम्भ मेला से संगम स्नान कर वापस विहार बेतिया लौट रही पिकअप वाहन जिसमें 20 लोग सवार थे। शनिवार को अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के गुदरहिया टोले के समीप अचानक पिकप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें चार लोग घायल हो गए घायलों में भुजा देवी पत्नी छोटक साहनी निवासी जुड़ा पकड़ी थाना रामनगर बेतिया, किसनावती देवी पत्नी विश्वनाथ चौधरी निवासी कैलाश नगर जिला बगहा, नंदलाल चौधरी पुत्र कालीचरण कैलाशनगर बगहा, खेदनी पत्नी सरल साहनी कैलाश नगर बगहा। घटना की सूचना मिलते ही थाने से उपनिरीक्षक गिरजेश कुमार, कांस्टेबल अनिल यादव, गुड्डू राजभर अमित कुमार मौके पर पहुंचकर घायल को त्वरित उपचार के लिए एंबुलेंस के माध्यम से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज भेजवाया। और अन्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल कर घर भेजवाया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गभाना में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील गभाना के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के उपरांत हाफ-डे न मनाएं, बल्कि अपने विभाग के तहसील व ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों को और अधिक प्रभावी बनाए जाने पर बल देते हुए कहा कि अधिकारी जिले के साथ ही तहसील व ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों का भी अच्छे से रखरखाव सुनिश्चित कराएं ताकि स्थानीय लोगों को अनावश्यक रूप से जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान चण्डौस के ग्राम भीमनगर निवासी सुखवीर ने बताया कि उसको आवंटित असंक्रमणीय भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है, इस डीएम ने एसडीएम को जांच कर समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पैराई के वीरेन्द्र प्रताप की शिकायत पर दबंगों से चकमार्ग एवं पोखर की सार्वजनिक भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए एसडीएम को सार्वजनिक भूमि को कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए। करनपुर के सुरेन्द्र सिंह ने विपक्षियों के सरकारी नाली निर्माण रोके जाने की शिकायत की जिस पर डीएम ने एसडीएम एवं बीडीओ को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। इसके साथ ही सम्पूर्ण समाधान दिवस में पेंशन, आवास, विद्युत बिल समेत अन्य शिकायतें प्राप्त हुईं। जिस पर जिलाधिकारी ने शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को संदर्भित करते हुए निर्धारित समयावधि में शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 61 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। इस दौरान राजस्व की 18, पुलिस की 11, विकास खण्ड की 17, नगर पंचायत की 01, विद्युत की 03, पंचायतीराज की 02 शिकायतें प्राप्त हुईं।

## उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में आज विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला उद्योग बन्धु व व्यापार बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें व्यापार बन्धुओं द्वारा उठाई गई समस्याओं का समाधान गुणवत्तापूर्वक करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनपद के औद्योगिक समस्याओं पर विचार-विमर्श के साथ-साथ योजनाओं की भी समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में एक है, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता ना बरती जाय। व्यापारियो की समस्या के निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के निर्देश दिए गए और व्यापारियों एवं उद्यमियों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया। जिलाधिकारी ने सभी ऋण योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए इंडियन और पाइप उद्योगों को विशेष निर्देश दिए।

## विधायक और पालिकाध्यक्ष ने बैंक के अंचल प्रमुख की मौजूदगी में लॉन्च किया पोर्टल

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** नगरपालिका परिषद ने इंडियन बैंक के सहयोग से ऑनलाइन कर संग्रहण पोर्टल का श्रीगणेश किया। विधायक और पालिकाध्यक्ष ने बैंक के अंचल प्रमुख की मौजूदगी में इस पोर्टल का डिजिटल फॉर्म में उद्घाटन किया। विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा, पीएम मोदी के डिजिटल इंडिया के विजन को इस ऑनलाइन कर संग्रहण प्रणाली से मजबूती मिलेगी। कान्हा गोशाला के सामने स्थित नगरपालिका के सद्भाव मंडपम में एक गरिमामय समारोह का आयोजन विधायक मूलचंद्र निरंजन के मुख्य आतिथ्य और पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख संतोष कुमार महाराणा और अग्रणी जिला प्रबंधक जालौन संदीप कुमार सिन्हा के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। अतिथियों ने ऑनलाइन कर संग्रहण पोर्टल का डिजिटल फॉर्म में उद्घाटन किया, बैंक के अंचल प्रमुख महाराणा ने बैंक की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया, अभी तक 12 पोर्टल की शुरुआत कर चुके हैं और जनपद जालौन में कोंच पालिका का पहला पोर्टल शुरू किया जा रहा है। विधायक ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है जिसके तहत बहुत सारे काम किए गए हैं। ऑनलाइन और डिजिटल के मामले में भारत अन्य विकसित देशों के समकक्ष खड़ा है। गांव स्तर पर भी ऑनलाइन और डिजिटल को लेकर लोगों को लाभ मिल रहा है।पालिका की कर संग्रहण प्रणाली को इंडियन बैंक के साथ जोड़ कर पोर्टल की शुरुआत हो रही है। निश्चित रूप से लोगों को इसका समुचित लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बैंक अधिकारियों से कहा, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा जो योजनाएं युवाओं को रोजगार देने के संबंध में चलाई जा रही हैं उनमें ऐसी व्यवस्था बनाएं कि युवाओं को बिना किसी परेशानी के ऋण उपलब्ध हो सके। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि मोदी जी का मकसद भारत को डिजिटल बनाना है और मोदी जी के इस विजन को वैश्विक स्तर पर स्वीकारा जा रहा है।

## बीए की छात्रा का शव सड़क किनारे झाड़ियों में मिलने से सनसनी

**उरई (जालौन)।** लापता बीए की छात्रा का शव तड़के गांव से एक किमी दूर झाड़ियों में मिलने से सनसनी फैल गई है। मामला थाना एट क्षेत्रांतर्गत ग्राम अमीटा का है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारियों सहित फॉरेंसिक और सर्विलांस टीम ने मौके पर पहुंचकर जरूरी जांच पड़ताल की और शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले के मुताबिक ग्राम रूरा कोतवाली उरई निवासी 19 वर्षीय खुशी चौहान पुत्री भगत सिंह एट थाना क्षेत्र के ग्राम अमीटा में अपने फूफा ज्ञानेंद्र सिंह चौहान के यहां पिछले करीब डेढ़ वर्ष से रह रही थी। खुशी आटा थाना क्षेत्र के नसीमपुर स्थित महाविद्यालय से बीए द्वितीय वर्ष की पढाई भी कर रही थी। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों परीक्षा देने के लिए वह नसीमपुर में ही अपनी रिश्तेदारी में ठहरी हुई थी। शाम वह परीक्षा देकर वापस फूफा के घर अमीटा आ रही थी।

## विचाराधीन बन्दी लड्डू उर्फ लड्डन की मृत्यु के प्रकरण की होगी मजिस्ट्रीयल जांच

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन द्वारा वरिष्ठ जेल अधीक्षक के अनुरोध के क्रम में विचाराधीन बन्दी लड्डू उर्फ लड्डन पुत्र महेन्द्र सिंह आयु लगभग 60 वर्ष निवासी ग्राम नगला उदिया थाना दादों जो जिला कारागार में निरुद्ध थे कि मृत्यु के प्रकरण में अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय संजय मिश्रा को जांच अधिकारी नामित किया गया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) अमित कुमार भट्ट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि लड्डू उर्फ लड्डन को 22 नवंबर 2024 को प्रातःकाल लगभग 07:55 बजे अपनी बैरक में अचानक घवराहट, बेचैनी व उल्टी की शिकायत के उपरांत बेहोशी की स्थिति में कारागार चिकित्सालय लाया गया था। जिला कारागार के चिकित्साधिकारी द्वारा बन्दी की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति के दृष्टिगत जीवन रक्षक उपचार उपलब्ध कराते हुए अग्रेतर उपचार के लिए 08:20 बजे जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान 22 नवम्बर 2024 की प्रातः 09:15 बजे मृत्यु हो गई।


## सूचना

सदर्शित करने की सूचना बाबत दिये जाने अनुमति नाबालिगान पुत्रीगण की संपति विक्रय हेतु अंतर्गत हिन्दु माईनरिटी एण्ड गार्जनशिप एक्ट 1956 ! न्यायालय श्रीमान जनपद न्यायाधीश सहारनपुर। प्रकीर्ण वाद सख्या 22 सन 2025 श्रीमती रोतु पत्नी स्व.अनिल निवासी मौहल्ला काजीयान रामपुर मनिहारान परगना तहसील रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर। आवेदिका....(बनाम) 1-सचिन कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी ग्राम टिपरा परगना तहसील रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर। 2-आम जनता.. विपक्षी चूंकि उपरिनामांकित श्रीमती रीतु ने न्यायालय में अन्तर्गत बारा 8 हिन्दु माईनटरी एण्ड गार्जनशिप एक्ट 1956 में आवेदन किया है कि आवेदिका को उनकी नाबालिग पुत्रीगण - यशस्वी उम्र करीब 16 वर्ष पुत्री स्व0 अनिल कुमार 2- वंशिका उम्र करीब 14 वर्ष पुत्री स्वछ अनिल कुमार निवासीगण मौ0 काजीयान रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर की प्रार्थना पत्र में वर्णित प्रश्नगत मिलकियती सम्पत्ति को बेचने की अनुमति / स्वीकृति प्रदान की जाये। अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप दिनांक 21.2.2025 को उक्त आवेदक के खिलाफ संदर्शित करने हेतु 11 बजे दिन में स्वयं या सम्माक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप सजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। 30.1.25 को हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी ज़िला जजी सहारनपुर।**

## सूचना

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है बड़ी जामा मस्जिद दयालपुर समिति, ग्राम दयालपुर पो. व तह. बेहट जिला-सहारनपुर के पंजी. कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य हैः-1. श्री मुस्तकीम सदर 2. श्री महबूब हसन नायब सदर 3. श्री इनामुल्ला सैक्रेटरी 4. श्री नूर हसन नायब सैक्रेटरी 5. श्री साजिद खजांची 6. श्री मासूम अली सदस्य 7. श्री फैजान सदस्य 8. श्री रियासत सदस्य 9. श्री दिलशाद सदस्य 10. श्री मेहरबान सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मस्जिद के पंजीकरण के विरूद्ध कोई भी आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करे।निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मस्जिद के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसा. रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी हुई है।

**आज्ञा से (शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय) सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स,**

## सूचना

जमील अहमद पुत्र अब्दुल मजीद नि. ग्राम जमालपुर थाना जनक पुरी, सहारनपुर ने अपनी पुत्री श्रीमति रूबी पत्नी मो. अहमद पुत्र मो.यामीन व रूबी के पुत्र उम्र लगभग 10 वर्षीय को अपनी कुल चल अचल संपत्ति से दिनांक 28. 4. 2024 को पूर्णतया बे दखल कर रखा है परन्तु विपक्षी मेरी जायदाद हड़पने हेतु धमकियां दे रहे हैं जबकि उनसे मेरा या मेरे परिवार को कुछ भी संबंध नहीं है।


## ओला इलेक्ट्रिक ने अपने एस 1 पोर्टफोलियो को जेन 3 में विकसित किया

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने अपने स1 जेन 3 पोर्टफोलियो का लॉन्च करके इलेक्ट्रिक वाहन की टेक्नोलॉजी को नैक्स्ट लेवल में पहुँचा दिया है। ये इलेक्ट्रिक स्कूटर एडवांस्ड जेन 3 प्लेटफॉर्म पर बने हैं। इस नए पोर्टफोलियो में एस 1 एक्स का मूल्य 79,999 रुपये से शुरू होता है। पोर्टफोलियो का सबसे महंगा सकूटर एस 1 प्रो+ 5.3 1,69,999 रुपये (इंट्रोडक्टरी मूल्य) में मिलेगा।

ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, भाविश अग्रवाल ने कहा हमारे पहले जनरेशन के स्कूटर्स के साथ हमने ग्राहकों को एक एस्पायरेशनल इलेक्ट्रिक स्कूटर पेश किया था, जिसने देश में एक इलेक्ट्रिक स्कूटरों की एक मुहिम छेड़ दी। दूसरी जनरेशन के स्कूटरों को हमने ज्यादा स्मार्ट बनाया और अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया, जिसके साथ हर भारतीय को अलग-अलग मूल्य वर्ग में स्कूटर मिल सके। आज हम जेन 3 पेश कर रहे हैं। इनके साथ इलेक्ट्रिक स्कूटर उद्योग 'नैक्स्ट लेवल' में पहुँच रहा है। जेन 3 के स्कूटर बेजोड़ परफॉर्मेंस और बेहतर एफिशियंसी प्रदान करते हैं, जो नए मानक स्थापित करते हुए एक बार फिर से इस उद्योग में परिवर्तन लेकर आएंगे। जेन 3 प्लेटफॉर्म परफॉर्मेंस, एफिशियंसी, सुरक्षा और विश्वसनीयता को बढ़ाकर अगले लेवल में ले गया है। इस पूरे पोर्टफोलियो में अब एक मिड ड्राईव मोटर और चेन ड्राईव है, जो अनुकूलित परफॉर्मेंस और विश्वसनीयता प्रदान करती है। बेहतर रेंज और एफिशियंसी के लिए इस पोर्टफोलियो में इंटीग्रेटेड एमसीयू (मोटर कंट्रोल यूनिट) है। इसलिए जेन 3 पोर्टफोलियो जेन 2 के मुकाबले 11 प्रतिशत कम खर्च के साथ 20 प्रतिशत ज्यादा पीक पॉवर और 20त्न ज्यादा रेंज प्रदान करता है। जेन 3 प्लेटफॉर्म में इलेक्ट्रिक स्कूटर के लिए श्रेणी का पहला ड्युअल एबीएस (एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम) और पेटेंटेड ब्रेक-बाय-वायर टेक्नोलॉजी पेश की गई है, जो ब्रेक पोज़िशन सेंसर के आधार पर ब्रेक लगाती है, और रिजनरेटिव एवं मैकेनिकल ब्रेकिंग के बीच ब्रेकिंग के प्रकार का डायनामिक मॉड्युलेशन करती है।

## श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट है बजट : सीपी चंद



**गोरखपुर।** केंद्र सरकार का बजट-2025 विकसित और हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट है। ये बात सी पी चंद विधान परिषद सदस्य गोरखपुर-महाराजगंज ने बजट पेश होने के बाद कही। उन्होंने कहा कि बजट साबित करता है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दिल में आम आदमी बसता है, देश के किसान, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग और बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य तक हर क्षेत्र को समाहित करने वाला समावेशी और आम आदमी को राहत देने वाला बजट है,जिसमें सबसे बड़ा काम इनकम टैक्स स्लैब में 12 लाख तक की आय पर इन्कमटैक्स की छूट प्रदान करना व उधम क्षेत्र में एसटी/एससी की महिलायों को सशक्त बनाने के लिये विशेष लोन योजना,निश्चित ही देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला और विकसित भारत की ओर ले जाने वाला बड़ा कदम साबित होगा।

## पूर्व सपा विधायक अजीत कठेरिया के समर्थन में पीडीए पंचायत पट्टी मदारी में संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र कायमगंज की नगर पंचायत कम्पिल के मोहल्ला पट्टी मदारी में पी डी ए की पंचायत पूर्व सभासद संजीव कुमार उर्फ संजू कठेरिया एवं पूर्व प्रधान बबलू कठेरिया व शिव कुमार कठेरिया द्वारा संपन्न कराई गई जिसमें सपा समर्थकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया सभा की अध्यक्षता दफेदार कठेरिया ने की संचालन रिटायर्ड फौजी पूर्व प्रधान व पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह यादव द्वारा किया गया इस मौके पर पूर्व विधायक अजीत कठेरिया राकेश सिंह यादव युवजन सभा के जिलाध्यक्ष प्रधान शिवम यादव समाजवादी पार्टी कायमगंज विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष बिहारी यादव सिंटू यादव गोल्डन यादव का माला पहनकर स्वागत किया गया पूर्व विधायक अजीत कठेरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2027 के चुनाव के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा जो मुझे कायमगंज विधानसभा क्षेत्र में आप लोगों को जोड़ने का कार्य करने का आदेश मिला है इसी उद्देश्य मैंने पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक भाइयों को जोड़ने का काम कर रहा हूं 2027 में भाजपा सरकार की विदाई कर सपा की सरकार बनाना है समाजवादी पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो संविधान बचाने के लिए डबल इंजन की सरकार से हर मोर्चे पर लड़ रही है डबल इंजन की भाजपा सरकार हम लोगों का रोजगार छीन कर अडानी और अंबानी को दे देना चाहते हैं इसी उद्देश्य से सरकारी विभागों को ठेके पर उठाने का कार्य किया जा रहा है जब हम लोगों से काम छिन जाएगा तव हम लोग पूरी तरह के बेरोजगार हो जाएंगे तो पुराने दिनों की तरह हम लोगों को गुलामी करने के लिए भाजपा सरकार धकेल देगी।

# दरिंदो ने पार कर दी हैवानियत की हद

**आंखें फोड़ी**

- युवती के हाथ-पैर तोड़कर, आंखें फोड़ी प्राइवेट पार्ट में डाल दिया डंडा
- घटना को अंजाम देने वालो की सात पुश्तें याद करेंगी-सीओ



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** शनिवार को धर्म नगरी अयोध्या में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां युवती की रेप के बाद बेरहमी से हत्या कर दी गई। उसके शव को नग्न अवस्था में नाले में फेंक दिया। दरिंदों ने लड़की की दर्दनाक तरीके से हत्या की। उसके हाथ-पैर तोड़ दिए, दोनों आंखें फोड़ दी और प्राइवेट पार्ट में डंडा डाला दिया। परिजनों ने बेटी के साथ रेप किए जाने का भी आरोप लगाया है। रुह कपां देने वाला यह मामला अयोध्या कोतवाली के सहनवां गांव का है। बता दे कि हैवानों ने लड़की के साथ दरिंदगी की सारी हदों को पार दिया। उसके शरीर पर ब्लेड से कई वार किए गए।पीड़ित परिवार का कहना है कि उनकी 22 साल की बिटिया 30 जनवरी की रात को भागवत सुनने गई थी। रात करीब 11 बजे तक वो घर पर नहीं आई। परिजनों और गांव के लोगों ने सुबह तक उसकी खोज की, लेकिन वो नहीं मिली। पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। खोजबीन के दौरान खून के निशान और लड़की के कपड़े मिले। परिजनों ने बताया कि पुलिस ने उस जगह की फोटो वीडियो बनाई और चलाई।परिजनों ने बताया कि शनिवार की सुबह उनके घर के लोग फिर से उसको खोजने निकले। इसी बीच उन्हें नाले में लड़की का शव दिखाई दिया। उसके बदन से सारे कपड़े गायब थे और हाथ-पैर बंधे हुए थे। परिजनों ने बताया कि लड़की के शव को बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि उसका हाथ-पैर टूटा हुआ था और आंख फोड़ दी गईं। ब्लेड से उसके चेहरे और शरीर पर कई जगह जख्म के निशान थे। उसके प्राइवेट पार्ट में डंडा डाला गया था।

**हमारी किसी से रंजिश नहीं, किसने की हत्या?**

जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उनसे कहा कि लाश को छूना नहीं और उसके पास भी नहीं जाना। फिर वह बेटी के शव पोस्मार्टम करने के लिए ले गए। पीड़ित परिजनों का कहना है कि उनका किसी से कोई झगड़ा नहीं है। पता नहीं किसने उनकी बेटी की बेरहमी से हत्या की है।

# एनपीएस/यूपीएस के विरोध में काली पट्टी बांधकर शिक्षकों का प्रदर्शन, पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग

*अवधनामा संवाददाता*




**अयोध्या।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद अयोध्या के शिक्षकों ने आज जिले के सभी ब्लॉकों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। यह प्रदर्शन एनपीएस (नए पेंशन स्कीम) और यूपीएस (यूनिवर्सल पेंशन स्कीम) के विरोध में और पुरानी पेंशन योजना (OPS) की बहाली के लिए किया गया।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने कहा, ÷जब तक पुरानी पेंशन योजना को बहाल नहीं किया जाता, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। शिक्षकों और कर्मचारियों को उनके पूरे जीवन की सेवा का पूरा हक मिलना चाहिए, और हम इसे लेकर रहेंगे। सरकार के द्वारा पेश की गई NPS/UPS योजना को हम स्वीकार नहीं करेंगे। एक देश, एक विधान लागू किया जाए।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमा प्रसाद यादव ने सरकार से मांग की कि शिक्षकों और कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए तत्काल पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। जिलामंत्री ने कहा कि ÷पुरानी पेंशन योजना से कम कुछ भी स्वीकार्य नहीं है।÷ जिला उपाध्यक्ष अवधेश यादव ने भी कहा कि पुरानी पेंशन कोई भिक्षा नहीं, बल्कि यह हमारा अधिकार है। जिला संयुक्त मंत्री अलोकेश रंजन ने कहा कि संघर्ष चाहे जितना लंबा हो, हम OPS की बहाली के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। कार्यवाहक कोषाध्यक्ष दंगल सिंह ने इसे शिक्षकों के जीवनभर की सेवा का प्रतिफल बताया। इसी क्रम में आज जिले के सभी ब्लॉकों के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शैक्षिक व्हाट्सएप ग्रुपों पर शिक्षण कार्य करते हुए अपने फोटोग्राफ शेयर किए। जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान में भी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर प्रशिक्षण कार्य किया। सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष और मंत्री भी इस आंदोलन में शामिल थे। ब्लॉक मसौधा के अध्यक्ष अमिताभ सिंह, मंत्री अखिलेश तिवारी, कोषाध्यक्ष बीनू चौधरी, हैरिंगटनगंज के अध्यक्ष रंजित यादव, मंत्री परमेश पांडे, रुदौली के अध्यक्ष अशोक यादव, मंत्री अशोक वर्मा, मवई के अध्यक्ष शशि यादव, मंत्री अजय वर्मा, सोहावल के संयोजक उमाशंकर, राम मूरत राय, सुनील मौर्य, मया राम जी सिंह, राज नारायण सिंह, संदीप सिंह, अवनीश दुबे, मनोज यादव, तारुन के बसंत वर्मा, अनाम सिंह, अंकुर, अमानीगंज के अजय शुक्ल, प्रियव्रत सिंह, उत्तम, मिल्कीपुर के अध्यक्ष चंद्र शेखर सिंह, मंत्री राजेश कुमार, बीकापुर के अध्यक्ष प्रियकांत पांडे, मंत्री द्वारकाधीश गुलाब चंद्र, और कई अन्य नेताओं ने सुबह ही शिक्षकों को काली पट्टी वितरित की।

## नशा मुक्ति गोष्ठी का आयोजन, मोहम्मद असलम ने किया जागरूक

**अयोध्या।** नशा मुक्ति केंद्र श्री भोलानाथ सेवा संस्थान द्वारा नशा मुक्ति गोष्ठी का आयोजन राम नगर चौराहा, चिस्तीपुर गोण्डा अयोध्या रोड स्थित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना था। केंद्र के प्रबंधक मोहम्मद असलम ने अपने संबोधन में कहा कि नशा केवल व्यक्ति की आर्थिक स्थिति को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि समाज में उसकी प्रतिष्ठा और परिवार में भी गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर देता है। नशे के कारण व्यक्ति के जीवन में तनाव और कलह बढ़ता है, और परिवार के रिश्ते टूटने लगते हैं।उन्होंने आगे कहा, ÷समाज में यह देखा जा रहा है कि नशे करने से लोग गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का शिकार हो जाते हैं, जैसे कि फेफड़ों की बीमारियां, गुर्दे और टीबी जैसी घातक बीमारियां उत्पन्न होती हैं। इसके अलावा, नशे से अकाल मृत्यु का खतरा भी बढ़ जाता है।

# बच्चों की प्रथम पाठशाला आंगनबाड़ी केंद्र है: वीना यादव

**मसौली बाराबंकी।** आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अब बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाया जाएगा। इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों को खेल की किट दी जा रही है। इस किट में 20 प्रकार की सामग्री शनिवार को पंचायत भवन त्रिलोकपुर मे 7 आंगनवाड़ी केंद्रो को प्रदान की गयी। ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर स्थित पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन संस्था द्वारा सात आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं को खिलौना किट वितरित किए गए सीडीपीओ वीना यादव ने कहा कि बच्चों की प्रथम पाठशाला आंगनबाड़ी केंद्र है।आप सभी लोग अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र पर भेजें,जहां उनका मानसिक विकास हो। आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी किट वितरण व उसके उपयोग के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को विस्तृत जानकारी दी गई। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रो को जार, डाक्टर किट, किचन सेट, माचिस, टेम्बो जम्बो बिड्स, टमब्लिंग टावर, चम्मच, बटन, स्मार्ट विल्डर्स, ग्राफिंक डिजायनर, फूटबाल, स्टेकिंग रोप्स, फामकट आउट, सलवर पाईप, थ्रेड चैलेन्ज, सेप सालटर, आइसक्रीम स्टीक, ग्लास लैंस, टिमपेपर्स का वितरण किया गया। सुपरवाइजर अंजली वर्मा और दीपा बोरा मैम ने

आंगनबाड़ी केंद्रों के महत्व और बच्चों के विकास पर जोर देते हुए कहा कि खेल सामग्री से बच्चो की शारीरिक विकास, भाषा विकास, बौद्धिक विकास, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास होगा। इससे पूर्व प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सुरेश गुप्ता ने सीडीपीओ बीना यादव को गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया इस दौरान दीपक यादव अजय यादव एव अनुराग मिश्रा सहित आंगनवाड़ी कार्यकत्रि मौजूद रही।

# कसौंधन समाज ने मिल्कीपुर उपचुनाव में किया जनसंपर्क

## खाद्य रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने भी कसौंधन समाज के साथ कुचेरा में किया जनसम्पर्क

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में कसौंधन समाज ने राष्ट्रीय संरक्षक राजेन्द्र गुप्ता व चेयरमैन नगर पंचायत टिकैतनगर जगदीश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों लोगो ने मिल्कीपुर विधानसभा की सीमा बारून बाजार से लेकर इनायत नगर तक जनसम्पर्क किया।कुचेरा बाजार में खाद्य रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने भी कसौंधन समाज के साथ व्यापारियों से जनसम्पर्क कर भाजपा प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा।मऊशिवाला व रानी बाजार में समाज के सैकड़ो साथियों ने राष्ट्रीय संरक्षक व चेयरमैन का स्वागत किया।डोर टू डोर जनसम्पर्क के दौरान कसौंधन समाज के पदाधिकारी योगी सरकार की उपलब्धि जन जन को गिनाकर भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान को भारी मतों से विजयी बनाने की



अपील करते रहे।हनुमान मंदिर बारून बाजार में नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि योगी सरकार ने अयोध्या का चहुमुखी विकास किया है।उन्होंने कहा कि गांव गरीब के लिए सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई है।मिल्कीपुर में भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान के विजयी होने पर मिल्कीपुर में भी विकास की गंगा बहेगी।सभा को संबोधित करते हुए कसौंधन समाज के राष्ट्रीय संरक्षक राजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि योगी जी हिन्दू और हिंदुत्व को बढ़ाने के लिए अनेकानेक काम किये है।सनातनी संस्कृति के पुनरोत्थान के साथ प्रदेश का कायाकल्प योगी जी के नेतृत्व में हुआ है।उन्होंने कसौंधन समाज से अपील किया कि भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान को भारी मतों से विजयी बनाकर प्रदेश की पंचायत में भेजने का काम करें।जनसम्पर्क के दौरान कसौंधन समाज के जिलाध्यक्ष बैजनाथ वैश्य,महामंत्री अरुण कसौंधन,वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय तिरंगा,जिलामंत्री कृष्ण कुमार, गिरधारी लाल कसौंधन, सुशील कसौंधन, भुनेश्वर कसौंधन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सोमेश कसौंधन, जिला महामंत्री युवा प्रकोष्ठ संतोष कसौंधन, मनोज कसौंधन, शुभम गुप्ता, राजनाथ कसौंधन राजू, शिवम गुप्ता प्रिंस, गौरव गुप्ता रवि, ऋषभ कसौंधन, महानगर अध्यक्ष आकाश कसौंधन, भरत कसौंधन, बसन्त कसौंधन, सत्यप्रकाश कसौंधन, सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# बनीकोडर में माध्यमिक विद्यालय में मात्र एक ही शिक्षक के सहारे चल रहा




*अवधनामा संवाददाता*

**सिद्धौर बाराबंकी।** विकास खंड बनीकोडर का पूर्व माध्यमिक विद्यालय जरौली महज एक शिक्षिका के सहारे चल रहा है। शिक्षिका का सारा समय विभागीय कार्यों और बच्चों को शांत कराने में ही गुजर जाता है पढ़ाई कराने का समय ही नहीं मिलता ।ऐसे में बच्चों का भविष्य चौपट होते देख अभिभावक खासे चिंतित हैं। सरकारी स्कूलों में शत प्रतिशत नामांकन कराने को लेकर सरकार नित नए फार्मूले तैयार करती है लेकिन शिक्षकों की कमी से सारे फार्मूले फेल होते नजर आ रहे हैं ।एक ऐसा ही मामला शिक्षा क्षेत्र बनीकोडर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जरौली में देखने को मिल रहा है। शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई लिखाई चौपट हो रही है ।यहां 100 बच्चे पंजीकृत हैं ।इन बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा महज एक शिक्षिका के जिम्मे है ।यहां पूर्णिमा सिंह की तैनाती सहायक अध्यापिका के पद पर है ।उनका सारा समय एमडीएम और अन्य विभागीय कार्यों के साथ साथ बच्चों को शांत कराने में बीत जाता है। शिक्षण कार्य करने का उन्हें समय ही नहीं मिल पाता। ऐसे में बच्चे स्कूल आते हैं और पूरे दिन विद्यालय में ऐसे ही बैठे रहते हैं। अभिभावक उमेश कुमार , विजय , अरविंद और रामकृपाल का कहना है कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते उनके बच्चों का भविष्य चौपट हो रहा है।

# जगन्नाथ सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद के हार गुरैया में स्थित जगन्नाथ सिंह इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर अर्चना वर्मा व कॉलेज के प्रबंधक राजेश कुमार सिंह ने माता सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान स्व. राममूर्ति सिंह वर्मा, पूर्व मंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही दिनेश भारती द्वारा लिखित व ऐश्वर्य कृष्ण मिश्र द्वारा निर्देशित नाटक द ग्रेट राजा मास्टर ड्रामा कंपनी÷ का मंचन किया गया। मंचन में पहली बार मंच पर कार्य कर रहे छात्र छात्राओं ने उपस्थित समस्त दर्शकों का दिल जीत लिया। समस्त दर्शकों ने कलाकारों की खूब प्रशंसा की। इसके अतिरिक्त कॉलेज के मेधावी विद्यार्थियों जिन्होंने प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए उनको अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपने उद्बोधन में महापौर अर्चना वर्मा ने कहा कि प्रत्येक बच्चे की शिक्षा बहुत मायने रखती है किंतु शिक्षा के साथ साथ बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा व अपनी संस्कृति से जोड़ने के लिए कार्यक्रम अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक माता पिता को अपने बच्चे की कलात्मक शिक्षा को भी आगे लाना चाहिए जिससे वो समाज में एक अलग पहचान बना सके। राजेश कुमार ने कहा कि पिता स्वश राममूर्ति सिंह वर्मा ने जिस सपने के साथ जगन्नाथ सिंह इंटर कॉलेज की नींव रखी थी उसे आज बेटा विजय विक्रम सिंह आगे बढ़ा रहा है। जबसे विजय ने इस कॉलेज का नेतृत्व करना शुरू किया है तब से यहां के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। इसके पश्चात कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक दामोदर कुशवाहा ने स्व. राममूर्ति सिंह वर्मा का चित्र जिसे उन्होंने स्वयं अपने हाथों से बनाया था उसे महापौर अर्चना वर्मा व राजेश कुमार को भेंट किया। तदोपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिवा सक्सेना ने किया।


# बच्चों की प्रथम पाठशाला आंगनबाड़ी केंद्र है: वीना यादव



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अब बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाया जाएगा। इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों को खेल की किट दी जा रही है। इस किट में 20 प्रकार की सामग्री शनिवार को पंचायत भवन त्रिलोकपुर मे 7 आंगनवाड़ी केंद्रो को प्रदान की गयी। ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर स्थित पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन संस्था द्वारा सात आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं को खिलौना किट वितरित किए गए सीडीपीओ वीना यादव ने कहा कि बच्चों की प्रथम पाठशाला आंगनबाड़ी केंद्र है।आप सभी लोग अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र पर भेजें,जहां उनका मानसिक विकास हो। आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी किट वितरण व उसके उपयोग के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को विस्तृत जानकारी दी गई। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रो को जार, डाक्टर किट, किचन सेट, माचिस, टेम्बो जम्बो बिड्स, टमब्लिंग टावर, चम्मच, बटन, स्मार्ट विल्डर्स, ग्राफिंक डिजायनर, फूटबाल, स्टेकिंग रोप्स, फामकट आउट, सलवर पाईप, थ्रेड चैलेन्ज, सेप सालटर, आइसक्रीम स्टीक, ग्लास लैंस, टिमपेपर्स का वितरण किया गया।


# छत्त की कुंडी से लटका मिला विवाहिता का शव

**निचलौल (महराजगंज)।** निचलौल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा कुआं रिसती ग्राम सभा में शनिवार की सुबह विवाहिता का शव उसके घर के अंदर छत की कुंडी से दुपट्टा के सहारे लटका मिला। ग्रामीणों के सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक महिला की शादी दो वर्ष पहले हुई थी। महिला को कोई बच्चे नही थे जबकि पति रोजीरोटी के चक्कर मे बाहर रहता है। घर मे सास ससुर मौजूद थे विवाहिता शाम को खाना खाकर अपने कमरे में सोने चली गयी । लेकिन सुबह जब कमरा नही खुला तो घर के लोग जंगले के रास्ते अंदर झांक कर देखा तो अंदर का नजारा देख कर दंग रह गये, कमरे में छत की कुंडी से लटका मिला विवाहिता का शव। मृतक महिला का नाम राजवंती पत्नी लवकुश 30 वर्ष बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष गौरव कुमार कन्नौजिया ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## विवाद में सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**महराजगंज (मिठौरा)।** सिंदुरिया थानाक्षेत्र के रतनपुर निवासी कमलेश जायसवाल ने तहरीर देकर बताया है कि हमारे गांव के निवासी हमारे जमीन में दरवाजा खोल रहे थे विरोध करने पर लोगों ने गाली गलौज करते हुए जान मारने की धमकी देने लगे। वही दूसरी तरफ विश्वनाथपुर पड़वनिया निवासिनी राजकुमारियां देवी ने बताया कि हमारे घर जाने वाले रास्ता जो पक्का है जिसमें मेरे द्वारा पानी निकालने के लिए पाइप लगाया जा रहा था जिसपर गांव के ही तीनों लोगों ने मुझे पटककर मारा-पीटा और गाली व धमकी दे रहे हैं। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा के अनुसार दोनों के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है हैं।

# धारदार हथियार पर गिर जाने से युवक की मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** निचलौल थानाक्षेत्र अंतर्गत कस्बे के आजादनगर मोहल्ले में शनिवार की दोपहर में एक घर में पति पत्नी के बीच हो रहे विवाद में बीच बचाव करने परिजन पहुंच गए। विवाद के दौरान मृतक युवक घर में रखे मछली काटने वाले हशिया (धारदार हथियार) पर गिर गया। हशिया का नोक उसके गले में धंस गया, घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। निचलौल कस्बे के आजादनगर मोहल्ला निवासी गजेन्द्र साहनी (30) पुत्र बृजमोहन और उसकी पत्नी मंशा के बीच दोपहर में किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। घर में शोर गुल सुनकर गजेन्द्र की भाभी शकुंतला और भतीजा किशन छुड़ाने लगे। इस बीच गजेन्द्र अपनी भाभी और भतीजा को हटाने लगा, इस दौरान उसका पैर कहीं फंस गया और वह घर में रखे हाशिया पर गिर गया। धारदार हथियार उसके गले में घुस गया। परिजन आनन फानन में उसे इलाज के लिए निचलौल सीएचसी पहुंचाए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ गौरव कन्नौजिया ने बताया कि आजादनगर मोहल्ला में पति पत्नी के बीच हो रहे विवाद में बीच बचाव के दौरान पति गंभीर रूप से घायल हो गया, इलाज के दौरान उसकी मौत हुई है।

शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक युवक की दो बच्चियां हैं एक तीन वर्ष और दूसरी डेढ़ माह की पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है,वही बच्चियों के सिर से पिता का साया उठ जाने से मोहल्ले में मातम का माहौल छाया हुआ है।

# चुनावी ड्यूटी के लिए रवाना हुए होमगार्ड



**महराजगंज।** जनपद से दिल्ली विधानसभा चुनाव ड्यूटी में जाने वाले 120 होमगाड्र्स की ब्रीफिंग करने के उपरांत 3 बसों में बैठाकर डिपो से 1 बजे हरी झंडी दिखाकर दिल्ली प्रदेश हेतु रवाना किया गया। इनकी ड्यूटी साउथ ईस्ट दिल्ली, सरिता विहार में लगाई जाएगी। ये होमगार्ड जवान 5 फरवरी को होनेवाले मतदान को सकुशल संपन्न कराने के बाद 6 फरवरी को वापसी करेंगे। चुनाव ड्यूटी हेतु चुस्त दुरुस्त होमगार्ड को ही भेजा गया है। इस अवसर पर सर्वश्री रजत कुमार सिंह, जिला कमांडेंट के सहायक, वरिष्ठ सहायक राजेश्वर दुबे, सदर कंपनी कमांडर जयराम पटेल, बीओ रामचंद्र केश्वर, पीसी तारकेश्वर मणि त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में 32 मामलों का हुआ निपटारा



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा तहसील नौतनवा सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनशिकायतों की सुनवाई की गयी और आवश्यक निर्देश दिया गया। जिसमें कुल 147 मामले आये, जिनमें उनके द्वारा मौके पर ही 32 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। चकबंदी संबंधी 01 प्रकरण में जिलाधिकारी ने चकबंदी विभाग और राजस्व की संयुक्त टीम गठित कर स्थलीय मुआयना कर शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। अवशेष जनशिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए जिलाधिकारी ने समयांतर्गत शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने तहसीलदार नौतनवां को प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में फीडबैक प्राप्त करने के लिए भी कहा। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, परियोजना निदेशक राम दरश चौधरी, तहसीलदार नौतनवां कर्ण सिंह व अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अवधनामा



## बजट से कर्मचारी मायूस हुए है : सुजीत जायसवाल



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सुजीत जायसवाल, जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने कहा राज्य कर्मचारियों की उम्मीद के अनुसार बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर कोई सकारात्मक घोषणा नहीं हुई। बजट से कर्मचारी मायूस हुए हैं।

## मौलाना नज़र मोहम्मद ज़ैनबी की कयादत मे मौला हुसैन की ज़ियारत को कारवाँ पहुंचा कर्बला



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** शहनशाहे कर्बला हज़रत इमाम हुसैन अस की विलादत के पुरमसर्रत मौके पर मौलाना नज़र मोहम्मद ज़ैनबी की कायदत मे मौला हुसैन अस की ज़ियारत के लिये एक कारवाँ कर्बला की सरज़मी पहुंचा जहाँ लोगों ने मौला हुसैन की ज़री मुबारक की ज़ियारत कर दोआ मांगी कारवाँ के मुखिया जनाब ज़ैनबी साहब ने बताया की हमारा कारवाँ विगत 27 जनवरी को बगदाद पहुंचा जहाँ लोगों को काज़मैन सामरा सातवें इमाम की ज़ियारत करवाई गयी उसके बाद वहाँ से सभी ज़ायरीन मौला ए क़ायनात की ज़री की ज़ियारत के लिये नजफ़ अशरफ़ के लिये गये और वहीं सभी ज़ायरीनो को क़याम करवाते हुए मस्जिदे कूफ़ा मस्जिद सेहला हन्नाना मुस्लिम बिन अकील के रौज़ ए की ज़ियारत करवाई गयी अब सभी ज़ायरीन कर्बला मे क़याम कर महफ़िल जश्ने सबरो रज़ा मे शिरकत करेंगे फिर यहाँ से ईरान मे विभिन्न रौज़ए की ज़ियारत करवाते हुए 18 फ़रवरी को पुनः इण्डिया के लिये रवाना होंगे।

## रामसेवक त्रिपाठी क्रिकेट टूर्नामेंट में हाजीपुर का रहा दबदबा, फ़ाइनल जीता



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नरेंद्रदेव इंटर कॉलेज जलालपुर के मैदान में पंडित रामसेवक त्रिपाठी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जिला मंत्री पंकज वर्मा के संयोजन में शनिवार को खेला गया। इसमें हाजीपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच जीत लिया। बाद में विजेता टीम 11000 और उपविजेता टीम 5100 रुपया व ट्राफी देकर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हाजीपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 112 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नरेंद्र देव की टीम ने 12 ओवरों खेलते हुए ऑल आउट होकर मात्र 104 रन मात्र बना पाई। टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।फाइनल मुकाबला हाजीपुर जीत गई। इससे पहले स्वर्गीय पंडित रामसेवक त्रिपाठी के चित्र पर अयोध्या जिला प्रभारी डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता, वरिष्ठ नेता संजीव मिश्र मौजूद रहे।

## हज़रत इमाम हुसैन अस के जन्मदिन पर विविध कार्यक्रमो का होगा आयोजन

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** इस्लाम धर्म के आखरी पैगम्बर



हज़रत मुहम्मद साहब के छोटे नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का जन्म दिन 02 फरवरी को नगर व क्षेत्र में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। उक्त अवसर पर मस्जिदों व इमाम बाड़ों में महफ़िल व नज़र नियाज़ का आयोजन धार्मिक संगठनों व अंजुमनो द्वारा किया गया। हुसैनी मिशन द्वारा आयोजित जश्न खामिस -ए-आले इबा कार्यक्रम स्थल को रंग बिरंगी झालरों व गुब्बारो से सजाया गया।नगर के मोहल्ला जाफराबाद स्थित छोटे इमाम बाड़ा व बड़ा इमामबाड़ा में भव्य सजावट की गई। हुसैनी इमामबाड़ा परिसर में हुसैनी मिशन के तत्वावधान में जश्न आफताब -ए-इंसानियत में उलमा-ए-कराम हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालेंगे। तीन शाबान(1 फरवरी)की पूर्व संध्या पर मौलाना गजनफर अब्बास तूसी,2 फरवरी को प्रातः10 बजे मौलाना सैयद कमर सुल्तान रिजवी दिल्ली व शाम को 4 बजे मौलाना शाहिद हसन रिजवी मुम्बई तकरीर करेंगे। वहीं 2फरवरी की रात्रि में मौलाना शाहिद हसन रिजवी हज़रत अबुल फजलिलअब्बास के व्यक्तित्व पर रोशनी डालेंगे।

## पान की गुमटी में अवैध रूप से हो रही गांजे की बिक्री

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जलालपुर थाना क्षेत्र के मरहरा चौराहे पर समिति के ठीक बगल बिना लाइसेंस के पुलिस की मिली भगत से अवैध रूप से गांजे की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह गुमटी औराडाड़ मरहरा निवासी राजबहादुर यादव की है। जो बेख़ौफ़ होकर धड़ल्ले से बिना किसी डर के गांजे की बिक्री कर रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी पुलिस को नहीं है। सब कुछ जानते हुए भी पुलिस मौन रहती है, क्योंकि उन्हें चढ़ावा मिलता रहता है और चढ़ावे के बदले में राजबहादुर यादव पुलिस के संरक्षण में है और पुलिसिया संरक्षण में बेख़ौफ़ अवैध गांजे की बिक्री कर रहा है।

## महाकुंभ स्नान के चलते पुलिस प्रशासन अलर्ट

**कन्नौज अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में



टीएसआई अरशद अली द्वारा गुरसहाय गंज से कन्नौज के मध्य मिर्गावां, जसोदा, टोल प्लाजा आदि स्थानों पर रोड के किनारे होटल ढाबों पर खड़े भारी वाहन को हटवाया गया। टीएसआई अरशद ने बताया कि महाकुंभ स्नान के चलते अत्यधिक संख्या में पर्यटकों, श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। इस तरह से बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण दुर्घटनाएं अधिक होने की संभावना रहती है जिस कारण वाहन चालकों को हिदायत की गई कि कभी भी सड़क किनारे अपने वाहन न खड़ा न करे।टीएसआई द्वारा आमजन को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। और आम जन को बताया गया कि स्वयं यातायात नियमों को जाने और दूसरों को भी समझाने का प्रयास करे ताकि लोग नियमों को सीख सके और समाज को जागरूक करे। चेकिंग के दौरान बिना फिटनेस, बिना हेलमेट, नो पार्किंग आदि नियमो का उल्लंघन करने वाले 20 वाहनों का चालान किया गया। इस टीम में विजय बाबू, नवदीप कुमार आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## डीएम व एसपी ने अनोगी जेल का किया निरीक्षण

**कन्नौज अवधनामा संवाददाता।** जिला कारागार में दोपहर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार के सभी अहातों की बैरकों में निरूद्ध बंदियो (पुरूष व महिला) से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में पूछताॅछ की बैरकों की तलाशी करायी गयी अधिकारियों द्वारा बंदियों से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध भोजन, पानी, रहने व किसी के द्वारा उत्पीड़न किये जाने, वकील न मिलने, मुलाकात तथा उपचार आदि से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी की भोजन की गुणवत्ता देखी ।निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों विशेष रूप से सी0सी0टी0वी0 कैमरें की क्रियाशीलता को देखा गया। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान डाक्टर से कहा बीमार कैदियों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। कारागार में निरूद्ध वृद्ध व अशक्त कैदियों पर विशेष निगरानी रखे। इस दौरान जेल अधीक्षक मो0 अकरम खाॅ, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल रामबहाल दुवे, उपकारापाल उर्मिला सिंह, डा0 इफराक हुसैन, पंकज कटियार आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** जनसमस्याओं के निराकरण हेतु संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सभी तहसीलों में किया गया। तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।

संपूर्ण समाधान दिवस में जो भी शिकायत आए उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यालय प्रत्येक दिन समय से खुले। कार्यालय में जो भी लाभार्थी/नागरिक आए उनसे अच्छा



व्यवहार किया जाए। उनके लिए पीने के लिए पानी तथा बैठने की व्यवस्था किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि भूमि विवाद सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से यथा संभव मौके पर जाकर एवं उभय पक्षों की उपस्थिति में प्रकरण का निस्तारण किया जाए जिससे फरियादियों को भटकना न पड़े और प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सार्वजनिक जमीनों पर भूमियों/संपत्तियों, चकमर्गों , खलिहान पर अवैध अतिक्रमण करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

समस्त नगर निकायों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने और सरकार के मंशानुसार प्रत्येक जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस से पूर्व जिलाधिकारी द्वारा नवीनीकृत तहसील टांडा के सभागार का फीता काट कर लोकार्पण किया गया। तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 84 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 16 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 68 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि प्रार्थना पत्रों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

## गाइड एवं रेंजर के तीन दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आयोजन



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** बनकटी स्थित सम्राट अशोक प्रभा वंश बालिका इंटर कॉलेज एवं चंद्रगुप्त मौर्य प्रभाव वंश महिला महाविद्यालय में तीन दिवसीय गाइड एवं रेंजर के तीन दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के ट्रेनर के रूप में प्रताप शंकर पांडे जिला संगठन कमिश्नर स्काउट व आदर्श मिश्रा ,विजय कश्यप उपस्थित रहे। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र प्रसाद चौधरी ग्राम प्रधान देवमी व राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मोहम्मद इकबाल एवं दिलीप चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। महाविद्यालय संस्थापक वंशराज मौर्य ( राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक ) तथा महाविद्यालय प्रबंधक डॉक्टर अनिल कुमार मौर्य व प्रबंध निदेशिका श्रीमती नीलम मौर्य ने आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर अनीता मौर्या ने कहा कि इस कैंप से गाइड और रेंजर के अंदर सदभावना का विकास होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रशाशिका श्रीमती सरोज मौर्य, कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती श्रृंखला पाल व श्रीमती ज्योति पाल तथा महाविद्यालय परिवार के शिक्षक, शिक्षिकाएं व अन्य कर्मचारियों का योगदान रहा। गाइड व रेंजर द्वारा किए गए टेंट निर्माण व भोजन बनाने की कला को सभी ने सराहा तथा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से लोग अभीभूत हुए।

## 63 मामले में पांच मामले का हुआ निस्तारण



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** साहब अपर तहसीलदार न्यायिक के बेदखली के आदेश के बाद भी गड़ही व कब्रिस्तान की सार्वजनिक भूमि से अवैध कब्जा नहीं हट रहा है। यह फरियाद विकास खंड बांसी के पटखौली गांव की महिलाओं के साथ आए ग्राम प्रधान फिरोज खान ने किया। संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील सभागार में मौजूद जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर से फरियाद करते हुए ऊषा, सुशील, जुगरा, प्रभावती, राजरानी, वेद प्रकाश पांडेय, चिनकी आदि ने कहा कि गांव की दो गड़ही और कब्रिस्तान की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। जिसपर से अवैध कब्जा हटाने का आदेश होने के बाद भी कब्जा नहीं हटाया जा रहा है। इसके बाद एक एक करके कुल 63 लोगों ने फरियाद किया जिसमें पांच मामले का निस्तारण मौके पर हुआ। इस अवसर पर विधायक जय प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन, एस डी एम शशांक शेखर राय, डी एफ ओ, पुष्प कुमार,पी डी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मो. मुजम्मिल, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, नहर विभाग से त्रिभुवन राम, तहसीलदार बांसी पीयूष श्रीवास्तव , कोतवाल रामकृपाल शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## पंचायत भवन से चोरों ने हज़ारो का सामान किया पार

**हजपुरा अंबेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सलाहुद्दीनपुर पंचायत भवन में बीती रात चोरों ने भवन का ताला तोड़कर हजारों का सामान पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की, लेकिन चोरों का कोई पता नहीं लग सका। सलाहुद्दीनपुर गांव के मजरे चकिया में शुक्रवार की देर रात चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर कई हजारों का सामान पार कर दिया। ग्राम प्रधान ग्रीश चन्द्र ने बताया कि शनिवार को सुबह 10 बजे पंचायत सहायक मुंदर पंचायत भवन पहुंचे तो देखा ऑफिस का ताला टूटा था, और सारा सामान इधर उधर बिखरा पड़ा था, जिसे देखकर वह सन्न रह गए। उन्होंने बताया कि चोर पंचायत भवन में रखा इनवर्टर, 2 बैटरा और प्रिंटर मशीन उठा ले गए और जाते - जाते कंप्यूटर डेस्कटॉप भी तोड़ दिया। सम्मनपुर प्रभारी निरीक्षक जेपी सिंह यादव ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच पड़ताल की जा रही है, जांचोपरांत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## प्यार से कुम्भ नहाकर आओ ओडीओपी प्रदर्शनी में बही काव्य रस धारा



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में अवध शिल्प ग्राम सेक्टर- 9, अमर शहीद पथ, अवध विहार, लखनऊ में चल रहे ओडीओपी प्रदर्शनी की बारहवीं सांस्कृतिक संध्या में बही काव्य रस धारा से श्रोता तर-बतर हुए। बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर आयोजित कवि सम्मेलन का शुभारंभ डॉ. शरद पाण्डेय शशांक ने माता सरस्वती पर अपने धारा प्रवाह छंदो का पाठ करते हुए कहा वाणी में हमारी ओज भर दो मां वीणापाणि। अरविन्द सक्सेना के मंच संचालन में डॉ. शरद पाण्डेय शशांक ने आगे सुनाया -पावन संगम की महिमा, गरिमा मय और बनाकर आओ, हिन्द के हिन्दू बनो रसखान, समान सनेह दिखाकर आओ, क्लेश न देश में रंच रहे, उर का सब द्वेष मिटाकर आओ, जाकर के हरि के गुण गाकर, प्यार से कुम्भ नहाकर आओ। अगले क्रम में मनमोहन बाराकोटी ने कहा- मेरे सभी अरमान, आज भंग हो गये, अपनों के आघात देख, दंग हो गये, हमको नहीं पता था, विश्वासघातों का - अपने क्रिया-कलाप से, बदरंग हो गये। गोबर गणेश की यह पंक्तियां खूब सराही गई, उन्होंने सुनाया- जब तक मैंने लोगों की चापलूसी किया। बहुत से लोगों ने मेरे हां मैं हां मिलाया, जब से मैंने चापलूसी करना छोड़ दिया, बहुत से लोगों ने मेरा साथ ही छोड़ दिया। इस अवसर पर निशा सिंह नवल ने अपनी ग़ज़ल - आओ हर लम्हे को जी ले मुस्कुराकर दोस्तों, क्या ख़याल-ए-मौत करना ज़िन्दगी होते हुए को सुनाकर सभी को आनंदित किया। इसके अलावा आशुतोष आशु, अरविन्द रस्तोगी सहित अन्य कवियों ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को आह्लादित किया।

## डीएम के आदेश का नहीं है असर मरीजों का हो रहा शोषण

**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** शासन के स्पष्ट निर्देश के बावजूद सरकारी अस्पतालों की स्थिति सुधरने का नाम नही ले रही है। यह स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन बाजार के परिसर में देखने को मिलेगा। जिलाधिकारी डाश्र राजा गणपति आर द्वारा जिले के समस्त सीएचसी एवं पीएचसी के डॉक्टर को बाहर से दवा न लिखने को कहा गया है, लेकिन जिलाधिकारी के आदेश का भी कोई असर नही दिखाई दे रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोटन पर आने वाले मरीजों को यहा आने से डर लगने लगा है। कुछ मरीजों ने नाम न छपने के शर्त पर बताया कि कुछ मेडिकल स्टोर व लैब के लोग यहां मौजूद रह रहे है जो डाक्टरों से कमीशन देकर जबरन खून की जांच व बाहर की दवा लिखवाते हैं। तीन सौ चार सौ तक देना पड़ता है। क्षेत्रीय चर्चाओं को माने तो लोगों का कहना है की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोटन के जिम्मेदारों की मिली भगत से यह सब चल रहा है। जो पैथालॉजी के लोगों बैठे रहते है और सेम्पल निकाल कर ले जाते है। कुछ जानकारों का कहना है कि अगर अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कराई जाए तो उसी से पता चल जाएगा की पैथालॉजी व मेडिकल स्टोर के लोगों बैठ कर दवा लिखवाते है या नही। पैथालॉजी और जो बाहर की दवा लिखी जा रही है उसकी शिकायत विशुनपुर निवासी ईरशाद अहमद खान ने आई जी आर एस के माध्यम से उच्च अधिकारियों को शिकायत किया था लेकिन 6 माह गुजर जाने के बाद भी अभी तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है उन्होंने कहा की आगर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो कुछ लोगों को लेकर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।इस सम्बन्ध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन परिसर मे पहुंच कर देखा तो अधीक्षक मौजूद नही मिले तो अधीक्षक अमित कुमार चौधरी से फोन पर 10 बजकर 40 मिनट बात करना चाहे तो फोन बजता रहा लेकिन फोन नही उठा।

## संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**बस्ती।** जनता की समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण संभव हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में भानपुर तहसील के सभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने समस्याओं को बहुत ही गंभीरता के साथ सुनने के उपरांत मौके पर ही उनका निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है, इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि भूमि विवाद सम्बंधित जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित समस्त जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनपद के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

## सीएमओ ने लोटन के बीसीपीएम को दिया प्रशस्ति पत्र



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थय केंद्र लोटन मे तैनात ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक रमाकांत चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को एवं आशा योजना मे अच्छा प्रदर्शन कर जिले मे पहला स्थान प्राप्त किया है। उनके अच्छे कार्य को देखते हुए चल रहे कपिलवस्तु महोत्सव के दौरान शनिवार को जिलाधिकारी डा.राजागणपति आर व सीएमओ डा.आरके चौरसिया द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

## नशीली दवा के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के नेपाल सीमा के सटे धरमौली नहर पुल के पास एक ब्यक्ति के पास से शुक्रवार को देर शाम को भारी मात्रा में नशीली गोली बरामद हुवा है। आरोपित का नाम नीरज सिंह पुत्र अनिल सिंह ग्राम खड़खोडा थाना- बृजमनगंज जिला महराजगंज का निवासी है।यस यस बी व पुलिस मैं साथियों के साथ गस्त पर थे कि मुखबिर द्वारा सूचना मिला कि लोटन बाजार के तरफ से एक व्यक्ति नेपाल में अवैध रूप से नशे की गोली सप्लाई करने जा रहा है। संग्यान में लेते हुए फौरन हरिवंशपुर चौकी प्रभारी अनिरुद्ध सिंह व यस यस बी के जवानों ने नेपाल जाने वाले रास्ते पर नाका बन्दी कर पकड़ लिया। पकड़े गये ब्यक्ति नीरज से पूछताछ करने लगे तो गत्ते पर लिखे जाने के हिसाब से कहने लगा कि यह नशे की गोली नही है। पुलिस द्वारा दबाव बनाने के बाद कबूल किया कि हां यह स्पासमो प्राक्सी दवा है। पुलिस ने मौके से से स्पासमो प्राक्सी टी एम की 15840 गोलियां बरामद की। बरामद होने के बाद पुलिस ने धारा स्वापक औषधि मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा लिख कर न्यायालय भेज दिया। मौके पर चौकी हरिवंशपुर अनिरूद्ध सिंह उप निरीक्षक दिवाकर यादव, शैलेन्द्र यादव यस यस बी के जवान मौजूद रहे।

## कोरोना काल के महंगाई व अन्य भत्ते के भुगतान होना चाहिए : कैलाश मणि



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कैलाश मणि त्रिपाठी जिलामंत्री राज्य कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा, सिद्धार्थ नगर ने कहा बजट में पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा होनी चाहिए थी। कोरोना काल के महंगाई व अन्य भत्ते के भुगतान होना चाहिए। संविदा कर्मियों के लिए भी कोई महत्वपूर्ण घोषणा नहीं हुई है। सरकार के बजट से कर्मचारियों एवं शिक्षकों में निराशा है।

## पुरानी पेंशन बहाली पर हम सब को निराश किया है : प्रियंका सेंगर



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रियंका सेंगर, लेखपाल तहसील नौगढ़, सिद्धार्थनगर ने कहा उम्मीद थी कि इस बार कर्मचारियों के हाथ मे बहुत कुछ न सही कुछ तो आयेगा ही लेकिन हाथ खाली रह गया। पुरानी पेंशन बहाली पर हम सब को निराश किया है। कर्मचारी हितों को ध्यान देना चाहिए था।

## बजट कर्मचारी एवं शिक्षक वर्ग को हतास करने वाला है : रामकरन गुप्ता



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** रामकरन गुप्ता, राजस्व निरीक्षक जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा, सिद्धार्थ नगर ने कहा यह बजट कर्मचारी एवं शिक्षक वर्ग को हतास करने वाला है। आज के बजट से कर्मचारियों एवं शिक्षकों में बड़ी निराशा हुई है। कर्मचारी एवं शिक्षक पुरानी पेंशन की आशा कर रहे थे जिसमे सरकार ने कोई सकारात्मक विचार नही किया। कर्मचारियों एवं शिक्षकों को बजट में कुछ नही मिला।

## ट्रक से कुचल कर बाईक सवार युवक की दर्दनाक मौत



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी तहसील गेट के समीप बंद बाडी ट्रक से कुचल कर 32 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के पास से पुलिस को मिले आई कार्ड से ज्ञात हुआ कि मृतक अवनीश सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह बांसी स्थित उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक का कर्मचारी हैं। घटना शनिवार अपरान्ह लगभग 02 बजे की है।मिली जानकारी के अनुसार बस्ती जिले के थाना कप्तान गंज अंतर्गत खुटहना निवासी अवनीश सिंह बांसी रोडवेज से एच एफ डिलेक्स बाईक संख्या यूपी 51 बीडी 4541 के द्वारा बस्ती की ओर जा रहा था। तहसील गेट से थोडा पहले नेपाल से फ्लाई खाली कर बस्ती की ओर जा रहे ट्रक के नीचे आने से घटना स्थल पर ही अवनीश सिंह की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे मयफोर्स पहुंचे बांसी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राकृपाल शुक्ल ने ट्रक व ड्राइवर को पुलिस कस्टडी में ले लिया। इस बावत प्रभारी निरीक्षक राम कृपाल शुक्ल ने कहा कि मृतक के परिजनों को सूचना भेजकर शव पीएम हेतु भेज दिया गया।

## बेटियों को शिक्षा काबिल बनाने के लिए हासिल करनी चाहिए : मौलाना शाहकार हुसैन

**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** लड़कियों की शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए, डुमरियागंज के हल्लौर स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार को जुमा की नमाज के दौरान मौलाना शाहकार

**हल्लौर में इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की बहन जनाबे ज़ैनब स अ की विलादत के मौके पर मना जश्न**

हुसैन ज़ैदी ने कहा कि शिक्षित महिलाएं न केवल एक सुंदर समाज का निर्माण करती हैं, बल्कि पुरुषों को भी अच्छे कार्यों और तरक्की के लिए प्रेरित करती हैं।

अरबी माह शाबान की पहली तारीख को हल्लौर में इमाम हुसैन की बहन जनाबे ज़ैनब के जश्न के रूप में मनाया गया। इस दौरान गांव में जगह-जगह महफिलों का आयोजन हुआ।



लोगों ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर मुबारकबाद दिया। शुक्रवार को आयोजित जश्ने ज़ैनब स अ कार्यक्रम में मौलाना ज़ैदी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षा काबिल बनाने के लिए हासिल करनी चाहिए, डिग्रियों को इकट्ठा करने के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि डिग्रियां केवल कागज पर जगह बनाती हैं, लेकिन काबलियत इतिहास के पन्नों में दर्ज होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षित महिलाएं समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाती हैं और पुरुषों को उनसे प्रतिस्पर्धा के माध्यम से प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि बेटियां समाज का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा पर ध्यान देना आवश्यक है। मौलाना ज़ैदी ने कहा कि जनाबे ज़ैनब स अ का जीवन महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि जनाबे ज़ैनब ने कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षा और ज्ञान का प्रचार किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जनाबे ज़ैनब के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज में अपना योगदान देना चाहिए।

## पेयजल प्रदूषित और सवालिया

यमुना नदी के जहरीले पानी पर दिल्ली चुनाव में वाकई जंग छिड़ी है। इसमें आम आदमी पार्टी (आप), भाजपा ही शामिल नहीं हैं, बल्कि चुनाव आयोग का युद्ध अलग किस्म का है। उसके निशाने पर 'आप' और केजरीवाल हैं। आयोग ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल से पांच और सवाल पूछे थे। केजरीवाल ने यहां तक आरोप लगाया था कि हरियाणा सरकार ने यमुना के पानी में जहर मिलाने की साजिश रची थी। यदि दिल्ली सरकार के इंजीनियरों ने विषाक्त पानी को यथासमय न रोका होता, तो दिल्ली में 'नरसंहार' भी हो सकता था। यह बेहद गंभीर और नाजुक आरोप है, लिहाजा चुनाव आयोग तह तक जाना चाहता है कि जहर कौन-सा था? कब और कैसे यमुना के पानी में मिलाया गया? दिल्ली जल बोर्ड के किन इंजीनियरों ने कहां पानी रोका, नतीजतन दिल्ली 'नरसंहार' से बच गई? यमुना के जहरीले पानी पर यह सियासत 5 फरवरी को थम जाएगी, क्योंकि उस दिन दिल्लीवाले नई विधानसभा के लिए मतदान करेंगे, लेकिन इससे भी अधिक संवेदनशील और मानवीय सवाल देश भर में साफ पेयजल को लेकर है। एनएसएसओ के 79वें राउंड का डाटा है कि देश के करीब 95 फीसदी घरों की पहुंच पेयजल तक जरूर है। नल के जरिए जल, संरक्षित कुओं, नलकूपों और बोतलबंद पानी के तौर पर घरों को पीने का पानी उपलब्ध है, लेकिन कोई भी विभाग, एजेंसी या वितरण-संस्था यह शर्तिया दावा नहीं कर सकती कि उपलब्ध पेयजल बिल्कुल साफ, विषाणु-रहित और पीने योग्य पानी है। बेशक 'नल से जल' अभियान के बाद पानी के रंगों में सुधार आया है, लेकिन अभी बहुत कुछ सवालिया और प्रदूषित है। ग्रामीण भारत के करीब 40 फीसदी घरों में पेयजल का मुख्य स्रोत नल का पानी ही है, जबकि शहरों में यह आंकड़ा करीब 70 फीसदी है। इस पेयजल की स्वच्छता, पीने की योग्यता पर सवाल क्यों उठते रहे हैं? हमारा करीब 70 फीसदी पानी 'प्रदूषित' क्यों है? यह सवाल नीति आयोग के 'संयुक्त जल प्रबंधन सूचकांक' की जून, 2018 में प्रकाशित रपट में सामने आया है।

रपट में यह भी उल्लेख किया गया है कि पानी की गुणवत्ता के संदर्भ में भारत दुनिया के 122 देशों में 120वें स्थान पर है। यह सवालिया के साथ-साथ शर्मनाक स्थिति है। अनुमान है कि 4 करोड़ अपशिष्ट पानी हररोज हमारी नदियों और अन्य जल-स्रोतों में मिलता है। उसमें से एक छोटा-सा हिस्सा ही शोधित किया जाता है। जब शोधन किए गए पानी को पाइपों के जरिए प्रवाहित किया जाता है, तो उस पानी की गुणवत्ता भी दूषित हो जाती है, क्योंकि पानी को पुराने नेटवर्क के जरिए ही प्रवाहित किया जाता है। उस नेटवर्क के समानांतर सीवेज लाइनें होती हैं, लिहाजा पानी के प्रदूषित होने की संभावनाएं सौ फीसदी होती हैं। निष्कर्ष है कि जो पानी नलों के जरिए दिन में कुछ समय के लिए ही छोड़ा जाता है, वह पीने लायक नहीं रह पाता। क्षेत्र और आवासीय कालोनी के मुताबिक भी पानी की गुणवत्ता प्रभावित होती है। 2019 में मुंबई के नल वाले जल को 100 फीसदी सुरक्षित घोषित किया गया था, लेकिन मॉनसून मौसम से पहले ही शहर में जल संबंधी बीमारियां बढ़ने लगीं। हमारे राजनेता और सत्ताएं बिल्कुल परवाह नहीं करतीं। चुनाव कभी भी पानी के मुद्दे पर तय नहीं हुए, शुक्र है कि इस बार दिल्ली चुनाव में यमुना का पानी अचानक सबसे उग्र चुनावी मुद्दा बन गया है। यमुना के पानी को शोधित करने के लिए संयंत्र कार्यरत हैं, लेकिन पानी में अमोनिया अथवा अन्य रसायन की उपस्थिति मात्रा से अधिक होगी, तो संयंत्र भी पानी को पीने लायक नहीं बना सकते। बेशक देश की राजधानी में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सरीखे वीवीआईपी के अलावा न्यायाधीश, सांसद, राजनयिक भी रहते हैं। उन्हें कौनसा पानी सप्लाई किया जाता है, हम नहीं जानते, लेकिन पानी के मुद्दे का सरलीकरण नहीं किया जा सकता। पेयजल राष्ट्रीय समस्या है, लिहाजा उसे उसी स्तर पर, उसी गंभीरता से ग्रहण किया जाना चाहिए। अन्यथा कोई भी महामारी हमारे देश को घेर सकती है।

## एशिया का सर्वश्रेष्ठ पर्यटक गांव धुड़मारास मानसिंह बघेल ने बदल कर रख दी गांव की तस्वीर


सुरेश सिंह वैस

बस्तर के अनजान से अति पिछड़े गांव की तस्वीर अपने बुद्धि कौशल और बाहुबल से बदल कर रख देने वाले शख्स को देखकर यकायक यकीन ही नहीं होगा, कि यह वही व्यक्ति है, जिसने अपने गांव धुरवाडेरा (जो धुड़मारास के नाम से भी जाना जाता है) को आज विश्वभर में प्रसिद्ध कर दिया है। घने जंगलों के बीच बसे हुए मात्र चालीस घरों के छोटे से गांव की सूरत ही बिल्कुल उलट दी गई है। अनजाना सा गांव आत्मनिर्भर और विश्व में अपनी अलग पहचान बना प्रतिष्ठित गांव बन चुका है। जिस शख्स ने इस क्रांतिकारी अलख को जागृत कर गांव वालों को एकजुट किया और गांव की तस्वीर बदलने का प्राण प्राण से प्रयत्न किया, इस शख्स का नाम है मान सिंह बघेल। इन्हें देखकर कोई खास विशेषता नहीं दिखाई देगी। देखने में यह बिल्कुल साधारण ग्रामीण दिखाई देते हैं। साधारण कदकाठी, पतले दुबले सांवले से शख्स हैं। इन्हें देखकर नहीं लगेगा कि यह इस व्यक्ति में कोई खास विशेषता है। जब मुझे बताया गया कि यही वो शख्स है जिसने गांव के लोगों को साथ लेकर अपने गांव धुरवाडेरा को विश्व में प्रसिद्ध कर दिया। इनकी अथक मेहनत का ही परिणाम है कि गरीबी, पिछड़ेपन को दूर करते हुए यह गांव आज आत्मनिर्भर और खुशहाल बन चुका है। मैंने जब मानसिंह बघेल से बातें करना शुरू किया तभी समझ आया कि यह साधारण सी काया वाला व्यक्ति बहुत असाधारण है। इनकी बातें में बड़ी दूरदर्शी और गजब का आत्मविश्वास और दृढ़ता देखने को मिला। इनके द्वारा गांव के विकास के लिए किए गए काम को प्रत्यक्ष देखकर वाकई लगा व्यक्ति साधारण नहीं हो सकता। आज की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य बस्तर संभाग के अति लघु गांव धुड़मारास (धुरवाडेरा) का नाम विश्व पटल पर तेजी से प्रसिद्ध हो चला है। आपको बता दूं कि इस गांव को यूनाइटेड नेशन वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गेनाइजेशन द्वारा एशिया व भारत के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन विलेज के रूप में पुरस्कृत किया गया है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव उन्नयन कार्यक्रम के लिए चुनकर गांव में उन्नयन के कई कार्य किए जा रहे हैं।

पूर्व में यह गांव घोर अभावग्रस्त अतिपिछड़ा एवं गरीबी से त्रस्त गांव था। गांव के लोग रोजी मजदूरी के लिए पलायन को मजबूर हो जाते थे। गांव के निवासी काफी गरीबी और कठिनाइयों में अपना जीवन गुजारा करने को मजबूर थे। इस गांव की एक खासियत है कि यहां के सारे निवासी ही आदिवासी धुरवा जाति के हैं। ये सभी बघेल सरनेम लिखते हैं। ये लोग कृषि और वनोपज के सहारे ही अपना जीवन यापन गरीबी में किया करते थे। उस समय गांव में ना तो कोई स्कूल, अस्पताल और ना कोई मूलभूत सुविधाएं थी, यहां तक की पहुंच मार्ग भी नहीं था। धुरवाडेरा गांव बस्तर संभाग के जगदलपुर जिला मुख्यालय से तकरीबन चालीस किलोमीटर दूर प्रकृति के सुरम्य गोद में स्थित है। यहां पहुंचने के लिए कांगेर घाटी के घने जंगल और घाटियों को पार करना पड़ता है। पूरा रास्ता घने जंगलों और घाटियों से युक्त पूर्ण प्राकृतिक स्वच्छ वायु के साथ बड़ा ही मनोहारी छटाओं से भरपूर आकर्षक परिदृश्य पेश करता है। जिसे देखकर मंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रहा जा सकता। धुरवाडेरा पहुंचने के पूर्व बीच रास्ते में ही विश्व प्रसिद्ध कांगेर घाटी नेशनल पार्क में स्थित तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर जलप्रपात का भी मनोहरी स्थल पड़ता है। तीरथगढ़ के करीब बीस किलोमीटर आगे यह गांव घने जंगल की गोद में कांगेर नदी के तट पर बसा हुआ है। धुड़मारास धुरवाडेरा पहुंचने के लिए वन विभाग की अनुमति( निर्धारित शुल्क के साथ) लेकर ही जाया जा सकता है!

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**यह आश्चर्य का नहीं बल्कि सर्तकता, समयज्ञता एवं जागरूकता विषय है कि राष्ट्रपति भवन को सोनिया गांधी की टिप्पणी पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करनी पड़ी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देनी पड़ी है और कांग्रेस के बयान को न केवल गलत कहा, बल्कि इसे राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला भी बताया। राष्ट्रपति ने हिंदी जो उनकी मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने बहुत ही बेहतरीन एवं प्रभावी भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है।**

# राष्ट्रपति मुर्मू पर बेचारी लेडी का कटाक्ष दुर्भाग्यपूर्ण


ललित गर्ग

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी को भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दलों ने ही नहीं, बल्कि आम लोगों ने भी आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन बताया है। राष्ट्रपति भवन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। यह बयान न केवल गलत है, बल्कि राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। संसद के बजट सत्र के पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी ने जिस तरह एवं जिन शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उस पर विवाद खड़ा हो जाना इसलिये स्वाभाविक है क्योंकि यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण होने के साथ पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से ग्रस्त है। सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क, शालीन एवं शिष्ट रहे। विशेषतः कांग्रेस के नेता अक्सर अपने बोल, बयान एवं भाषा की शिष्टता से चुकते रहे हैं। भारत की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में सबसे प्रतिष्ठित पद राष्ट्रपति का है। लेकिन, सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जिस तरह से राजनीति प्रेरित होकर विचार एवं नीतियों की आलोचना करने की बजाय सीधा राष्ट्रपति पर कटाक्ष किया है, उससे इस पद की गरिमा को गहरा आघात लगा है।

राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को रेखांकित करता है, इसमें राष्ट्रपति की अपनी कोई विशिष्ट विचारधारा नहीं होती, इसलिए विपक्ष चाहे तो नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना कर सकता है, यह उसका अधिकार होता है। वह इस अधिकार का उपयोग करता है और उसे करना भी चाहिए, लेकिन इस लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग राष्ट्रपति के व्यक्तित्व का छिद्रान्वेशन करना कैसे हो सकता है? यह अच्छा नहीं हुआ कि सोनिया गांधी ने अभिभाषण में व्यक्त विचारों के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करने के स्थान पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर ही कटाक्ष एवं तंज कस दिया। उन्हें यह कहने की आवश्यकता नहीं थी कि अभिभाषण के आखिर तक आते-आते राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं। कठिनाई से बोल पा रही थीं। बेचारी महिला। पता नहीं सोनिया गांधी ने यह निष्कर्ष कैसे निकाल लिया और यदि निकाल भी लिया तो उन्हें उसे बेचारी महिला जैसे शब्दों में व्यक्त नहीं करना चाहिए था, यह उनकी राजनीति अशिष्टता, अशालीनता, अहंकार एवं अपरिपक्वता का ही द्योतक है। ऐसा लगता है कांग्रेस एवं उनके शीर्ष नेताओं की चेतना में स्वस्थ समालोचना के बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है। ऐसे अमर्यादित एवं अशोभनीय आलोचना ने राष्ट्रपति पद की अस्मिता एवं अस्तित्व पर सीधा एवं तीखा आक्रमण कर दिया है।

यह आश्चर्य का नहीं बल्कि सर्तकता, समयज्ञता एवं जागरूकता विषय है कि राष्ट्रपति भवन को सोनिया गांधी की टिप्पणी पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करनी पड़ी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देनी पड़ी है और कांग्रेस के बयान को न केवल गलत कहा, बल्कि इसे राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला भी बताया। राष्ट्रपति ने हिंदी जो उनकी मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने बहुत ही बेहतरीन एवं प्रभावी भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है। राष्ट्रपति भवन ने अपने बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने संबोधन के दौरान किसी भी पल थकी नहीं थीं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ संसद को संबोधित किया। विशेष रूप से जब वे हाशिए पर खड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की बात कर रही थीं, तब वे और भी ज्यादा संकल्पित एवं ऊर्जा से भरी हुए थीं। राष्ट्रपति को विश्वास है कि इन वर्गों की आवाज उठाना कभी भी थकावट का कारण नहीं बन सकता, बल्कि यह उनके कर्तव्य का एक अहम हिस्सा है। इसके अलावा, राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं की हिंदी भाषा की समझ पर भी सवाल उठाए।



बयान में कहा गया कि संभवतः ये नेता हिंदी भाषा की लोकोक्तियों और मुहावरों से भली-भांति परिचित नहीं हैं, जिसके कारण उन्होंने राष्ट्रपति के भाषण की गलत व्याख्या कर ली। राष्ट्रपति भवन ने कहा कि ऐसे भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण बयानों से बचा जाना चाहिए, जो न केवल अनावश्यक विवाद खड़ा करते हैं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाते हैं। राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं के बयानों को खराब और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए यह भी कहा कि इस तरह की टिप्पणियां पूरी तरह से अनुचित हैं और इन्हें टाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क रहें। राष्ट्रपति भवन की यह कठोर प्रतिक्रिया कांग्रेस नेताओं के लिये सबक एवं सीख बननी चाहिए।

स्वाभाविक रूप से कांग्रेस नेताओं और खुद प्रियंका गांधी ने सोनिया गांधी का बचाव किया, लेकिन यह समझा जा सके तो बेहतर होता कि उन्हें अपने शब्दों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए थी। ऐसे बयान ने न केवल गैरजिम्मेदाराना एवं विध्वंसात्मक इरादों को ही नहीं, छल-कपट की राजनीति को भी बेनकाब किया है। कांग्रेस न जाने क्यों मानसिक दुर्बलता की शिकार है कि उसे अंधेरे सायों से ही प्यार है। ऐसे राजनीतिक दलों एवं सोनिया गांधी जैसे राजनेताओं की आंखों में किरणें आंज दी जाएं तो भी वे यथार्थ को नहीं देख सकते। क्योंकि उन्हें उजालों के नाम से ही एलर्जी है। तरस आता है सोनिया जैसे राजनेताओं की बुद्धि पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करते हैं, आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव पर सवार होकर राजनीतिक सागर की यात्रा करना चाहते हैं। इसीलिये राष्ट्रपति भवन ने यह सही कहा कि सोनिया गांधी की ओर से जो टिप्पणी की गई, वह सर्वथा टालने योग्य थी। शीर्ष नेताओं को अपनी बात कहते समय पद की गरिमा के साथ अपने शब्द चयन में सावधानी बरतनी चाहिए। उस समय तो और भी जब टिप्पणी राष्ट्रपति के संदर्भ में की जा रही हो। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जिस सामाजिक परिवेश और पृष्ठभूमि से आती हैं, उसे देखते हुए तो और भी संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। समस्या यह है कि सोनिया गांधी हों या राहुल गांधी, वे किसी की आलोचना करते समय शब्दों के सही चयन में प्रायः चूक कर जाते हैं। जब ऐसा होता है तो यही ध्वनित होता है कि गांधी परिवार के सदस्य अहंकार में डूब कर अपनी राजशाही मानसिकता का परित्याग नहीं कर पा रहे हैं।

सोनिया गांधी अपने आपको सक्षम राजनीतिज्ञ मानती होंगी, वे विरोध एवं व्यक्तिगत आलोचना की राजनीति की खिलाड़ी भी स्वयं को साबित करने में जुटी हो, भले ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरोध में सारी हदें लांघी हो, लेकिन भारत की राजनीति केवल विरोध पर जीवंत नहीं रह सकती। राजनीति में समालोचना नितांत अपेक्षित है, समालोचक होना और समालोचना करना बहुत बड़ी बात है।

# आई झूम के बसंत झूमो संग संग में

**बसंत ऋतु ने न केवल प्रकृति को प्रभावित किया, बल्कि साहित्य, काव्य और संगीत को भी नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। कालिदास के 'ऋतुसंहार' में बसंत को अत्यंत ही सुंदर रूप में वर्णित किया गया है। हिंदी और संस्कृत साहित्य में इसे प्रेम और सौंदर्य की ऋतु कहा गया है। सूरदास, तुलसीदास और अन्य अनेक कवियों ने बसंत का चित्रण अपनी कविताओं में किया है। सच पूछो तो बसंत ऋतु कवियों और गीतकारों की चितेरी ऋतु रही है। यह ऋतु प्रेम का भी प्रतीक है।**


बलदेव राज भारतीय

पीली-पीली सरसों फूली, पीली उड़े पतंग,
पीली-पीली उड़े चुनरिया, पीली पगड़ी के संग।

फिल्म उपकार के इस गीत की स्वरलहरियां जब कानों के पर्दे से टकराती हैं तो मन का मयूरा झूमने लगता है। क्या मौसम हैऽ. जब ठंडी हवाओं की गूंज धीमी पड़ने लगती है और सूर्य की किरणें अपनी तपिश से धरती को उष्णता का स्पर्श देने लगती हैं, तब यह संकेत होता है कि प्रकृति नवजीवन का उत्सव मनाने को तैयार है। यह ऋतु जब धरती को नवपल्लवों की हरी चादर से ढंक देती है, जब वृक्षों पर नई कोंपलें निकलती हैं और दिशाएं पीली-पीली सरसों के फूलों से रंगीन हो उठती हैं, आम की डालियों पर मंजरियों की सुगंध बिखरने लगती है। कोयल अपनी कूक से वातावरण को संगीतमय बना देती है, और मंद मंद बहती पुरवाई तन मन को आनंदित कर देती है, तब समझो कि बसंत आ गया है। बसंत न केवल ऋतु है, बल्कि यह सौंदर्य, उल्लास और नई सृजनशीलता का पर्व भी है। यह ऋतु है परिवर्तन की, उमंगों की, जीवन में नई ऊर्जा भरने की। इस ऋतु में पृथ्वी के सभी जीव जंतु भी उत्साह से भर जाते हैं।

बसंत केवल फूलों के खिलने और वातावरण में रंग भरने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानव मन के भीतर नई चेतना, नई आशा और नए विचारों का संचार करता है। यह हमें सिखाता है कि जीवन में परिवर्तन और नवीनता आवश्यक है। यह हमें अपने अंदर की सुस्ती और जड़ता को छोड़कर आगे बढ़ने का संदेश देता है। बसंत हमें बताता है कि जीवन में रसों और रंगों का क्या महत्व है? यदि इस जीवन से रस और रंग को निकाल दिया जाए तो सचमुच यह दुनिया कितनी नीरस और बेरंग लगेगी।



बसंत ऋतु न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक है, बल्कि यह अनेक सांस्कृतिक और धार्मिक पर्वों का वाहक भी है। इस ऋतु में कई महत्वपूर्ण त्योहार मनाए जाते हैं, जो इस मौसम की सुंदरता और उल्लास को और भी बढ़ा देते हैं।बसंत पंचमी, महाशिवरात्रि और होली इस ऋतु के मुख्य त्यौहार हैं। बसंत पंचमी भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख पर्व है, जो न केवल धार्मिक महत्व रखता है बल्कि प्रकृति के सौंदर्य और ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की आराधना का भी पावन अवसर देता है। यह त्योहार माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है और इसे ऋतुराज वसंत के आगमन का सूचक माना जाता है। इस दिन बच्चे पहली बार शिक्षा ग्रहण करते हैं, जिसे %विद्यारंभ संस्कार% कहा जाता है। लोग पीले वस्त्र धारण करते हैं, पतंग उड़ाते हैं और आनंदमय वातावरण का अनुभव करते हैं। लोग मंदिरों, पूजास्थलों पर मां सरस्वती की आराधना करते हैं, भंडारा इत्यादि करते है जिसमें पीले रंग का भोजन वितरित किया जाता है।

बसंत ऋतु ने न केवल प्रकृति को प्रभावित किया, बल्कि साहित्य, काव्य और संगीत को भी नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। कालिदास के 'ऋतुसंहार' में बसंत को अत्यंत ही सुंदर रूप में वर्णित किया गया है। हिंदी और संस्कृत साहित्य में इसे प्रेम और सौंदर्य की ऋतु कहा गया है। सूरदास, तुलसीदास और अन्य अनेक कवियों ने बसंत का चित्रण अपनी कविताओं में किया है। सच पूछे तो बसंत ऋतु कवियों और गीतकारों की चितेरी ऋतु रही है। यह ऋतु प्रेम का भी प्रतीक है। प्रकृति में जब चारों ओर रंग बिखरते हैं, तब मनुष्य का मन भी प्रेम और उमंग से भर उठता है। यह ऋतु प्रकृति की यौवनावस्था का प्रतीक है। कृष्ण और राधा की रासलीला का मुख्य समय भी बसंत ही था। यही कारण है कि इसे प्रेम और सौंदर्य का पर्व भी कहा जाता है। किसानों के लिए बसंत किसी वरदान से कम नहीं होता। इस समय उनकी मेहनत रंग लाने लगती है। फसलें लहलहाने लगती हैं, खेतों में सरसों की पीली चादर बिछ जाती है, गेहूं की बालियां पकने लगती हैं, और किसान की आंखों में नई उम्मीदें झलकने लगती हैं। खेतों में लहलहाती फसलें ऐसे लगती हैं मानों पृथ्वी पर प्रकृति ने सोना बिखेर दिया हो।

आयुर्वेद में बसंत ऋतु को स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी माना गया है। इस समय शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष रूप से हल्के और सुपाच्य भोजन का सेवन करना चाहिए। इस मौसम में ताजे फल, हरी सब्जियां और शहद का सेवन लाभकारी होता है। आयुर्वेद के अनुसार, बसंत में पित्त दोष बढ़ सकता है, इसलिए ठंडे और भारी खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए। इस ऋतु में प्राणायाम, योग और व्यायाम को विशेष रूप से अपनाना चाहिए, जिससे शरीर स्वस्थ और मन प्रसन्न बना रहे।

बसंत केवल बाहरी बदलाव का संकेत नहीं देता, बल्कि यह हमें आंतरिक रूप से भी परिवर्तित करने की प्रेरणा देता है। यह हमें बताता है कि जीवन में बदलाव आवश्यक है। जिस प्रकार ठंड के बाद बसंत आता है, वैसे ही दुख के बाद सुख के दिन भी अवश्य आते हैं। यह हमें सिखाता है कि जीवन में निरंतरता बनी रहनी चाहिए और हमें हमेशा आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। बसंत केवल ऋतु नहीं, बल्कि यह जीवन का उत्सव है। यह हमें आनंद, प्रेम, उल्लास और नवजीवन का संदेश देता है। यह हमें यह सिखाता है कि हर अंधेरी रात के बाद एक सुनहरी सुबह आती है, और हर पतझड़ के बाद एक नया बसंत आता है।

तो आइए, इस बसंत ऋतु में हम भी अपने जीवन में नया रंग भरें, नई सोच अपनाएं और नई उमंग के साथ आगे बढ़ें। यह ऋतु सिर्फ प्रकृति को नहीं, बल्कि हमारे हृदय को भी पुष्पित-पल्लवित करती है। बसंत के इस अद्भुत उपहार को हृदय से स्वीकार करें और इसके सौंदर्य का आनंद लें।

# गुरुकुल संस्कृति की संवाहिका दीदी सुमेधा

**एशियन, एशियार्ड, विश्वकप तथा ओलम्पिक तक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते हुए 600 से अधिक मेडल गुरुकुल की झोली में डाले हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी गौरवान्वित करने वाले कीर्तिमान गढ़े हैं। यहाँ की 74 बालिकाओं ने नेट और 93 बालिकाओं ने जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण कर विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त की है। आईआईटी, मुंबई में भी यहां की बालिकाएं रिसर्च कर रही हैं।**


प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

संस्कृति और संस्कृत की सेवा, संकल्प और समर्पण का जुनून। आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत धारण की प्रतिबद्धता। जीवन को कन्या शिक्षा के प्रति आहूत करने का निर्णय। 1985 में पिताश्री के विवाह प्रस्ताव के एवज में पावन शिक्षा यज्ञ का चुनाव। यह चार दशकीय पुरानी कहानी आचार्या डॉ. सुमेधा की है। शायद आपको विश्वास न आए, लेकिन आप चोटीपुरा के श्रीमद् दयानन्द कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में संकल्प से सिद्धि तक की सुगंध संजीदगी से महसूस कर सकते हैं। पिताश्री महाशय हरगोविंद सिंह ने 1985 में अपनी पुत्री डॉ. सुमेधा के सम्मुख विवाह का प्रस्ताव रखा तो उन्होंने सहर्ष एवम् बेहिचक अपने सपनों के लक्ष्य को पिताश्री को बता दिया। अतंतः पिताश्री ने संस्कृति और संस्कृत की सेवा को विजयी भव का आशीर्वाद दे दिया। 10 बीघा भूमि के जंगल में दो कमरों के संग 06 बालिकाओं के मंगलप्रवेश से 06 मार्च, 1988 को इस गुरुकुल का शंखनाद हो गया। आज यह जंगल मंगलमय है। दीदी सुमेधा के संरक्षण में 20 प्रान्तों की लगभग 1200 बालिकाएँ आवासीय व्यवस्था में विद्याभ्यास और व्रताभ्यास की शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। संस्कृत एवं संस्कृति की रक्षा में संलग्न हैं। चोटीपुरा के इस गुरुकुल में संस्कृत के माध्यम से वेद, दर्शन, उपनिषद् की शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक विषयों का भी ज्ञान कराया जाता है। इस गुरुकुल में अत्यन्त निर्धन परिवार की लगभग 110 बालिकाओं के लिए आवास, भोजन और शिक्षा की व्यवस्था पूर्णतया निःशुल्क प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है, गुरुकुल ने करीब 15 साल पहले तीन अनाथ बहनों को गोद लिया। उच्च शिक्षित किया। इनमें से सबसे बड़ी बहन ने हाल ही में गृहस्थ आश्रम को अपनाया है। दीदी सुमेधा ने गुरुकुल की इस बिटिया का कन्यादान स्वंय किया है। गुरुकुल के संस्कारों की सुगंध के चलते देश की बड़ी-बड़ी संस्कृतविद, आयुर्वेदाचार्य सरीखी हस्तियों का आगमन यहां होता रहता है। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के प्रमुख श्री मोहन भागवत, गृहमंत्री श्री अमित शाह, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, बिहार के राज्यपाल मो. आरिफ खां, योगगुरु बाबा श्री रामदेव, आयुर्वेदाचार्य श्री बालकृष्ण, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा, यूपी के पर्यटन एवम् संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह, पदमश्री साध्वी ऋतंभरा समय-समय पर आतिथ्य स्वीकार करके गुरुकुल का मान बढ़ाते रहते हैं। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की सुपौत्री वरेण्या तो यहां अध्ययनरत है, जबकि आचार्य देवव्रत की बेटी मनीषा भी यहां शिक्षा ग्रहण कर चुकी है। गुरुकुल के नारी सशक्तिकरण के सत्प्रयास के चलते 15 वर्षों में यहाँ की बालिकाओं ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर

बसंत पंचमी पर विशेष



तीरंदाजी और योगासन प्रतियोगिताओं में अनेक उच्च कीर्तिमान स्थापित किए हैं। एशियन, एशियार्ड, विश्वकप तथा ओलम्पिक तक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते हुए 600 से अधिक मेडल गुरुकुल की झोली में डाले हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी गौरवान्वित करने वाले कीर्तिमान गढ़े हैं। यहाँ की 74 बालिकाओं ने नेट और 93 बालिकाओं ने जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण कर विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त की है। आईआईटी, मुंबई में भी यहां की बालिकाएं रिसर्च कर रही हैं। गुरुकुल की सुव्यवस्था एवं उत्तम अनुशासन आपकी कार्यकुशलता का प्रमाण है। आपके त्याग, तप एवं सेवा से प्रभावित होकर अनेक बालिकाओं ने सर्विस को महत्त्व न देकर अपना जीवन दीदी के समान ही अविवाहित रहकर बालिका-शिक्षा को समर्पित कर दिया। 01 जनवरी 1960 में पैदा हुई दीदी सुमेधा ने अपने जन्मग्राम चोटीपुरा में प्राथमिक शिक्षा पूर्ण करने के अनन्तर कन्या गुरुकुल, नरेला- दिल्ली से शास्त्री, व्याकरणाचार्य, वेदाचार्य और इतिहासाचार्य की उच्च शिक्षा प्राप्त की। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार से 1982 में एमए- संस्कृत और 1987 में वैदिक अग्नि देवता विषय पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। अपनी शोध-दृष्टि में आपने अग्निदेवता विषयक सन्दर्भों का सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए वैदिक अग्नि के यथार्थ रूप को सुबोध शैली में उद्घाटित किया है, जिसका प्रकाशन 1999 में हुआ है। दीदी 40 वर्षों से संस्कृत विषय में शास्त्री- स्नातक, आचार्य- परास्नातक कक्षाओं को वेद, वेदांग, दर्शन, उपनिषद्, निरुक्त, वैदिक- साहित्य, संस्कृत- साहित्य, संस्कृत- व्याकरण आदि विषयों का कुशल अध्यापन कर रही हैं।

गुरुकुल की ओर से कन्या प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से देशभर में यत्र-तत्र बालिकाओं में आत्म-सम्मान और स्वाभिमान की भावना के साथ-साथ आत्मरक्षा एवम् बौद्धिक विकास हेतु अभियान चलाए जाते हैं। आचार्या सुमेधा महिला सम्मेलनों में प्रेरक और प्रभावशाली उद्बोधन करती हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे न्यूनतम लक्ष्य वाले कार्यक्रमों के दौर में बालिकाओं के प्रति लिंगभेद को दरकिनार कर आत्मविश्वास, संस्कार और उच्च शिक्षा में चोटीपुरा गुरुकुल का यह अद्भुत प्रयास अनुकरणीय है। गुरुकुल में प्रशिक्षित छात्राएँ आज शिक्षा, क्रीडा, योग, प्रशासनिक सेवा जैसे क्षेत्रों में अपना सफल योगदान प्रदान कर देश का नाम उज्ज्वल कर रही हैं। गुरुकुल कन्याओं को वेद-व्याकरणादि संस्कृत शास्त्रों में पारंगत बना रहा है। रूढ़िवादी परंपराओं को ध्वस्त करते हुए संस्कृत, वेद, वेदांगों के शिक्षण से बेटियों का बौद्धिक जागरण हो रहा है। उल्लेखनीय है, गुरुकुल की कन्याएं यूपी की ओर से चार साल से गणतंत्र दिवस की परेड़ में भाग ले रही हैं।

चोटीपुरा (यूपी) के श्रीमद् दयानन्द कन्या गुरुकुल महाविद्यालय की झोली करीब तीन दर्जन सम्मान और पुरस्कारों से लबरेज है। वैदिक विदुषी' पुरस्कार (आर्य केन्द्रीय सभा, दिल्ली)- 1997, सत्यव्रत अग्निवेश स्मृति सम्मान, विक्रम प्रतिष्ठान (संयुक्त राज्य अमेरिका)- 1999, आर्यसमाज थर्मल कालोनी, पानीपत (हरियाणा)- 2003, जनपद गौरव सम्मान- 2003, आर्य समाज सान्ताक्रुज मुम्बई- 2004, शिक्षक कर्त्तव्यनिष्ठ सम्मान- 2005-06, जनपद सम्मान- गणतन्त्र दिवस (अमरोहा पुलिस)- 2007, परममित्र मानव निर्माण न्यास, दिल्ली एवं गुरुकुल आश्रम आमसेना, उड़ीसा- 2010, प्रेसीडेंट साइटेशन आवार्ड, रोटरी क्लब मुरादाबाद -2010, राष्ट्रीय वाचस्पति परोपकारिणी परिषद् बड़ौत (बागपत)- 2010, इनरव्हील क्लब मुरादाबाद- 2011, राष्ट्रीय वेद वेदांग पुरस्कार (आर्यसमाज भुवनेश्वर, उड़ीसा)- अमरोहा रत्न सम्मान (दैनिक जागरण)-2025।

# बजट से यूपी की पर्यटन संभावनाओं को लगेंगे पंख

अवधनामा संवाददाता

■ अयोध्या, काशी के साथ इन पर्यटक स्थलों का हो सकेगा विकास



**लखनऊ।** केंद्रीय बजट में पर्यटन सेक्टर में रोजगार को बढ़ाने और शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों में निवेश के साथ विकास करने की घोषणा की गई है। इसमें उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों को भी शामिल किया जाएगा। क्योंकि प्रदेश न सिर्फ धार्मिक, आध्यात्मिक बल्कि ईको टूरिज्म भी तेजी से बढ़ रहा है। यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या भी साल दर साल बढ़ रही है।

प्रदेश में श्रीकाशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने, अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनने, मथुरा, प्रयागराज, चित्रकूट, नैमिषारण्य, कुशीनगर, आगरा आदि धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों व पर्यटन स्थलों के विकास के बाद पर्यटकों की संख्या में काफी उछाल आया है। वर्ष 2023 में जहां कुल 48 करोड़ देशी-विदेशी पर्यटक उत्तर प्रदेश आए वहीं वर्ष 2024 में यह संख्या बढ़कर लगभग 65 करोड़ हो गई है। इसमें भी विदेशी पर्यटकों की संख्या 16 लाख से बढ़कर 22 लाख हुई है।

पर्यटन विभाग के अनुसार एक पर्यटक प्रत्यक्ष रूप से छह लोगों को रोजगार देता है। ऐसे में प्रदेश में आने वाले लाखों पर्यटक कई लाख लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दे रहे हैं। केंद्र सरकार की ओर से प्रदेश के पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए सहयोग करने से इसे और बढ़ावा मिलेगा। सीए जतिन श्रीवास्तव कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा पर्यटक आकर्षित हो रहे हैं। इसमें भी धार्मिक पर्यटन उन्हें काफी आकर्षित कर रहा है। यह सबसे ज्यादा अस्थायी रोजगार भी देता है।

### प्रदेश में पर्यटन विकास को मिलेगी गति : जयवीर

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि देश के सर्वश्रेष्ठ 50 पर्यटन स्थलों के विकास की घोषणा की गई है। इससे प्रदेश में पर्यटन विकास को और गति मिलेगी। क्योंकि यूपी विश्व के महत्वपूर्ण पर्यटन आकर्षणों में से एक है। यहां पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, केंद्र का सहयोग इसमें और उपयोगी होगा।

- उन्होंने कहा कि स्वदेश दर्शन योजना- 2 के तहत नैमिषारण्य, प्रयागराज व महोबा का चयन किया गया है। इसके तहत धनराशि भी स्वीकृत हो गई है। केंद्रीय बजट में भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों के विकास पर फोकस किया गया है। यूपी में कुशीनगर, संकिसा, श्रावस्ती, सारनाथ, कपिलवस्तु आदि भगवान बुद्ध से जुड़े महत्वपूर्ण स्थल हैं। ऐसे में केंद्रीय बजट में यूपी को काफी कुछ मिला है। इससे न सिर्फ रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी बल्कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति मिलेगी। बजट मध्यम वर्ग और नौकरी पेशा के लिए राहत देने वाला है।

## डाक विभाग ने मनाया 'डाक जीवन बीमा' की 141 वीं वर्षगांठ

**लखनऊ।** डाक विभाग पत्र, पार्सल के साथ जीवन बीमा के क्षेत्र में भी एक लम्बे समय से कार्यरत है। 1 फरवरी 1884 को आरंभ 'डाक जीवन बीमा' भारत में सरकारी व अर्द्ध सरकारी कर्मचारियों के लिए सबसे पुरानी बीमा योजना है, जिसका लाभ अब निजी क्षेत्र के प्रोफेशनल्स और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्था के सभी स्नातक/ डिप्लोमा धारक भी उठा सकते हैं। उक्त उद्गार उत्तर गुजरात परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने डाक जीवन बीमा के गौरवशाली 141वें वर्ष में प्रवेश होने पर 1 फरवरी, 2025 को स्वामी नारायण मंदिर, हाथीजन, अहमदाबाद के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने बीमाधारकों को डाक जीवन बीमा पॉलिसी बांड सौंपकर उनके सुखी भविष्य की भी कामना की। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि जीवन बीमा आज के दौर की एक अनिवार्य आवश्यकता होने के साथ-साथ बचत और निवेश का एक सुरक्षित माध्यम है।

# सीएमएस छात्रों ने निकाला 'धार्मिक सद्भावना मार्च'

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस के छात्रों ने आज 'धार्मिक सद्भावना मार्च' निकालकर धार्मिक एकता, सामुदायिक एकता एवं सामाजिक सौहार्द की पुरजोर अपील की। इस विशाल मार्च में हिन्दू धर्म से प्रभु अपरिमय श्यामदास जी, मुस्लिम धर्म से मौलाना डा. कल्बे सिब्तेन नूरी एवं मौलाना सूफ्यान निजामी, सिख धर्म से सरदार हरपाल सिंह जग्गी, ईसाई धर्म से फादर डा. डोनाल्ड एच आर डिसूजा, जैन धर्म से श्री शैलेन्द्र जैन, बौद्ध धर्म से भिक्षु ज्ञानलोक एवं बहाई धर्म से श्री संजीव उपाध्याय ने सी.एम.एस. छात्रों की अगुवाई की एवं धार्मिक एकता का अभूतपूर्व अलख जगाया। इस धार्मिक सद्भावना मार्च में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि विभिन्न धर्मों की वेशभूषा में सुसज्जित सी.एम.एस. छात्रों ने सभी धर्मों के अवतारों तथा महापुरूषों के सद्वाक्यों की तख्तियाँ लेकर सामाजिक सद्भाव एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया।

■ विभिन्न धर्मावलम्बियों की उपस्थिति से 'सर्वधर्म समभाव' की भावना से ओतप्रोत हुआ वातावरण

इससे पहले, विभिन्न धर्मावलम्बियों का हार्दिक स्वागत करते हुए सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने कहा कि सामाजिक प्रगति व उत्थान के लिए धार्मिक एकता तथा विश्व एकता आज की अनिवार्य आवश्यकता है, जिसकी शिक्षा बच्चों को बाल्यावस्था से ही देनी चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न धर्मावलम्बियों ने भी अपने सारगर्भित विचारों से धार्मिक एकता व सर्वधर्म समभाव का अलख जगाते हुए एक स्वर से कहा कि सभी धर्म हमें एकता व शान्ति से रहने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रभु अपरिमय श्यामदास जी ने कहा कि धर्म हमें जीवन मूल्यों पर चलना सिखाता है, हमारी आध्यात्मिक प्रगति करता है। सरदार हरपाल सिंह जग्गी का कहना था कि धर्म इंसान को इंसान से जोड़ता है और इसी भावना के अनुरूप समाज में समन्वय एवं भाईचारा बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# भाषा विवि व प्रदेश कुंग फू एसोसिएशन के बीच समझौता



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** विद्यार्थियों के बीच भारतीय मूल के आत्मरक्षा खेल के लिए तथा छात्रों को प्रैक्टिकल अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से, ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और उत्तर प्रदेश कुंग फू एसोसिएशन लखनऊ ने एक महत्वपूर्ण समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत, कुंग फू एसोसिएशन विश्वविद्यालय के छात्रों को भारतीय मूल के आत्मरक्षा खेल के माध्यम से प्रादेशिक, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय स्तर पर स्वास्थ्य, एकाग्रता, आत्मरक्षा कौशल एवं सांस्कृतिक विकास हेतु किया जाएगा। इस साझेदारी के माध्यम से, ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों कुंग फू एसोसिएशन लखनऊ द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त होगा। ये कार्यक्रम छात्रों को उनके व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव में वृद्धि करेंगे। समझौते पर हस्ताक्षर समारोह के दौरान माननीय कुलपति प्रो. जे पी पांडेय के कुशल मार्गदर्शन में भाषा विश्वविद्यालय की तरफ से विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी साजिद आज़मी और कुंग फू एसोसिएशन लखनऊ के महासचिव ज्ञान प्रकाश, इस अवसर पर एमओयू समन्वयक डॉ. नीरज शुक्ला भी उपस्थित रहे।

# डीएम ने सुनी समस्याएं, दिया समाधान का अश्वासन

## जिलाधिकारी के समक्ष दर्ज हुई 35 शिकायतें, तीन का किया निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**गोवर्धन (मथुरा)।** तहसील परिसर में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, डीआईजीझएसएसपी शैलेश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में तहसील के संदूर अंचलों से लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी के समक्ष कुल 35 शिकायतेंदर्ज हुई जिनमें से उन्होंने तीन का निस्तारण संबंधित अधिकारियों से कराया।

शनिवार को तहसील समाधान दिवस में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, डीआईजी झ एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्रों से आए लोगों की समस्यायें सुनने के बाद एडीएम वित्त योगानंद पांडेय के नेतृत्व में टीम गठित कर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के आदेश दिए।

डीएम ने बीएसए सुनील दत्त, बीडीओ गोवर्धन एवं डीपीआरओ किरण चौधरी से कहा की ग्राम प्रधान के माध्यम से गाँव की सरकारी बिल्डिंग स्कूल हॉस्पिटल,शौचालय सहित सभी सरकारी बिल्डिंगों की साफ सफाई कराकर रंग पुताई कराई जाए। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन की प्रमुख प्राथमिकता है कि फरियादियों की समस्या का निस्तारण कराना है। इसी पर हम सभी अधिकारियों को कार्य करना है। शिकायतों का निस्तारण न होने पर लोगों ने विरोध जताया। डीएम ने समस्याओं का हल कराने का भरोसा दिलाया और संबंधित समस्याओं में दोषी पाये जाने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

एसडीएम गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव ने बताया कि आज के समाधान दिवस में राजस्व, विधुत विभाग, पीडब्ल्यूडी, सड़क, खरंजा नाली, व साफ सफाई संबधित मामलों

■ एडीएम के निर्देशन में टीम गठित कर शिकायतों के निस्तारण के दिए आदेश

की 35 शिकायतें दर्ज हुई जिसमें 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

अधिवक्ताओं ने नई तहसील में रजिस्ट्री ऑफिस रखने और तहसील के सामने रिंग रोड़ पर बस स्टॉप बनाने की मांग की। उन्होंने अधिवक्तागणों को रजिस्ट्री ऑफिस का भरोसा दिलाते हुए कहा की एक महीना तक हड़ताल नहीं होनी चाहिए।

इस अवसर पर आई ए एस रिंकू राही, तहसीलदार मनीष कुमार क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह,नायब तहसीलदार मीनू राजपूत, सीएचसी अधीक्षक नेहा चौधरी, थाना प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा व संबंधित गॉव के लेखपाल विधुत विभाग, शिक्षा विभाग आदि के अधिकारी मौजूद रहे।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में रिया कौशिक रही प्रथम

अवधनामा संवाददाता

**गोवर्धन( मथुरा)।** जतीपुरा रोड स्थित कृष्णाश्रय गुरुकुल के वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में कृष्णाश्रय गुरुकुल परिवार के सदस्यों की माताओं को शॉल भेंट किए गए। समारोह में खगेश कुमार , लक्ष्मी सोनी, दीपा शर्मा, कृति शुक्ला, हरि शंकर व दीपक शर्मा को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ छात्र अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्राओं द्वारा विशेष प्रकार के अलग-अलग राज्यों की नृत्य शैली की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के समापन पर सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिया कौशिक को 5100 रुपए, द्वितीय स्थान पर रही पूजा कटारा को 3100 रुपए व तृतीय स्थान पर रहे अमित कुमार को 2100 रुपए के चेक देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही एक वर्ष से अधिक अपने कार्यस्थल पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे कृषणाश्रय गुरुकुल के

■ कृष्णाश्रय गुरुकुल के वार्षिकोत्सव में हुआ चरकुला नृत्य अयोजन

सौ से अधिक पूर्व प्रशिक्षणार्थियों को चांदी के सिक्के वितरित किए गए। ब्रज क्षेत्र में कौशल विकास और कृषि क्षेत्र में काम कर रहे ॠषिकेश सैनी ने कहा कि कौशल विकास के माध्यम से समुदाय को सशक्त बनाने के लिए संस्थान ब्रज के युवाओं के लिए एक आशा की रोशनी है। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में महाराजश्री कामवन घाटकोपर महाराष्ट्र व विशिष्ठ अतिथि डिक्सन लिमिटेड के वाइस चेयरमैन व एमड़ी अतुल बी लाल, कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी के संस्थापक संजय कोठारी, ट्रस्टी सुशील बाहेती, अंबुजा फाउंडेशन के सीनियर जनरल मैनेजर मनोज अग्रवाल, जोनल मैनेजर विष्णु प्रसाद, सेंटर इन चार्ज राम मोहन लवानियां, कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे ।

# संगोष्ठी में 'ब्रज में श्रीराम' पर मंथन

अवधनामा संवाददाता



**वृंदावन (मथुरा)।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी वृंदावन में अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में ÷ब्रज में श्री राम÷ विषय पर एक विद्वत संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में वृंदावन एवं मथुरा से अनेक विद्वतजनों ने भाग लिया। संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

अकादमी के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना ने बताया कि श्री राम का ब्रज से बहुत ही गहरा संबंध है। ब्रज में रासलीला के साथ रामलीला का विशेष स्थान है। ब्रज में अनेक रामलीला मंडली हैं जो पूरे वर्ष संपूर्ण भारत में विभिन्न स्थानों पर अपनी गहरी छाप बनाए हुए हैं। शीघ्र ही अकादमी तुलसीदास जी रचित विनय पत्रिका विषय पर मंचन करने हेतु दृढ़ संकल्पित हैं।

ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डॉ उमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि श्री राम के भाई शत्रुघ्न द्वारा मधु के पुत्र पापात्मा लवणासुर का संघार कर मधुपुरी की स्थापना की। उन्होंने बताया 1000 वर्ष की अवधि के बाद जिस प्रकार नदियां अपना स्थान बदल देती हैं उसी प्रकार नगर भी अपना मूल स्थान छोड़ देते हैं । मथुरा भी पूर्व में मधुपुरी के नाम से महोली स्थान पर विद्यमान था। उन्होंने बताया कि श्री राम ने ब्रज के सनाढ्य ब्राह्मणों को 56 गांव दिए।

गोपाल शरण शर्मा ने ब्रजभूमि में राम पर चर्चा पर बताया कि श्री राम सर्वत्र हैं। तुलसीदास जी वृंदावन में आए थे नाभादास जी से मिले थे। तुलसीदास जी की मनोकामना पर श्री राम ने उन्हें दर्शन दिए। वृंदावन की सुप्रसिद्ध रामलीला का इतिहास 200 वर्ष पुराना है रंग जी का कटरा, बिहारी जी, कलाधारी, सुदामा कुटी, राधावल्लभ घेरा आदि रामलीला स्रोत के प्रमुख स्थान हैं।

साहित्यकार कपिल देव उपाध्याय ब्रज पुरोहित ने कहा राम शब्द प्रत्येक कण कण में और प्रत्येक आत्मा में रमण करता है । आज सर्वत्र श्री राम और श्री कृष्णा में कोई अंतर नहीं माना जाता दोनों एक ही हैं।

वृंदावन शोध संस्थान के निदेशक डॉ राजीव द्विवेदी ने बताया कि

■ राम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजन

पुरातात्विक साक्ष्य के आधार पर श्री राम जन्मभूमि को न्याय दिलाने में अपनी भूमिका से वह स्वयं को धन्य मानते हैं। पुरातात्विक विभाग के द्वारा विभिन्न स्थानों पर श्री राम, नंद बाबा, यशोदा मैया, शेषशाई विष्णु भगवान की मूर्तियां विभिन्न स्थानों पर मिली हैं।

मथुरा श्री महेश पांडेय ने बृज और राम को अध्यात्मिक विषय बताया । मथुरा में रामदास की मंडी, रामघाट तुलसी पीठ, सभी प्रमाणिक स्थान हैं। मथुरा में पूर्व में 48 मंडललियां थीः। संपूर्ण भारत में रामलीला का प्रचार करने में मथुरा का स्थान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा हमें तीर्थ के प्रति जागरूक रहना चाहिए कहीं ऐसा न हो कि कॉरिडोर बनते चले जाएं और हमारा तीर्थ मर जाए। मानसिक प्रदूषण को रोकना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

## डाक जीवन बीमा का 142 वां स्थापना दिवस

**मथुरा।** आज भारतीय डाक विभाग के मथुरा डाक मंडल द्वारा डाक जीवन बीमा का 142 वाँ पीएलआई स्थापना दिवस मनाया गया। आज ही के दिन वर्ष 1884 में डाक जीवन बीमा की शुरुआत हुई थी। डाक जीवन बीमा कम प्रीमियम, अधिक बोनस के साथ सरकारी कर्मचारियों के साथ आम आदमियों के बीच में भी अपनी जगह बनाने में सफल रहा। इस अवसर पर डाक विभाग द्वारा10 स्थानों पर मथुरा मंडल में कैंप का आयोजन किया गया । ये कैंप वृंदावन, मथुरा, सहपऊ, सादाबाद, बलदेव, कोसीकला, गोवर्धन, स्थान पर विभागीय अधिकारियों के सहयोग से कैंप आयोजित किए गए। जिसमें बढ़-चढ़कर लोगों द्वारा हिस्सा लिया गया। आज तक 3.25 करोड़ की बीमित राशि के के लक्ष्य को मथुरा डाक मण्डल के कर्मचारियों द्वारा प्राप्त किया गया। जनता को बेहतर तरीके से डाक जीवन बीमा से जोड़ते हुए इसी वर्ष 2025 में सभी स्टॉफ के द्वारा बेहतर प्रबन्धन से आठ जनवरी तक मथुरा डाक मंडल के 248 डाकघरों के मिलकर किए गए प्रयास से एक ही दिन में 55 लाख 85 हजार का प्रीमियम व 21 करोड़ 73 लाख रुपए की बीमित राशि के लक्ष्य को प्राप्त किया गया था।

# कोरी समाज विवाह समारोह एवं कल्याण समिति ने चलाया सदस्यता अभियान

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** कोरी समाज विवाह समारोह एवं कल्याण समिति रजिस्टर्ड के संरक्षक मंडल ने दिनांक 31 जनवरी शुक्रवार को स्वर्गीय मानसिंह पुत्र गनेश कुमार माहौर (पत्रकार) को कोरी समाज मथुरा द्वारा संचालित कोरी समाज विवाह समारोह एवं कल्याण समिति रजिस्टर्ड का आजीवन सदस्य बनाया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की समिति के संरक्षक मंडल द्वारा आजीवन सदस्य बनाए जा रहे हैं जिससे कोरी समाज विवाह समारोह एवं कल्याण समिति का चुनाव कराया जा सके और नवीन कार्यकारिणी नियुक्त की जा सके समिति के संरक्षक चोखेलाल माहौर, विशन बाबू माहौर ने जानकारी देते हुए बताया कि हर क्षेत्र से आजीवन सदस्य बना रहे हैं

■ जल्द ही चुनाव की प्रक्रिया और नवीन कार्यकारिणी की जा सके गठित

■ ज्यादा से ज्यादा बने आजीवन सदस्य : चोखेलाल विशन

क्योंकि समिति का जब से आरंभ हुआ है लगभग 7 वर्ष हो चुके हैं अभी तक समिति द्वारा चुनाव नहीं कराया गया है और ना ही विवाह समारोह का आमसभा में हिसाब दिया गया है।

जल्द से जल्द चुनाव की प्रक्रिया कराई जा सके और नवीन कार्यकारिणी गठित की जा सके इसलिए ज्यादा से ज्यादा हर क्षेत्र से आजीवन सदस्य बनाए जा रहे हैं। कोरी समाज विवाह समारोह एवं कल्याण समिति रजिस्टर्ड के संरक्षक मंडल ने ज्यादा से ज्यादा आजीवन सदस्य बनने की अपील की है।

## केआर महाविद्यालय के एनएनएस के छात्रों ने फायर स्टेशन का किया निरीक्षण

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा स्टूडेंट पुलिस एक्स्पोनेंशियल लर्निंग कार्यक्रम (एसपीईएल) के नोडल अधिकारी सीओ सिटी भूषण वर्मा तथा मुख्य प्रशिक्षक भरतपुर गेट पुलिस चौकी इंचार्ज प्रदीप मिश्रा के निर्देशन में आयोजित किया गया। भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत आज महानगर के भूतेश्वर स्थित फायर ब्रिगेड स्टेशन पर छात्र-छात्राओं ने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार कौशिक एवं नवीन अग्रवाल तथा प्रशिक्षक भरतपुर गेट चौकी इंचार्ज प्रदीप मिश्रा के निर्देशन में भ्रमण किया।

# एक शोरूम में लगी आग लाखों का समान स्वाहा

अवधनामा संवाददाता

■ 11 लाख रुपए नगदी भी जलकर हुई राख



**चौमुंहा (मथुरा)।** थाना जैत क्षेत्र के अंतर्गत छटीकरा वैष्णो माता मंदिर के सामने श्री पार्किंग के निकट ठाकुर भोजनालय, ठाकुर मिष्ठान भंडार एवं उसके ऊपर बने उनके निवास में शनिवार की रात तड़के करीब 4 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की उठती लपटों घर में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने परिवार के लगभग डेट दर्जन लोगों की जान बाल बाल बची।

ठाकुर श्याम सिंह ने बताया कि श्री पार्किंग के निकट ही उनका एक जरूरी दैनिक सामग्री, भोजनालय एवं में मिष्ठान भंडार का शोरूम है। शुक्रवार की रात को एक कमरे में उनकी बेटी रानी एवं उसके दो बच्चे सो रहे थे। तभी अचानक रात करीब 4 बजे शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। जिससे उनका दम घुटने लगा। कुछ लोगों ने किसी तरह घर के लोगों को बमुश्किल बाहर निकाला। समरसेबल चलाकर एवं आग बुझाने वाले सिलेंडरों की मदद से आग बुझाने का कार्य शुरू हुआ। मकान के अंदर सो रहे करीब डेढ़ दर्जन मेंबरों को बमुश्किल बाहर निकाला। वो सभी बाल बाल बचे।

# सीडीओ ने जल जीवन मिशन के कार्यों को परखा

## सीडीओ को बंदी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शौचालय मिली गंदगी

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार मीना के लिए शनिवार का दिन निरीक्षणों के नाम रहा। इस दौरान उन्होंने बंदी में पूर्व माध्यमिक विद्यालय व जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही औरंगाबाद में यमुना किनारे विप्रा द्वारा बनाई जा रही वासुदेव वाटिका का निरीक्षण किया।

शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा विकास खण्ड बल्देव की ग्राम पंचायत बन्दी में बेसिक शिक्षा विभाग के संचालित पूर्व माध्यमिक विद्यालय बन्दी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में तैनात दोनों अध्यापक एवं समस्त छात्र उपस्थित थे। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कक्षा-6 की छात्राओं से किताब पढवाई गयी और सामान्यज्ञान से संबंधित प्रश्न भी पूछे गये। विद्यालय में शौचालय में पर्याप्त साफ-सफाई नहीं पाई गयी, जिस हेतु मौके पर उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी बल्देव एवं प्रधान को तत्काल साफ-सफाई कराने हेतु निर्देशित किया गया।

इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत बन्दी में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी एवं पाइप लाइन डालने के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कार्यदायी संस्था के अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन डालते समय खोदी गई रोड़ को कार्य पूर्ण होने पर सही कराया जाये। साथ ही निर्देश दिये गये कि प्रत्येक घर में एक-एक पानी की टोंटी का कनैक्शन अवश्य कराया जाये। कोई भी घर पानी के कनैक्शन से नहीं छूटने पाए।

■ कक्षा 6 के बच्चों सेपढवाई किताव, पूछे सामान्य ज्ञान के प्रश्न

■ बीडीओ व ग्राम प्रधान को सफाई कराने के दिए आदेश

श्री मीना द्वारा मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा जनपद मथुरा के अन्तर्गत गोकुल बैराज की अप-स्ट्रीम में बायीं तरफ निर्माण कराये जा रहे वासुदेव वाटिका का निरीक्षण किया गया। परियोजना की कुल लागत धनराशि 45.33 करोड़ है। यह कार्य एक मार्च 2024 से प्रारम्भ कराया गया था, जिसकी कार्य पूर्ण होने की तिथि 28 मार्च 2025 निर्धारित है। वर्तमान में लगभग 35 प्रतिशत कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, शेष कार्य प्रगति पर है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उक्त कार्य को शीघ्रता से निर्धारित अवधि में पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# बजट में केंद्र सरकार ने आम आदमी को निराश किया

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने आज प्रस्तुत आम बजट पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी भाजपा सरकार ने इस बार भी आम गरीब जनता को निराशा के अलावा कुछ नहीं दिया। विकास के लंबे चौड़े भाषण करने वाली मोदी जी की केंद्र सरकार की एक बार फिर से पोल खुल गई है। प्रस्तुत बजट से एक बड़ी उम्मीद बेरोजगार नौजवान लिए बैठे थे, इसी के साथ-साथ संगठित असंगठित क्षेत्र के श्रमिक अपनी आय बढ़ाने का इंतजार कर रहे थे और देश का किसान ऐम एस पी के साथ-साथ अन्य दूसरी सब्सिडीज का इंतजार कर रहा था, इन तमाम वर्गो के हाथ इस बजट में कुछ नहीं लगा । यह बजट देश के अंदर केवल 3 करोड़ खाते पीते आय कर दाताओं तथा कारपोरेट घरानों को ही राहत पहुंचाता दिखाई दे रहा है। इस बजट की एक विशेष बात यह भी है कि सरकार ने पहले से ही आम जनता को लूटने के लिए अनगिनत जीएसटी वसूल करने के रास्ते खोज रखे हैं जिनका बोझ आम गरीब जनता को सबसे ज्यादा झेलना पड़ता है।

दूध दही किताब कॉपी रबड़ पेंसिल तथा अन्य दैनिक उपभोग की बस्तुओं पर सरकार पहले से ही जीएसटी लगाकर के गरीब लोगों की जेब खाली करने में लगी हुई है। शिक्षा स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर इस बजट में कुछ भी नहीं है। बेहतर होता कि यह सरकार किसानों के कर्ज माफ कर ऐम एस पी लागू करती तथा जीएसटी घटा कर गरीब उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचती।कुल मिला कर इस बजट में देश के 125 करोड़ लोगों के लिए कुछ भी नहीं है। इस बजट से निकली आह से दिल्ली के गरीब लोग वोट की चोट दे कर भाजपा को सबक सिखाने का काम करेंगे।

# बसंत पंचमी और निराला जंयती का कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया

**अवधनामा संवाददाता**




**संभल।** एमजीएम कॉलेज में हिंदी अध्ययन एवं शोध विभाग द्वारा वसंत पंचमी और निराला जयंती का कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया । सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र और निराला जी के चित्र के सम्मुख माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के साहित्य में जीवन मूल्य विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विजयलक्ष्मी शर्मा ने सरस्वती वंदना और वसंत गीत प्रस्तुत किया। डा राजेश कुमार ने कहा कि निराला का व्यक्तित्व हिंदी साहित्य में अद्वितीय है। उनके साहित्य में प्रकृति और जीवन की अनेक छवियां मौजूद हैं। हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ फहीम अहमद ने कहा कि निराला का साहित्य मानवीय जीवन मूल्यों से परिपूर्ण है। वे पूरा जीवन हाशिए के समाज के लोगों के लिए आवाज उठाते रहे और पुरातन रूढ़ियों का विरोध कर नवल बसंत की कामना की। हिंदी विभाग के प्रभारी डा मो. इमरान खान ने निराला के जीवन के विविध प्रसंगों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि निराला ने साहित्य में मुक्त छंद और नवीन विषयों के माध्यम से क्रांतिकारी परिवर्तन किए। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य प्रो डा योगेंद्र सिंह ने कहा कि निराला ने अपने साहित्य में जीवन की बहुरंगी छवियां प्रस्तुत की हैं।

उनका साहित्य जीवन के कटु यथार्थ को चित्रित करने में सफल रहा है। कार्यक्रम का संचालन डा रीतू भटनागर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डा. मो. नदीम ने किया। कार्यक्रम में डा आबिद हुसैन, डॉ राघवेंद्र प्रताप सिंह,डा निलेश कुमार, डा नेमपाल सिंह, डॉ विकास सिंह यादव ,डा अजय कुमार, डा नवेद खान सहित छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# बिहार के विकास हेतु बजट 2025 का एआइपीएमएम ने किया स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट 2025 का स्वागत करता है और बिहार के विकास को प्राथमिकता देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आभार व्यक्त करता है। यह बजट बिहार की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, कृषि और उद्योग को बढ़ावा देने, शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने तथा रोजगार के नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

बिहार में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी की स्थापना से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय किसानों और छोटे उद्यमियों को आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण मिलेगा। बिहार सरकार द्वारा केंद्र से की गई कुछ महत्वपूर्ण मांगों को इस बजट में आंशिक रूप से शामिल किया गया है, जबकि अन्य मांगों पर अभी निर्णय लिया जाना बाकी है।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ इस बजट को बिहार के आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण कदम मानता है और केंद्र तथा राज्य सरकार से इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की अपील करता है। संगठन आशा करता है कि इन योजनाओं से पसमांदा मुस्लिम समाज समेत सभी वंचित समुदायों को सामाजिक और आर्थिक मजबूती मिलेगी।

# डीएम-एसपी ने जनपद की दूरस्त तहसील मड़ावरा में सुनी जनसमस्याएं

**अवधनामा संवाददाता**

- अधिकारियों को पूर्ण गंभीरता के साथ शिकायतों का निस्तारण कराने के दिये निर्देश

**ललितपुर।** माह के प्रथम शनिवार को तहसील मड़ावरा में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जहां जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने दूरदराज से आये फरियादियों को एक-एक गंभीरता से सुना और उनकी समस्याओं को निस्तारण करने के लिए मौके पर ही उपस्थित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। अनेक समस्याओं को उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता कर मौके पर ही निस्तारण करवाया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही शिकायत निस्तारण का पैमाना माना जाए, इस लिए सम्बंधित अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता की उपस्थिति में समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि कोई भी शिकायत निर्धारित समय से अधिक लम्बित नहीं रहनी चाहिए, यदि ऐसा हुआ तो सम्बंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसलिए पूरी गंभीरता एवं तत्परता के साथ शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करायें। तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 93 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 24, विकास के 15, पुलिस के 03, पूर्ति के 26, विद्युत के 05, समाज कल्याण के 12 तथा अन्य विभागों के 08 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 07 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 10, पुलिस के 07, विद्युत के 06, विकास का 01 तथा अन्य विभागों के 13 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 03 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 81 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 24, विकास के 04, पुलिस के 12, पूर्ति के 22, विद्युत के 06, नगर पंचायत के 02 तथा अन्य विभागों के 11 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 11 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 80 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 25, पुलिस विभाग के 07, विकास के 05, पूर्ति के 20, विद्युत के 04, चकबंदी के 02, नगर पंचायत के 04 तथा अन्य 13 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 09 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया।

# पीडीए को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** तालबेहट ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत ननौरा एवं गौरा कला में सपाईयों ने पीडीए चौपाल लगाई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में झांसी ललितपुर लोकसभा बूथ प्रभारी ज्योति सिंह लोधी मौजूद रहीं। वहीं पीडीए का पर्चा घर घर पहुंचाया गया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह का जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पीडीए जनचौपाल के माध्यम से गांव गांव तक समाजवादी पार्टी की सकारात्मक सोच और भाजपा द्वारा आम जनता के साथ हो रहे अन्याय और अत्याचार की तस्वीर से अवगत कराने का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नये नये तमाम कानून बना दिये, जिससे हर आदमी परेशान है। उन्होंने कहा कि इनकी हर योजना केवल धन कमाने और आम जनता का खून चूसना है। भाजपा सरकार रोजी रोटी रोजगार की बात नहीं करेगी केवल जाति धर्म की बात करके अपना उल्लू सीधा करती है। उन्होंने कहा कि जब भाजपाई पिछड़ा के घर जायेंगे तो अगड़ा और दलित की बुराई करेंगे और जब दलित के घर जायेंगे तो पिछड़ा और अगड़ा की बुराई करेंगे। भाजपा केवल हिन्दू मुस्लिम की बात करके मानवता का जहर घोलने का काम कर रही है। भाजपा झूठों की पार्टी है। भाजपा किसानों, युवाओं, महिलाओं की विरोधी पार्टी है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी धोखेबाज पार्टी को हटाने के लिए आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में समाजवादी पार्टी के प्रत्येक प्रत्याशी को जिताकर एक मजबूत सपा की सरकार बनाने का काम करेंगे। इस मौके पर जिला महासचिव डा. शिशुपाल सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, विधानसभा अध्यक्ष मक्खन कुशवाहा, प्रमोद इमलिया, नरेंद्र सिंह राजपूत, राघवेंद्र सिंह लोधी, राजेश पठारी, पुष्पेंद्र सिंह बसवा, हरिसिंह जिजयावन, गोविंद यादव, अरशद मंसूरी, सहरोज खान, धर्मेंद्र लोधी, नीरज अहिरवार, रघुवर रजक, राममनोहर, लक्ष्मीनारायण झा, अकबर खान, रामपाल सेन, रामनिवास लोधी, छोटेलाल सहरिया, बुंदेल यादव, राकेश यादव, संजू, रंजीत, मनोज यादव, गब्बर यादव, राजकुमार, बलराम, हरिराम, अयोध्या, राजाराम, घनश्याम आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनी

- राजस्व से सम्बंधित शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण कराया जाये: जिलाधिकारी
- अंश निर्धारण के प्रकरणों में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये: मंगला प्रसाद
- समाज के कमजोर लोगों को न्याय दिलाने के लिए त्वरित कार्रवाई करें: पूलिस अधीक्षक

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** संडीला में आयोजित तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने आमजन की समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व से सम्बंधित शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण कराया जाये। भूमि पर अवैध कब्जो को तत्काल हटाया जाये। अंश निर्धारण के प्रकरणों में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। किसी काश्तकार की भूमि से अवैध कब्ज़ा हटाने के लिए राजस्व विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करे। नक्शा दुरुस्तीकरण के मामलों को अनावश्यक न लटकाया जाये। नाली, सड़क व चकरोड से सम्बंधित शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाये। खलिहान की भूमि पर अतिक्रमण न होने दिया जाये। एक मामले में जिलाधिकारी ने बीडीओ संडीला को सराय मारुफ गाँव में तत्काल कचरा हटवाने के निर्देश दिए तथा जिला विकास अधिकारी को पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई न होने को लेकर बीडीओ संडीला को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। संडीला नगर पालिका में साफ सफाई की शिकायत आने पर उन्होंने अधिशाषी अधिकारी को कड़ी फटकार लगायी तथा तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कचरा संग्रह केन्द्र बनवाया जाये ताकि कचरा खुले में न फैले। अधिशाषी अधिकारी बेनीगंज को राजस्व टीम के साथ जाकर तालाब की पैमाइश कराने के निर्देश दिए। अतरौली थाना क्षेत्र के किरला गाँव में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध निर्माण को लेकर उन्होंने क़ानून गो, लेखपाल व थाना प्रभारी को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल निर्माण को ध्वस्त करने के निर्देश दिए। मनरेगा मजदूरी न मिलने के एक मामले में बीडीओ भरावन को निर्देश दिया कि व्यक्ति का बकाया भुगतान जल्द कराया जाये। वृद्धावस्था पेंशन के मामलों में उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को जाँच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जाति प्रमाण पत्र के आवेदनों पर रिपोर्ट न लगाने वाले लेखपालों का उन्होंने वेतन काटने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि समाज के कमजोर लोगों को न्याय दिलाने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाये। जिलाधिकारी ने तहसील की नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनायें देते हुए कहा कि नये कार्यकारिणी जनहित में राजस्व वादों के निस्तारण में रचनात्मक सहयोग करे। जिलाधिकारी ने भी प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहतास कुमार, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, पीडी पीपी त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी संडीला अरुणिमा श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी नरायण सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र सिंह व अन्य जिलास्तरीय अधिकारी, बीडीओ, ईओ, सीडीपीओ उपस्थित रहे।

## पॉच परिवारो को मिलाया गया



**संभल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज क्षेत्राधिकार डॉ0प्रदीप कुमार की देखरेख में मंडी समिति पुलिस लाइन बहजोई में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरों द्वारा किया गया जहां कुल 35 पत्रावली सुनकर 15 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं पांच परिवारों को मिलाया गया तथा एक पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई एवं 9 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने अथवा न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद की गई इस अवसर पर महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट तथा श्रीमती बबीता शर्मा कंचन महेश्वरी एवं कांस्टेबल रश्मि गहलोत शहजाद मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

## पॉच परिवारो को मुस्लिम गया

**बहजोई (संभल)** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज क्षेत्राधिकार डॉ0प्रदीप कुमार की देखरेख में मंडी समिति पुलिस लाइन बहजोई में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरों द्वारा किया गया जहां कुल 35 पत्रावली सुनकर 15 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं पांच परिवारों को मिलाया गया तथा एक पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई एवं 9 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने अथवा न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद की गई इस अवसर पर महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट तथा श्रीमती बबीता शर्मा कंचन महेश्वरी एवं कांस्टेबल रश्मि गहलोत शहजाद मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रधानाचार्य परिषद का निर्वाचन सम्पन्न



**ललितपुर।** विगत सत्ताईस जनवरी को श्रीवर्णी जैन इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य परिषद की गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें नवीन प्रधानाचार्य परिषद का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए मुकेश कुमार राज प्रधानाचार्य महामना मदनमोहन मालवीय इण्टर कालेज गुढ़ा को निर्वाचित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद हेतु अजब सिंह प्रधानाचार्य श्रीवर्णी जैन इण्टर कालेज, मंत्री पद के लिए किशन लाल चौधरी जिला परिषद इण्टर कालेज पाली, कोषाध्यक्ष पद के लिए मानवेन्द्र सिंह प्रधानाचार्य जिला परिषद इण्टर कालेज नाराहट एवं संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता प्रधानाचार्य सी.वी गुप्ता इण्टर कालेज महरौनी को निर्वाचित किया गया। उक्त निर्वाचन का समर्थन बैठक में उपस्थित जिले के समस्त प्रधानाचार्यों ने किया।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने जिले का बढ़ाया मान



**ललितपुर।** लखनऊ के आंचलिक विज्ञान नगरी में हुंडई मोटर्स इंडिया फाउंडेशन एवं अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान से दो दिवसीय इनोफेस्ट (इनोवेशन फेस्टिवल) का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा राज्य के 14 जिलों के नन्हे विद्यार्थियों के द्वारा विज्ञान और नवाचार पर आधारित प्रोजेक्ट और मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर हुंडई मोटर्स इंडिया फाउंडेशन के राहुल पुंगाजी एवं अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन के मुकेश कुमार महाप्रबंधक विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में 140 विज्ञान के प्रोजेक्ट को कक्षा 6 से 8 तक के 54 विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत किए गए। इसमें ललितपुर के ब्लॉक जखौरा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय पनारी से सचिन विश्वकर्मा और प्रवीण कुशवाहा ने भाग लेकर पांचवा स्थान प्राप्त किया व जिले का मान बढ़ाया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद जाकिर ने बच्चों की विज्ञान के प्रति रुचि की काफी सराहना की व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार की ओर से प्रतिभा यादव, सीमा जैन, तारा तिवारी, नंदिनी, खुर्शीद बानो, पूर्णिमा व विद्या वाहिनी की ओर से नीरज शर्मा एरिया मैनेजर व संजीव पटेल, विनय चतुर्वेदी, हर्षित आदि उपस्थित रहे।

## तहसील चंदौसी मे डी एम एस पी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियो की समस्याए

**संभल।** जिलाधिकारी डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में तहसील चन्दौसी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया एवं फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच कर विधिक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी चन्दौसी आलोक सिद्धू, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारीगण आदि उपस्थित रहें।

# अब आसमान से भी टटोली जाएगी विकास की नब्ज

- एलपीजीसीएल ने भेंट किया जिला प्रशासन को ड्रोन

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** जिला प्रशासन अब आसमान से भी विकास परियोजनाओं की नब्ज टटोल सकेगा। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की पहल पर ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट राजीव श्रीवास्तव ने शनिवार को कंपनी की सीएसआर गतिविधियों के तहत एक ड्रोन जिलाधिकारी को भेंट किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि सबसे पहले ड्रोन का उपयोग ललितपुर से होकर निकलने वाली शहजाद नदी की अप एवं डाउन स्ट्रीम की संरचना के अध्ययन के लिए किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एक लंबे समय से जनपद में प्राचीन जल स्रोतों की वर्तमान स्थिति का अध्ययन करके उन्हें नया जीवन प्रदान करने को प्रयासरत हैं। उनका मानना है कि बहुत सी जल संरचना मानवीय व अन्य कारकों के कारण विलुप्त प्राय होती चुकी हैं, यदि ऐसी संरचनाओं को चिह्नित करके उन्हें फिर प्राकृतिक स्वरूप में लाया तो जल संचयन के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा होगी। इसके साथ-साथ विभिन्न प्रकार की विकास परियोजनाओं की असलियत मालूम करने के लिए ड्रोन तकनीक महत्वपूर्ण रोल निभा सकती है। उन्होंने ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के सीईओ ए.एन.सार व सीएसओ डा.ए.वी.सिंह से कंपनी के सीएसआर गतिविधियों के तहत जिला प्रशासन को एक ड्रोन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। इस पर कंपनी ने एक आधुनिक सुविधाओं से युक्त उच्च गुणवत्ता का ड्रोन उपलब्ध कराया है।

कंपनी द्वारा एक वर्ष में कराए गए कुछ उल्लेखनीय कार्य

कंपनी के रीजनल प्रोग्राम मैनेजर राजेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद के अति पिछड़े ग्राम लखंजर, वनगुवां और बराई में एक लंबे समय से निष्क्रिय पड़े सोलर पॉवर प्लांटों का पुनर्निर्माण करके अंधकारमय जीवन जीने को अभिशप्त ग्रामीणों के घरों को प्रकाश से रोशन किया। ग्राम धौर्रा में एक हेल्थ एटीएम व अटल आवासीय विद्यालय में दो सोलर वाटर हीटर की स्थापना की। दिव्यांग खिलाड़ियों को हाईटेक व्हील चेयर उपलब्ध कराई, महामहिम राज्यपाल के आह्वान पर पचास आंगनबाड़ी को आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया। जिला प्रशासन की पहल पर 25 क्षय रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रहीं हैं। नाबार्ड के साथ मिलकर दर्जनों गाँवों में कृषि उन्नयन प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है। पुलिस के जवानों को चुस्त दुरुस्त रखने के उद्देश्य से पुलिस लाइन ललितपुर में में एक जिम के भवन का निर्माण कार्य जारी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आठ मार्च को

**अवधनामा संवाददाता**

- जनपद न्यायालय सहित जनपद की सभी तहसीलों में वादों का होगा निस्तारण

**ललितपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 08 मार्च 2025 को सुबह 10 बजे से न्यायालय परिसर एवं जनपद की सभी तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर ने आम नागरिकों से अपील की है कि वह इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर वाहनों से संबंधित ई-चालान, आपराधिक शमनीय वाद, बैंक वसूली वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, पारिवारिक/ वैवाहिक मामलें, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, विद्युत अधिनियम, स्टाम्प अधिनियम, श्रम अधिनियम, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, उपभोक्ता फोरम के वाद, स्थायी लोक अदालत में लंबित वाद, नगर पालिका टैक्स वसूली वाद, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान वाद, दुकान एवं वाणिज्य अधिनियम के अधीन बांट माप वाद, आयकर, वाणिज्य कर, जलकर, वन अधिनियम, सेवा संबंधी वाद, चेक बाउन्स के मामलें आदि के अन्तर्गत लंबित वादों एवं अन्य वादों के निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किये जायेगें। जिला जज ने वादकारियों से आह्वान किया कि वह अपने लंबित वादों को आपसी सुलह समझौता के आधार पर निस्तारित कराना चाहते हों तो 08 मार्च 2025 को समय सुबह 10 बजे जनपद न्यायालय परिसर में उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण कराकर राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें।

# फर्जी बीमा पॉलिसी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह माफिया की विवेचना प्रगति

**अवधनामा संवाददाता**

**संभल।** थाना स्थानीय पर मुअसं 13/25 धारा 109(1)/318 (4)/338/336 (3)/340(2)/ 111(2) ख बीएनएस पंजीकृत हुआ था, जिसमें अभियुक्तगण 01. ओंकारेश्वर मिश्रा करन पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा निवासी फुलवरिया थाना कैन्ट जनपद वाराणसी 02. अमित पुत्र हीरालाल नि0 मस्जिद मौहल्ला बबराला गुन्नौर हाल पता अलीपुर चौपला थाना गजरौला जनपद अमरोहा को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री रोशन सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है। अब तक की विवेचना की प्रगति निम्नवत है-

1. विवेचना के दौरान कुछ पीडित सामने आये है जिनकी तहरीर के आधार पर निम्नलिखित अभियोग पंजीकृत किये गये है-

01. सुनीता पत्नी सुभाष निवासी ग्राम भीमपुर थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर ने अवगत कराया कि उसके पति की मृत्यु वर्ष 2024 में बीमारी के कारण हुई थी। जिसका बीमा अभियुक्तों द्वारा उसके घर पर आकर उसके कागजात आदि पर अंगूठा निशानी लगवाकर ले जाना तथा उसकी बीमा राशि दस लाख रुपये को हडप लेना कि जानकारी होने पर इस सम्बन्ध में पीडिता द्वारा थाना गुन्नौर जनपद सम्भल पर दिनांक 29.01.2025 को मु0अ0सं0 26/25 धारा 318(4) बीएनएस बनाम ओंकारेश्रर मिश्रा करन आदि पंजीकृत कराया गया। पीडिता ने बताया कि उसे किसी बीमा के बारे में जानकारी नहीं है। परन्तु यह पाया गया कि उसके नाम के अकाउन्ट में दस लाख रुपये आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इन्श्योरेन्स कम्पनी द्वारा डाले गये है। पीडिता को गांव के ही एक आशा कर्मी द्वारा मात्र बीस हजार रुपये दिये गये थे।

02. श्री बलवीर पुत्र वीर सिंह निवासी बनियाठेर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद ने अवगत कराया कि उसकी भाभी सुगरवती पत्नी सतवीर की मृत्यु वर्ष 2020 में बीमारी के कारण हुई थी। उस समय बीमा कम्पनी वाले लोग उनके घर पर आये थे तथा उनसे आधार कार्ड, व कुछ कागजों पर अंगूठा निशानी व हस्ताक्षर कराकर ले गये थे तथा सुगरवती की मृत्यु के उपरान्त बीमा कम्पनी के कुछ लोग उनके घर आकर उन्हें जांच के नाम पर कुछ कागजात पर हस्ताक्षर व अंगूठा निशानी लगवाकर तथा बैंक से चैक बुक जारी करायी थी। जारी कराने के बाद बैंक की पासबुक व चैक बुक उन्होने स्वयं के पास रख ली थी यह बताते हुये कि अभियुक्तों को अन्य कार्य हेतु उनकी आवश्यकता पडेगी। उसकी भाभी के मरने के उपरान्त बीमा कम्पनी से उसके खाते में जो पाँच लाख रुपये आये थे, वह बीमा कम्पनी वालो द्वारा उन्हें बिना बताये निकाल लिये गये थे जिसकी जानकारी उन्हें तब हुई जब अभियुक्त उनके घर पर पासबुक छोड गये। पासबुक अपडेट कराने पर यह पाया गया कि अभियुक्तों ने बीमा का तीन लाख रुपया निकाल लिया था। जिस सम्बन्ध में पीडित के द्वारा थाना बनियाठेर जनपद सम्भल पर दिनांक 30.01.2025 को मु0अ0सं0 30/25 धारा 318(4)/ 338/336 (3)/340(2) बीएनएस बनाम ओंकारेश्रर मिश्रा करन आदि के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया। मीरा वती पत्नी स्व0 सुदामा नि0 ग्राम गुरगाव थाना कुढफतेहगढ जनपद सम्भल द्वारा बताया गया कि उनके पति सुदामा की मृत्यु वर्ष 2020 में बीमारी के कारण हुई थी। जब उसके पति बीमार थे तो उस समय बीमा कम्पनी के कुछ व्यक्तियों द्वारा उनसे आधार कार्ड आदि व कुछ कागजात पर अंगूठा निशानी व हस्ताक्षर कराकर ले गये थे। तथा उनकी मृत्यु के बाद भी जांच करने को कहकर आये थे। तथा उस दौरान भी कुछ कागजात पर अंगूठा निशानी व हस्ताक्षर कराकर ले गये तथा इसके पति की मृत्यु के उपरान्त उसे बीमा का कोई रुपया नहीं दिया गया बल्कि उसके रुपये बीमा कम्पनी वालो द्वारा घोखाधड़ी से फर्जी हस्ताक्षर बनाकर खाते से निकाल लिये गये। जिस सम्बन्ध में पीडिता द्वारा दिनांक 30.01.2025 को थाना कुढफतेहगढ जनपद सम्भल पर मु0अ0सं0 14/25 धारा 318(4)/ 338/336(3)/ 340 (2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया।

04. रुकसार पत्नी असलम नि0 मी0 चमारान कला अशोकनगर पहासू बुलन्दशहर द्वारा बताया गया कि उसके पति असलम जो कैंसर से पीडित थे। उसी दौरान कुछ लोग उसके घर बीमा कम्पनी वाले आये थे। जिन्होने उसके पति का बीमा करने की बात कहकर उससे अंगूठा निशानी व हस्ताक्षर व आधार कार्ड आदि ले गये थे। तथा उसके पति की मृत्यु के उपरान्त भी बीमा कम्पनी वालो ने जांच के नाम पर दोबारा कुछ कागजात प्राप्त कर उन पर पुनः हस्ताक्षर बनवाये थे। तथा उन्हें बीमा के रुपया दिलाने की बात कही थी। किन्तु उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं दी गयी तथा पीडिता के नाम पर अनूपशहर के यस बैंक में फर्जी खाता खुलवाकर उसकी पासबुक भी अपने पास रखली थी जिसे पीडिता को कोई जानकारी नहीं थी। तथा उसके पति की बीमा की जो राशि उस खाते में आयी थी। वह भी बीमा कम्पनी वालो द्वारा हडप कर ली गयी। जिस सम्बन्ध में पीडिता द्वारा दिनांक 31.01.2025 को थाना गुन्नौर जनपद सम्भल पर मु0अ0सं0 31/25 घारा 318(4)/316(2)/ 351(2) बीएनएस बनाम ओंकारेश्रर मिश्रा करन आदि के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया।

# तेजस्वी प्रकाश जैसी ग्लोइंग स्किन चाहिए, तो एक्ट्रेस का बताया हुआ होममेड फेस पैक कैसे बनाएं



टेलीविजन इंडस्ट्री और बिग बॉस 15 फेम एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। एक्ट्रेस अपनी बेदाग खूबसूरती के लिए फैंस के बीच सबसे ज्यादा पॉपुलर है। तेजस्वी की खूबसूरती के उनके फैंस भी दीवाने है। क्या आप भी उनके ग्लोइंग त्वचा का राज जानना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है। तेजस्वी प्रकाश ने अपनी बेदाग खूबसूरत त्वचा का सीक्रेट सोशल मीडिया पर शेयर किया। अब आप भी दमकती त्वचा पाने के लिए घर पर बना सकते हैं यह सीक्रेट होममेड फेस पैक। आइए आपको बताते हैं इसे कैसे बनाएं।

***होममेड फेस पैक बनाने के लिए जरुरी चीजें***

- दो बड़े चम्मच बेसन
- एक चम्मच दही

***कैसे बनाएं ये फेस पैक***

इस पैक को बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक कटोरी में 2 चम्मच बेसन और 1 चम्मच दही डालकर अच्छे से मिला लें। इस पैक को लगाने से कई फायदे मिलते हैं। जैसे कि बेसन एक प्राकृतिक एक्सफोलिएंट है। बेसन से त्वचा को साफ करने से त्वचा में रंगत आती है। इतना ही नहीं, बेसन त्वचा से मुंहासों, काले धब्बों और अनइवन स्किन टोन जैसी समस्याओं को ठीक करने में मदद कर सकता है।

***फेस पैक को यूज करने का तरीका***

इस फेस पैक को चेहरे और गर्दन पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद आप फेस पैक को पानी से धो लें।

# दुल्हन को पसंद आती है ट्रेडिशनल मारवाड़ी मेहंदी डिजाइन, आप भी करें ट्राई

शादियों का सीजन शुरू हो चुका है और इसी के साथ होने वाली दुल्हन एक अच्छी मेहंदी आर्टिस्ट तलाश करना शुरू कर देती हैं। वैसे तो आपको अपने-अपने शहर में अच्छा मेहंदी आर्टिस्ट मिल जाएगा। लेकिन हाथों में कैसी ब्राइडल मेहंदी लगवानी है, उसके लिए अच्छी डिजाइंस की तलाश रहती है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे मेहंदी डिजाइंस दिखाने जा रहे हैं, जो आजकल हर दुल्हन को पसंद आते हैं। साथ ही इन मेहंदी डिजाइंस को लगाने में ज्यादा समय भी नहीं लगता है। आपको बता दें कि मेहंदी डिजाइंस को लेकर आजकल की दुल्हन बहुत ज्यादा सिलेक्टिव हो गई हैं। ब्राइडल को ज्यादा पारंपरिक डिजाइंस अच्छी नहीं लगती हैं और न ही उनको मेहंदी लगवाने के लिए बहुत ज्यादा समय नहीं लगता है। ऐसे में दुल?हन की मेहंदी को ट्रेडिशनल के साथ-साथ मॉर्डन टचअप देने के लिए हम बहुत सारे एलिमेंट्स का इस्तेमाल करते हैं। जिसकी वजह से मेहंदी की डिजाइन यूनिक हो जाती है।



***लेटेस्ट ब्राइडल मेहंदी डिजाइन***

ब्राइडल के हाथ पर मेहंदी रचानी हो या फिर दूल्हे की भाभी लगानी हो, तो मारवाड़ी ट्रेडिशनल मेहंदी काफी अच्छी लगती है। आप घर में आई मेहंदी आर्टिस्ट को इन फोटोज को जरूर दिखाएं। इससे वह हाथों पर सुंदर मोर और दुल्हा-दुल्हन के पैटर्न वाली डिजाइन काफी अच्छी लगेगी।

***ब्राइडल हिना डिजाइन***

दुल्हन के हाथों पर मेहंदी लगानी है, तो वह इस तरह के दूल्हा-दुल्हन के पैटर्न वाली हिना डिजाइन वाली मेहंदी लगवा सकती हैं।

***ट्रेडिशनल मेहंदी डिजाइन***

यह मेहंदी डिजाइन सिर्फ ब्राइडल ही नहीं बल्कि शादी वाले घर में बहन और भाभियां भी खूब पसंद करती हैं। यह मेहंदी डिइन नई नवेली दुल्हन वाला इफेक्ट भी देती है।

***फ्रंट हैंड मेहंदी डिजाइन***

अगर आपको फ्रंट हैंड पर मेहंदी लगानी है, लेकिन आपको मिनिमल डिजाइन पसंद है। तो आप इस तरह क्रिएटिव तरीके से ब्राइडल पैटर्न को फ्रंट हैंड पर लगवा सकती हैं।

***फुल हैंड मेहंदी डिजाइन***

फूल-पत्तियों के साथ फुल हैंड हिना डिजाइन बेहद अच्छी लगती है और आप इसको आसानी से लगवा सकती हैं।

***पिकॉक पैटर्न हिना डिजाइन***

मोर के पैटर्न वाली फ्रंट हैंड हिना डिजाइन मेहंदी अट्रैक्टिव होने के साथ ही इसको लगाना भी काफी आसान है। इस मेहंदी डिजाइन को भी महिलाएं खूब पसंद करती हैं।

***फ्रंट हैंड पिकॉक पैटर्न सिंपल डिजाइन***

बता दें कि पिकॉक पैटर्न की सिंपल और आसानी सी लगने वाली यह मेहंदी डिजाइन ब्राइडल की मम्मी पर खूब जंचेगी। साथ ही इस डिजाइन को लगाने में अधिक मेहनत भी नहीं लगती है।

# ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए ट्राई करें ये कश्मीरी स्टाइल सूट, हर कोई करेगा ड्रेसिंग सेंस की तारीफ

पार्टी से लेकर ऑफिस तक में न्यू लुक पाने के लिए महिलाएं अक्सर सूट पहनना पसंद करती हैं। सूट में कई तरह की डिजाइंस और पैटर्न देखने को मिल जाते हैं। जिनको आप कई खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं। लेकिन अगर आप किसी खास इवेंट पर न्यू और स्टाइलिश लुक पाना चाहती हैं, तो आपको कश्मीरी स्टाइल वाले सूट कैरी करने चाहिए। इस तरह के सूट पहनने के बाद काफी अच्छे लगते हैं और आपको बेहद खूबसूरत लुक मिलता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ कश्मीरी स्टाइल वाले सूट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको कैरी करने के बाद आपके लुक में चार चांद लग जाएंगे।



***फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट***

न्यू लुक पाने के लिए इस तरह के सूट बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकते हैं। फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट में आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा। इस सूट में फ्लोरल डिजाइन में एम्ब्रॉयडरी वर्क किया है। इस सूट में पेंट स्टाइल में सलवार है, जो आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम करेगा। इस तरह के सूट के साथ नेट का दुपट्टा या शॉल कैरी कर सकती हैं। मार्केट में आपको 2,000 रुपए तक में इस तरह का सूट मिल जाएगा। वहीं आप इस सूट के साथ बालों में बन बना सकती हैं और ज्वेलरी में झुमकी कैरी कर सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी सूट में आपको तमाम तरह के ऑप्शन मिल जाएंगे। इसमें आपको सिंपल डिजाइन वाला सूट भी मिल जाएगा। लेकिन इस तरह के सिंपल सूट में जो दुपट्टा है, उसमें एम्ब्रॉयडरी की गई है। यह आपके लुक को स्टाइलिश बनाएगा और आप इसको ऑफिस या फिर किसी खास इवेंट में कैरी कर सकती हैं।

***सीक्विन वर्क कश्मीरी सूट***

अगर आप रॉयल लुक पाना चाहती हैं, तो आप इस तरह के सीक्विन वर्क कश्मीरी सूट भी ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आपको कई तरह के कलर और डिजाइन मिल जाएंगे। इस सूट को आप किसी पार्टी या फिर शादी आदि में स्टाइल कर सकती हैं। आप मार्केट से इस तरह के सूट 1,500 से 3,000 तक में खरीद सकती हैं। इसके साथ आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी कैरी कर सकती हैं। वहीं फुटवियर में आप कस्टमाइज्ड जूती वियर कर सकती हैं।

***प्रिंटेड कश्मीरी सूट***

बता दें कि न्यू लुक पाने के लिए यह प्रिंटेड कश्मीर सूट भी बेस्ट है। इस सूट में आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा। ऑफिस या किसी पार्टी में न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह का सूट वियर कर सकती हैं। वहीं आप मार्केट या फिर ऑनलाइन भी इस तरह के सूट सस्ते दामों पर ले सकती हैं। प्रिंटेड कश्मीरी सूट के साथ आप सिंपल ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं और फुटवियर में फ्लैट्स कैरी कर सकती हैं। प्रिंटेड सूट में आप व्हाइट कलर के कश्मीरी सूट भी स्टाइल कर सकती हैं। यह न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। वहीं आप इसमें ग्रीन कलर के प्रिंटेड सूट का भी चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन मिल जाएंगे। जिनको आप खास मौके पर स्टाइल कर अपने लुक को बेस्ट बना सकती हैं।

# चमकती त्वचा पाने के लिए चावल के आटे में मिला लें यह एक चीज फिर देखें चमत्कार, पहले इस्तेमाल से दिखेंगा ग्लो

पुरुष हो या महिला हर किसी को बेदाग त्वचा की चाहत रहती है। हर किसी को क्लियर स्किन जरुर चाहिए। आजकल की खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान की वजह स्किन प्रॉब्लम देखने को मिलते है। कई महंगे-महंगे स्किन प्रोडक्ट्स और स्किन केयर सब ट्राई कर लिया लेकिन मनचाह रिजल्ट भी नहीं मिला। इसलिए आप नेचुरल चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। चावल का आटा स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है और स्किन केयर में इसका काफी यूज किया जाता है। इसके प्रयोग से आप कई स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा मिल सकता है।



***पिंपल के दाग को साफ करता है***

अगर आप मुहांसों के दाग को साफ करना चाहते हैं, तो आप कैस्टर ऑयल में फैटी एसिड, एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन ई होता है जो स्किन की मरम्मत करने और दाग-धब्बों को मिटाने में मदद करता है। इस फेस पैक को बनाने के लिए आपको चाहिए ऑर्गेनिक अरंडी का तेल और 2 बड़े चम्मच चावल का आटा। इसे फेस पैक को बनाने के लिए चावल के आटे में तेल मिला लें। फिर इस पोस्ट को मुहांसे के दाग पर लगाकर धीरे-धीरे मालिश करें। 30 मिनट बाद अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।

***डार्क सर्कल होंगे दूर***


डार्क सर्कल से छुटकारा पाने के लिए आपको चाहिए चावल में एक चुटकी हल्दी और टमाटर का रस मिलाएं। अब आप चावल के आटे और हल्दी का फेस पैक अपने काले घेरों पर लगाएं और 10 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें। इन तीन चीजों में त्वचा को चमकदार बनाने के गुण होते हैं।

***हाइपरपिगमेंटेशन की दिक्कत भी होगी दूर***

हाइपरपिगमेंटेशन की समस्या को दूर करने के लिए चावल का आटा खूब काम आ सकता है।इस फेस पैक को बनाने के लिए नींबू और चावल के आटे का इस्तेमाल करें। दोनों चीजों मिलाने के बाद गुलाब जल की कुछ बूंदें मिलाएं और फिर पैक को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे ठंडे पानी से धोने से पहले 20 मिनट तक लगा रहने दें।

# ठंड में फटी एड़ियों से चाहिए छुटकारा तो एलोवेरा जेल की मदद से बनाएं ये फुट क्रीम

ठंड का मौसम हमारे पैरों के लिए काफी हार्श हो सकता है। नमी की कमी के चलते अक्सर पैरों में रुखापन व क्रैक्ड एड़ियों की समस्या हो सकती है। इस स्थिति में यह बेहद जरूरी है कि आप अपने पैरों की अतिरिक्त देखभाल करें। यूं तो मार्केट में कई तरह की फुट क्रीम मिलती हैं, लेकिन ये काफी महंगी होती हैं और इससे आपकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप खुद घर पर ही नेचुरल फुट क्रीम बनाकर तैयार करें। इसके लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। एलोवेरा जेल आपके पैरों को मॉइश्चराइज करने के साथ-साथ उसे सूदिंग अहसास करवाता है। जिसकी वजह से आपको ठंड में फटे पैरों की वजह से होने वाले दर्द से आराम मिलता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप ठंड के मौसम में अपने पैरों का ख्याल रखने के लिए एलोवेरा जेल की मदद से फुट क्रीम किस तरह बनाकर तैयार कर सकते हैं।



एलोवेरा जेल और शिया बटर फुट क्रीम

शिया बटर ठंड के दिनों में बहुत रूखी स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है, जबकि एलोवेरा जेल से आपको एक सूदिंग और कूलिंग इफेक्ट मिलता है।

***आवश्यक सामग्री***

2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल

2 बड़े चम्मच शिया बटर

1 चम्मच बादाम का तेल

***फुट क्रीम बनाने का तरीका***

सबसे पहले शिया बटर को डबल बॉयलर या माइक्रोवेव में तब तक पिघलाएं जब तक यह पूरी तरह से चिकना न हो जाए।

अब पिघले हुए शिया बटर को एलोवेरा जेल के साथ मिलाएं।

बादाम का तेल डालें और क्रीमी होने तक फेंटें।

इसे ठंडा होने दें और एक एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें।

आप इसे नहाने के बाद रोज़ाना एड़ियों पर लगाएं।

एलोवेरा जेल और नारियल तेल फुट क्रीम

एलोवेरा स्किन को गहराई से हाइड्रेट करता है, जबकि नारियल तेल नमी को लॉक करता है, जिससे फटी एड़ियों की समस्या ठीक होती है।

***आवश्यक सामग्री***

2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल

2 बड़े चम्मच नारियल तेल

1 चम्मच विटामिन ई तेल

***फुट क्रीम बनाने का तरीका***

नारियल तेल को हल्का गर्म करें ताकि यह पिघल जाए।

अब एक छोटे कटोरे में एलोवेरा जेल और नारियल तेल मिलाएं।

इसमें विटामिन ई तेल डालें और मिश्रण के चिकना होने तक हिलाएं।

इसे एक छोटे जार में स्टोर करें।

सोने से पहले साफ पैरों पर अच्छी मात्रा में मालिश करें और मोजे से ढक दें।

# सर्दियों में स्किन का याल रखता है गुड़, इन तीन तरीकों से करें इस्तेमाल



ठंड के मौसम में हम सभी गुड़ का सेवन जरूर करते हैं। यह शरीर को गरमाहट प्रदान करता है। लेकिन क्या आपको पता है कि गुड़ ठंड के दिनों में आपकी स्किन का ख्याल भी रख सकता है। सर्दी के मौसम में जब आपकी स्किन रूखी व बेजान हो जाती है तो ऐसे में गुड आपकी स्किन को हाइड्रेटेड और ग्लोइंग बनाए रखता है। यह विटामिन, मिनरल और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है जो आपकी स्किन को मॉइश्चराइज़ करने के साथ-साथ उसे एक्सफ़ोलिएट और हील भी करता है। गुड़ को आप कई अलग-अलग तरीकों से अपने विंटर स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि ठंड के दिनों में अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए आप गुड़ का इस्तेमाल किस तरह करें।

***गुड़ और शहद से बनाएं फेस मास्क***

ठंड के मौसम में अपनी स्किन की नमी को बनाए रखने और डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए आप गुड़ और शहद की मदद से फेस मास्क बनाकर इस्तेमाल करें।

***आवश्यक सामग्री***

1 बड़ा चम्मच गुड़ पाउडर या कुचला हुआ

1 बड़ा चम्मच शहद

***इस्तेमाल का तरीका***

सबसे पहले गुड़ को शहद के साथ मिलाकर पेस्ट बना लें।

अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर 10-15 मिनट तक लगाएं।

अंत में, गुनगुने पानी से चेहरा धो लें और स्किन को मॉइश्चराइज करें।

***गुड़ से बनाएं लिप बाम***

ठंड के मौसम में होंठों के रूखेपन या फटने की समस्या बेहद आम है। ऐसे में आप गुड़ की मदद से लिप बाम बनाएं। यह आपके होंठों की नमी को बनाए रखने में मदद करेगा।

***आवश्यक सामग्री***

1 चम्मच गुड़

1 चम्मच घी या नारियल का तेल

***इस्तेमाल का तरीका***

गुड़ को घी या नारियल के तेल के साथ मिक्स करें।

अब इसे अपने होठों पर लगाएं।

आप हर दिन इसका इस्तेमाल कर सकती हैं और सर्दियों में भी होंठों को मुलायम बनाए रख सकती हैं।

***गुड़ से बनाएं स्क्रब***

गुड़ की मदद से स्क्रब भी बनाया जा सकता है। आप इसके साथ ओट्स या चीनी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

***आवश्यक सामग्री***

1 बड़ा चम्मच गुड़

1 बड़ा चम्मच पिसा हुआ ओट्स या चीनी

1 बड़ा चम्मच जैतून का तेल

***स्क्रब बनाने का तरीका***

सबसे पहले गुड़ को पिसे हुए ओट्स या चीनी के साथ मिक्स करें।

अब इसमें जैतून का तेल मिलाएं।

इसे अपने चेहरे या शरीर पर लगाकर मसाज करें और धो लें।

# सफेद बालों की समस्या दूर होगी, घर में बना यह तेल, बाल होंगे काले

आजकल युवाओं से लेकर बड़ों लोगों को सफेद बालों की समस्या से जूझ रहे हैं। हमारी जीवनशैली और खानपान का असर हमारे शरीर में जरुर देखने को मिलता है। कई कारण से बालों का सफेद होने की समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है। यदि आप भी बालों के सफेद होने से परेशान हैं, तो घर में बने इस हेयर ऑयल को जरुर लगाएं। जो बालों को काला कर देगी और बालों का नेचुरल कलर लौट आएगा।



***बालों को काला करने वाला हेयर ऑयल बनाने का तरीका***

- 1 कप कलौंजी
- 1 कप सरसों का तेल
- पानी

***कैसे बनाएं बालों को काला करने वाला तेल***

- इसके लिए आप एक कप कलौंजी को किसी कांच के बर्तन में रातभर के लिए भिगोकर छोड़ दें।

- अगली सुबह इस पानी के साथ कलौंजी को पीसकर पेस्ट बना लें।

- फिर आप किसी लोहे की कड़ाही में ये पेस्ट और सरसों का दो कप तेल डालकर पकाएं। इसे तब तक पकाएं जब तक कि ये पककर आधा ना होने लगे। गैस की फ्लेम को बंद कर दें और ठंडा होने जाने दें।

- अब किसी मलमल के कपड़े से इसे अच्छे से छान लें और तेल को किसी कांच की शीशी में भरकर रख लें और तैयार है बालों को नेचुरली काला करने वाला तेल।

***कैसे बालों पर लगाएं यह ऑयल***

रात को सोने से पहले आप बालों को जड़ो और जिन जगहों पर बाल सफेद हो रहे हैं वहां हेयर ऑयल लगा लें। पूरी रात के लिए छोड़ दें फिर अगली सुबह शैंपू से बालों को धो लें। लगातार कई सप्ताह बालों में तेल लगाने से बालों का नेचुरल कलर लौट आएगा।

# कोलेजन को बूस्ट करने में माहिर है ये फल, स्किन बनेंगी चमकदार

चमकदार और अच्छी त्वचा पाने के लिए कोलेजन का होना काफी जरुरी है। यह एक प्रकार का प्रोटीन है, जो स्किन मेजर बिल्डिंग ब्लॉक होता है और स्किन स्ट्रक्चर, स्ट्रेंथ और इलास्टिसिटी बनाए रखने में मदद करता है। अगर आप भी नैचुरली तरीके से कोलेजन को बूस्ट करना चाहती हैं, तो आप अपने डाइट में कुछ फलों को जरुर शामिल करें। चलिए आपको इन फलों के बारे में बताते हैं, जिनका सेवन करने से कोलेजन बूस्ट होता है।



***संतरे***

संतरे में सबसे ज्यादा विटामिन सी मौजूद होती है, जो शरीर को डैमेज होने से बचाता है। संतरे के सेवन से चेहरे पर चमक आती है। रोजाना एक या दो संतरे खाने से काले धब्बे, मुंहासों के दाग हल्के हो जाते हैं।

***बेरीज***

जितनी भी बेरीज मौजूद है जैसे कि-स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्पबेरी, ब्लैकबेरी और क्रैनबेरी में कोलेजन मात्रा भरपूर होती है। इन सभी बेरीज में जरुरी विटामिन सी होता है। जो कि स्किन के लिए काफी फायदेमंद होती है। आमतौर पर इन बेरीज में एलाजिक एसिड होता है, जो आपकी स्किन को यूवी डैमेज से बचाता है।

***ट्रॉपिकल फ्रूट्स***

कोलेजन के बढ़ाने के लिए आप अनानास, कीवी, पैशन फ्रूट, आम और अमरूद जैसे फलों का सेवन करना जरुरी है। यह फल के स्वाद के साथ ही शरीर को आंतरिक रूप से पोषण देता है। तरबूज में पानी की मात्रा सबसे ज्यादा होती है और स्किन का हाइड्रेटेड रखता है। इसके अलावा, पपीते में पपेन नामक एक एंजाइम होता है, जो त्वचा को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है।

***ग्रेप फ्रूट***

अंगूर में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट सबसे ज्यादा पाया जाता है। यह स्किन की इलास्टिसिटी में सुधार करने में मदद करता है। अंगूर खाने से हयालूरोनिक एसिड की भरपाई होती है। इससे आपको कोलेजन भी काफी बढ़ता है।

***एवोकाडो***

यह फल हेल्थ के साथ ही स्किन के लिए काफी फायदेमंद है। एवोकाडो खाने से स्किन की लोच बढ़ेगी और त्वचा मुलायम और कोमल बनेगी। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ई मौजूद होता, जो स्किन के कोलेजन को बढ़ाता है।

## सात राज्यों की संयुक्त टीम रोकेगी ड्रग्स तस्करी




**चंडीगढ़।** एनसीबी के डिप्टी डायरेक्टर जनरल संबित मिश्रा ने बताया कि नशा तस्करी के रूट पहचानने की जरूरत है, ताकि सभी प्रदेश अफीम व अन्य मादक पदार्थों की सीमा पार तस्करी पर रोक लगा सकें। नशा ही संगठित अपराध की आय का प्रमुख स्रोत है। नशा व अपराध मुक्त भारत बनाने के लिए पंचकूला में हरियाणा समेत उत्तर भारत के सात राज्यों के पुलिस महानिदेशकों, एनआईए, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और स्पेशल टास्क फोर्स ने शुक्रवार को पंचकूला में विस्तार से मंथन किया। बैठक में मुख्य रूप से नशे की तस्करी रोकने को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने सहमति जताई कि पंचकूला में बना अंतरराज्यीय ड्रग सचिवालय बेहतर तरीके से काम करे, इसके लिए सभी राज्य अपने यहां एसपी रैंक के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे, ताकि नशा तस्करी व तस्कर की सूचनाएं वास्तविक समय पर साझा की जा सकें। बैठक में यह भी तय हुआ कि राज्यों के बीच में अपराधियों का डाटा साझा करने के लिए राज्यों की संयुक्त टीम बनाई जाएगी, ताकि आपसी तालमेल स्थापित करते हुए कार्य किया जा सके। बैठक में इस बात पर चिंता जताई गई कि आपराधिक गतिविधियों व आतंक को अंजाम देने के लिए पैसों का इंतजाम नशे के माध्यम से किया जा रहा है। ऐसे में नशा तस्करी पर अंकुश लगाने को लेकर सभी राज्यों के बीच में मजबूत समन्वय पर जोर दिया गया। बैठक में एनसीबी के डिप्टी डायरेक्टर जनरल संबित मिश्रा ने बताया कि नशा तस्करी के रूट पहचानने की जरूरत है, ताकि सभी प्रदेश अफीम व अन्य मादक पदार्थों की सीमा पार तस्करी पर रोक लगा सकें। नशा ही संगठित अपराध की आय का प्रमुख स्रोत है। बैठक में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल, उत्तराखंड और राजस्थान के पुलिस प्रमुख शामिल थे।

# जीबीएस का बढ़ रहा कहर, अब तक चार मौतें, 140 केस सामने आए

**मौत**

**स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पिंपरी चिंचवाड़ के यशवंतराव चव्हाण मेमोरियल अस्पताल में एक 36 वर्षीय व्यक्ति की बृहस्पतिवार को मौत हो गई।**



**मुंबई।** राज्य में अब तक जीबीएस के संदिग्ध 140 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें से 98 में जीबीएस की पुष्टि हो चुकी है। इनमें पुणे से 26 मरीज हैं। पुणे शहर के विभिन्न हिस्सों से 160 पानी के नमूने जांच के लिए भेजे गए, जिनमें से आठ नमूने दूषित पाए गए। महाराष्ट्र में गुलियन बैरे सिंड्रोम से चार लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि राज्य में अब तक जीबीएस के संदिग्ध 140 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें से 98 में जीबीएस की पुष्टि हो चुकी है। इनमें पुणे से 26 मरीज हैं।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पिंपरी चिंचवाड़ के यशवंतराव चव्हाण मेमोरियल अस्पताल में एक 36 वर्षीय व्यक्ति की बृहस्पतिवार को मौत हो गई। उनके शरीर में निमोनिया के कारण श्वसन तंत्र पर असर पड़ा था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पुणे के धायरी इलाके के 60 वर्षीय व्यक्ति की भी मौत हुई। उन्हें दस्त और कमजोरी के कारण 27 जनवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई।

राज्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में 140 संदिग्ध मरीज हैं। 96 मरीजों में जीबीएस की पुष्टि हुई है। 26 मरीज पुणे शहर से हैं। जबकि 78 नए मरीज पुणे नगर निगम क्षेत्र के गांवों में मिले हैं। 15 मरीज पिंपरी चिंचवाड़ क्षेत्र, 10 मरीज पुणे ग्रामीण और 11 अन्य जिलों में मिले हैं। शुक्रवार को कोई भी नया मरीज सामने नहीं आया। राज्य में सबसे ज्यादा मामले पुणे और उसके आसपास के इलाकों से सामने आए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पुणे शहर के विभिन्न हिस्सों से 160 पानी के नमूने जांच के लिए भेजे गए, जिनमें से आठ नमूने दूषित पाए गए। सिंहगढ़ रोड के कुछ बोरवेल से मिले नमूनों में ई.कोली बैक्टीरिया पाया गया है। उन्होंने बताया कि ई.कोली का पानी में होना मल या पशु अपशिष्ट के प्रदूषण का संकेत है, और यह जीबीएस संक्रमण का कारण बन सकता है।

नांदेड़, किरकटवाड़ी, धायरी और सिंहगढ़ रोड से जुड़े तमाम इलाकों से पुणे नगर निगम के अधिकारियों ने बोरवेल और कुओं से पानी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। पुणे नगर निगम के जलापूर्ति विभाग के प्रमुख नंदकिशोर जगताप ने बताया कि कल हमने जीबीएस प्रभावित क्षेत्र सिंहगढ़ रोड के निजी बोरवेल और कुओं से नमूने लिए। एक नमूने में ई.कोली बैक्टीरिया पाया गया।

## जीएसटी में मूलभूत सुधारों की जरूरत



**नई दिल्ली।** केरल की कांग्रेस सांसद हिबी ईडन को उम्मीद है कि बजट में टैक्स नीतियों, आम आदमी और छोटे व्यापारियों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान बजट में किया जाएगा। केंद्रीय बजट पेश होने से पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) में मूलभूत सुधारों की जरूरत है। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बजट में देखने वाली बात यह होगी कि निवेशकों को टैक्स टेररिज्म से कुछ छूट मिलती है या नहीं। बता दें कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को रिकॉर्ड आठवां लगातार बजट पेश करेंगी। मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, ÷बजट के दो पहलू हैं, इंटेंट और कंटेंट। दोनों मिलकर सीमा निर्धारित करते हैं। अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति और प्राइवेट निवेशकों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता देखते हुए हमें ज्यादा उम्मीद नहीं है। बजट में मुझे किसी बड़ी घोषणा की उम्मीद नहीं है। देखते हैं कि मध्यम वर्ग के लोगों को टैक्स में कुछ छूट मिलती है या नहीं। यह भी देखना है कि निवेशकों को टैक्स टेररिस्म से छूट मिलती है या नहीं। उन्होंने आगे कहा, ÷सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि जीएसटी में में मूलभूत सुधारों की जरूरत है। केरल की कांग्रेस सांसद हिबी ईडन को उम्मीद है कि बजट में टैक्स नीतियों, आम आदमी और छोटे व्यापारियों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान बजट में किया जाएगा। उन्होंने कहा, मनरेगा पर अधिक आवंटन होगा। हमें उम्मीद है कि शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान दिया जाएगा। हमारी हमेशा से मांग रही है कि आंगनवाड़ी के सदस्यों (शिक्षकों और कार्यकर्ताओं) को बेहतर स्थान दिया जाए। मुझे उम्मीद है कि सरकार हमारी मांगों पर विचार करेगी। इस बार दक्षिणी राज्यों की उपेक्षा की गई है और मुझे उम्मीद है कि केरल को बेहतर हिस्सेदारी मिलेगा।

## राष्ट्रपति भवन में पहली बार बजेगी शहनाई, पीएसओ पूनम बनेंगी दुल्हन

**नई दिल्ली।** पूनम का विवाह जम्मू-कश्मीर में पदस्थ सीआरपीएफ के ही असिस्टेंट कमांडेंट अवनीश कुमार से होगा। विवाह को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूनम के माता-पिता भी दिल्ली पहुंच गए हैं। शादी में पूनम के करीबी रिश्तेदारों को ही बुलाया गया है। खास बात यह है कि शादी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित बड़ी राजनीतिक हस्तियां भी आशीर्वाद देने आएंगी।

राष्ट्रपति भवन में पहली बार किसी अफसर की शादी की शहनाई गूंजेगी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी की रहने वाली पूनम गुप्ता की राष्ट्रपति भवन के मदर टेरेसा क्राउन परिसर में 12 फरवरी को शादी होने वाली है। पूनम केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) की असिस्टेंट कमांडेंट हैं और राष्ट्रपति भवन में पीएसओ के पद पर तैनात हैं। उनका विवाह जम्मू-कश्मीर में पदस्थ सीआरपीएफ के ही असिस्टेंट कमांडेंट अवनीश कुमार से होगा। विवाह को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूनम के माता-पिता भी दिल्ली पहुंच गए हैं। शादी में पूनम के करीबी रिश्तेदारों को ही बुलाया गया है। खास बात यह है कि शादी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित बड़ी राजनीतिक हस्तियां भी आशीर्वाद देने आएंगी। परिवार के नजदीकी प्रमेंद्र बिरथरे ने कहा कि पूनम शिवपुरी के श्रीराम कॉलोनी में निवासरत व नवोदय विद्यालय में पदस्थ कार्यालय अधीक्षक रघुवीर गुप्ता की बेटी हैं। पीएसओ के पद पर तैनात पूनम के व्यवहार व कामकाज से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बेहद प्रभावित रही हैं। जब उन्हें पता चला कि पूनम की शादी होने वाली है तो उन्होंने राष्ट्रपति भवन के मदर टेरेसा क्राउन परिसर में उनके विवाह की व्यवस्था तय कर दी। शिवपुरी जिले की पूनम गुप्ता ने गणित में स्नातक और अंग्रेजी साहित्य में पोस्ट ग्रेजुएट किया है। उन्होंने ग्वालियर के जीवाजी विश्वविद्यालय से बीएड भी किया। वे जवाहर नवोदय विद्यालय, श्योपुर की पूर्व छात्रा हैं। उन्होंने यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा-2018 में 81वीं रैंक हासिल की और सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट बनीं। वहीं साल 2024 में गणतंत्र दिवस परेड में उन्होंने सीआरपीएफ की महिला टुकड़ी का नेतृत्व किया था।

## सरकार ने आधार अधिनियम में किया संशोधन

**नई दिल्ली।** सरकार ने निजी संस्थाओं को अपनी सेवाएं देने के लिए आधार प्रमाणीकरण का उपयोग करने की अनुमति देने के लिए आधार अधिनियम में संशोधन किया है। अब, सरकार ने सुशासन (सामाजिक कल्याण, नवाचार, ज्ञान) संशोधन नियम, 2025 के लिए आधार प्रमाणीकरण को अधिसूचित किया है, जिसमें सुविधा के लिए उनके प्रस्ताव के अनुमोदन के आधार पर निजी संस्थाओं को आधार प्रमाणीकरण प्रदान करने का प्रावधान है। केंद्र सरकार ने आधार अधिनियम में संशोधन किया है, जिससे निजी संस्थान अपनी सेवाएं देने के लिए आधार सत्यापन (ऑथेंटिकेशन) का उपयोग कर सकते हैं। इस बारे में शुक्रवार को एक अधिसूचना जारी की गई।

## अब तक सिर्फ सात देशों ने साझा किए जलवायु लक्ष्य



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर एनवायरनमेंट एंड डेवलपमेंट (आईआईईडी) का कहना है कि यह स्थिति जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए राजनीतिक नेतृत्व की इच्छाशक्ति की कमी को भी दर्शाती है। पेरिस समझौते में शामिल देशों को हर पांच साल में जलवायु परिवर्तन से संबंधित अपनी अपडेटेड योजनाएं प्रस्तुत करनी होती हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) कहा जाता है। जलवायु परिवर्तन की गहन चर्चाओं के बीच 2035 के लिए अब तक केवल सात देशों ने ही अपनी जलवायु योजनाएं साझा की हैं, जबकि इसकी समय-सीमा 10 फरवरी 2025 है। इससे पता चलता है कि दुनिया जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ठोस कदम नहीं उठा रही है। ब्राजील इस वर्ष के अंत में कॉप30 की मेजबानी करेगा।

इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर एनवायरनमेंट एंड डेवलपमेंट (आईआईईडी) का कहना है कि यह स्थिति जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए राजनीतिक नेतृत्व की इच्छाशक्ति की कमी को भी दर्शाती है। पेरिस समझौते में शामिल देशों को हर पांच साल में जलवायु परिवर्तन से संबंधित अपनी अपडेटेड योजनाएं प्रस्तुत करनी होती हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) कहा जाता है। ये लक्ष्य इस बात को आधार प्रदान करते हैं कि प्रत्येक देश पेरिस समझौते के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए क्या कार्रवाई करेंगे।

## घर का सपना देख रहे मध्यम वर्ग को राहत, रुकी आवास परियोजनाओं के लिए नए 'स्वामी' कोष का एलान

**घोषणा**


**पहले फंड की सफलता के बाद निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में स्वामी फंड-2 की घोषणा की।**



**नई दिल्ली।** 2019 में एसबीआई वेंचर्स लिमिटेड द्वारा शुरू की गई डेटा विश्लेषणात्मक फर्म प्रॉपइक्विटी की तरफ से जारी डाटा के अनुसार, 4.58 लाख आवास इकाइयों वाली लगभग 1,500 परियोजनाएं रुकी हुई थीं और इसे पूरा करने के लिए 55,000 करोड़ रुपये की कुल फंडिंग की आवश्यकता थी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को रुकी हुई आवास परियोजना में एक लाख यूनिट को पूरा करने के 15,000 करोड़ रुपये के नए स्वामी फंड की घोषणा की। इसका उद्देश्य उन घर खरीदारों को राहत प्रदान करना है, जिनका निवेश अटका हुआ है। नवंबर में केंद्र ने पूरे भारत में रुकी हुई आवास परियोजनाओं को पूरा करने के लिए स्पेशल विंडो फॉर अफोर्डेबल एंड मिड इनकम हाउसिंग (स्वामी) नामक एक स्ट्रेस फंड की घोषणा की थी। इस फंड का प्रबंधन स्टेट बैंक समूह कंपनी एसबीआईसीएपी वेंचर्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। पहले फंड की सफलता के बाद निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में स्वामी फंड-2 की घोषणा की। स्वामी फंड-1 के अंतर्गत वित्त मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि तनावग्रस्त आवास परियोजनाओं में 50,000 आवासीय इकाइयां पूरी हो चुकी हैं और घर खरीदारों को चाबियां सौंप दी गई हैं। उन्होंने बताया कि 40,000 इकाइयां 2025 में पूरी हो जाएंगी। इससे मध्यम वर्ग के उन परिवारों को मदद मिलेगी, जो अपार्टमेंट के लिए लोन लिए है या ईएमआई भरते हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, ÷इस सफलता के आधार पर स्वामी फंड-2 को सरकार, बैंकों और प्राइवेट निवेशकों के योगदान के साथ वित्त सुविधा के रूप में स्थापित किया जाएगा। 15,000 करोड़ रुपये के इस फंड का लक्ष्य अन्य एक लाख इकाइयों को पूरा करना है।

# राष्ट्रपति चुनाव की हार से सबक लेगी डेमोक्रेटिक पार्टी, ट्रंप के खिलाफ आवाज उठाने के लिए चुनेगी नया नेता



**अमेरिका।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन नेता ट्रंप की बंपर जीत के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के नेता मानते हैं कि चुनाव के बाद डेमोक्रेटिक ब्रांड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं राष्ट्रपति ट्रंप के आदेशों का डेमोक्रेटिक पार्टी विरोध नहीं कर पा रही है। अब पार्टी ट्रंप प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाने के लिए नए डेमोक्रेट नेता का चुनाव करेगी। अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव में मिली हार से सबक लेने और नए राष्ट्रपति ट्रंप को जवाब देने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ट्रंप प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाने के लिए नए डेमोक्रेट नेता का चुनाव करेगी। शनिवार को होने वाले डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी चुनाव में 400 से ज्यादा डीएनसी सदस्य भाग ले रहे हैं। सभी सदस्य वॉशिंगटन पहुंच गए हैं। वहीं निवर्तमान अध्यक्ष जैमे हैरिसन फिर से चुनाव लड़ने से इनकार किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन नेता ट्रंप की बंपर जीत के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के नेता मानते हैं कि चुनाव के बाद डेमोक्रेटिक ब्रांड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं राष्ट्रपति ट्रंप के आदेशों का डेमोक्रेटिक पार्टी विरोध नहीं कर पा रही है। विस्कॉन्सिन डेमोक्रेटिक चेयरमैन और डीएनसी चेयर के उम्मीदवार बेन विकलर ने कहा कि ट्रंप देश भर के समुदायों पर कहर बरपा रहे हैं। हमें एक ऐसे डीएनसी और एक डीएनसी अध्यक्ष की जरूरत है जो जवाबी कार्रवाई के लिए तीव्रता, ध्यान और रोष लाने के लिए तैयार हो। डीएनसी अध्यक्ष पद के लिए अग्रणी उम्मीदवार विस्कॉन्सिन के विकलर और मिनेसोटा के केन मार्टिन हैं। वे कामकाजी वर्ग के मतदाताओं तक डेमोक्रेटिक संदेश को फिर से पहुंचाने, देश भर में डेमोक्रेटिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और पार्टी की ट्रंप विरोधी त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली में सुधार करने का वादा कर रहे हैं। उन्होंने आधुनिक समय की डेमोक्रेटिक पार्टी के स्तंभ, विविधता और अल्पसंख्यक समूहों के प्रति पार्टी के समर्पण से पीछे न हटने का वादा किया है। वहीं अगर मार्टिन या विकलर डीएनसी में चुने जाते हैं, तो 2011 के बाद से डीएनसी का नेतृत्व करने वाले पहले श्वेत व्यक्ति होंगे। इसके अलावा इस दौड़ में कार्यकर्ता और लेखिका मैरिएन विलियमसन, मैरीलैंड के पूर्व गवर्नर और बाइडन प्रशासन के अधिकारी मार्टिन ओ मैली, तथा फैज शाकिर भी शामिल हैं। शाकिर ने पार्टी के भीतर व्यापक बदलावों की मांग की है। उन्होंने श्रमिक संघों के साथ अधिक समन्वय, नस्ल और लिंग के आधार पर वर्गीकृत अल्पसंख्यक समूहों पर कम ध्यान देने जैसे मुद्दे उठाए हैं। शाकिर ने डीएनसी में मुस्लिम कॉकस के निर्माण का विरोध किया।

# दक्षिणी गाजा में हमास ने रेड क्रॉस को सौंपे दो बंधक, मार्च तक चलेगा युद्धविराम का पहला चरण

**गाजा।** युद्धविराम के दौरान पहले तीन बंधकों को रिहा किया गया था, जिसके बदले में इस्राइल की तरफ से पकड़े गए 90 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया था। इसके बाद हमास ने आठ बंधकों को रिहा किया, जिसमें तीन इस्राइली और पांच थाईलैंड के नागरिक शामिल हैं।

इस्राइल के साथ युद्धविराम समझौते के तहत हमास ने दक्षिणी गाजा पट्टी में दो बंधकों को रेड क्रॉस को सौंप दिया। इस साल की शुरुआत में 19 जनवरी से शुरू हुए इस युद्ध विराम का उद्देश्य इस्राइल और हमास के बीच घातक और विनाशकारी संघर्ष को समाप्त करना है। बता दें कि इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम का पहला चरण मार्च की शुरुआत तक चलेगा, जिसमें हमास इस्राइल के 33 बंधकों को रिहा करेगा। इसके बदले में इस्राइल करीब दो हजार फलस्तीनी

**बंधकों**

**इस्राइल के साथ युद्धविराम समझौते के तहत हमास ने दक्षिणी गाजा पट्टी में दो बंधकों को रेड क्रॉस को सौंप दिया।**

कैदियों को रिहा करने के लिए तैयार हुआ है। इस युद्धविराम के दौरान पहले तीन बंधकों को रिहा किया गया था, जिसके बदले में इस्राइल की तरफ से पकड़े गए 90 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया था। इसके बाद हमास ने आठ बंधकों को रिहा किया, जिसमें तीन इस्राइली और पांच थाईलैंड के नागरिक शामिल हैं। बदले में इस्राइल ने भी 110 फलस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया। सात अक्तूबर 2023 को हमास ने इस्राइल पर हमला किया था। इस हमले में करीब 1,200 इस्राइली नागरिक मारे गए थे। हमास ने करीब ढाई सौ लोगों को बंधक बना लिया था। इसके बाद इन्हें गाजा ले जाया गया। इसके जवाब में इस्राइल ने गाजा पट्टी पर हमले शुरू किए। इस्राइली हमलों में 46,000 से ज्यादा नागरिक मारे जा चुके हैं। इस युद्ध के कारण गाजा पट्टी की 90 फीसदी आबादी को विस्थापन का सामना करना पड़ा है। वहीं, लोगों के सामने भुखमरी का संकट भी खड़ा हो गया। इस्राइल द्वारा रिहा किए जाने वाले कैदियों में से कई ऐसे हैं, जो आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। इस्राइल के करीब 90 बंधक अभी भी हमास की कैद में हैं। हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि इनमें से एक तिहाई की मौत हो चुकी है।



## श्रीलंका ने कारों के आयात से हटाया प्रतिबंध

**प्रदर्शन**

**लोग सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करने लगे थे। इन विरोध प्रदर्शनों के कारण तब के राष्ट्रपति गोटाबया राजपक्षे को देश छोड़ना पड़ा था।**

**कोलंबो।** राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने एक विशेष राजपत्र अधिसूचना जारी करके वाहन आयात पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया। इसके बाद कोरोना प्रकोप के साथ 2020 की शुरुआत में लगाए गए वाहन आयात पर प्रतिबंध पूरी तरह से समाप्त हो गया है। बताया जाता कि वाहनों के आयात शुल्क पर 50 प्रतिशत का सरचार्ज लगेगा। आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका ने अब कारों के आयात से प्रतिबंध हटा लिया है। पिछले सप्ताह श्रीलंका ने ट्रकों, बसों और डबल कैब के आयात की अनुमति दी थी। शुक्रवार को राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने एक



विशेष राजपत्र अधिसूचना जारी करके वाहन आयात पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया। इसके बाद कोरोना प्रकोप के साथ 2020 की शुरुआत में लगाए गए वाहन आयात पर प्रतिबंध पूरी तरह से समाप्त हो गया है। बताया जाता कि वाहनों के आयात शुल्क पर 50 प्रतिशत का सरचार्ज लगेगा। इससे कीमतें बढ़ने की उम्मीद है। राष्ट्रपति दिसानायके ने पहले घोषणा की थी कि 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर वाहन आयात के लिए आरक्षित किए जाएंगे। श्रीलंका ने 2022 में पहली बार आधिकारिक तौर पर ऋण चुकाने में असमर्थता जताई थी। इसके बाद देश में आर्थिक संकट पैदा हुआ। भोजन, ईंधन और गैस की किल्लत हो गई थी। लोग सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करने लगे थे। इन विरोध प्रदर्शनों के कारण तब के राष्ट्रपति गोटाबया राजपक्षे को देश छोड़ना पड़ा था। इसके बाद रानिल विक्रमसिंघ ने राष्ट्रपति का पद संभाला और अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मदद हासिल करने के लिए बातचीत शुरू की। मार्च 2023 में श्रीलंका को बेलआउट पैकेज मिला। श्रीलंका ने आईएमएफ से 2.9 अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज हासिल किया था।

आईएमएफ ने हाल ही में तीसरी बार समीक्षा की, जिसमें श्रीलंका सफल रहा। इसके अलावा श्रीलंका ने 14.2 अरब डॉलर का ऋण पुनर्गठन समझौता भी किया, जो आईएमएफ की शर्तों को पूरा करने के लिए जरूरी था। अब श्रीलंका को आईएमएफ की शर्तों का पालन करना है ताकि अर्थव्यवस्था में 2022 जैसी दूसरी गिरावट से बचा जा सके। उसे विदेशी मुद्रा भंडार को बनाए रखना और बढ़ाना होगा। प्रतिबंध हटने के बाद श्रीलंका को कई फायदे होंगे।

## अमेरिका में एक और हादसा, फिलाडेल्फिया में दुर्घटना का शिकार हुआ विमान




**वॉशिंगटन।** दुर्घटना अमेरिका में लगभग 25 साल में हुए सबसे घातक विमान हादसे के दो दिन बाद हुई। 60 यात्रियों और चार चालक दल के सदस्यों को ले जा रहा एक अमेरिकन एयरलाइंस का विमान बुधवार रात वाशिंगटन डीसी में बीच हवा में हादसे का शिकार हो गया था। विमान से तीन सैनिकों को ले जा रहा एक सेना का हेलीकॉप्टर टकरा गया था। इस दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा था। अमेरिका में एक और विमान हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि दो लोगों को लेकर जा रहा एक छोटा विमान उत्तर-पूर्व फिलाडेल्फिया के एक शॉपिंग सेंटर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि उत्तर-पूर्व फिलाडेल्फिया हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद लीयरजेट 55 मिसौरी में स्प्रिंगफील्ड-ब्रैनसन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ था। यह शाम करीब 6÷30 बजे (स्थानीय समयानुसार) दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एफएए और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) एनटीएसबी के नेतृत्व में घटनाओं की जांच करेंगे। पेंसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शाप्रियो ने कहा कि उन्होंने फिलाडेल्फिया के मेयर से घटना के बारे में बात की है और स्थिति पर बारीकी से नजर बनाए हुए हैं।

## रूस ने भारी नुकसान के बाद कुर्स्क मोर्चे से हटाए उत्तर कोरियाई सैनिक, यूक्रेन का दावा

**कीव।** उत्तर कोरिया ने कभी भी आधिकारिक तौर पर अपने सैनिकों की रूस में तैनाती की बात स्वीकार नहीं की। यूक्रेन के अनुसार, ये तैनाती कुर्स्क क्षेत्र हुई, जहां यूक्रेन ने अगस्त में सीमा पार से बड़ी जवाबी कार्रवाई की थी। यूक्रेन ने बीते दिनों आरोप लगाए थे कि रूस की तरफ से उत्तर कोरिया के सैनिक मोर्चे पर लड़ रहे हैं। अब यूक्रेनी सेना ने दावा किया है कि कुर्स्क क्षेत्र में मोर्चे पर लड़ रहे उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस ने हटा लिया है। यूक्रेनी सेना ने दावा किया है कि भारी नुकसान के चलते उत्तर कोरियाई सैनिकों को मोर्चे से हटा लिया गया है। पश्चिमी, दक्षिण कोरियाई और यूक्रेनी खुफिया एजेंसियों का कहना है कि उत्तर कोरिया ने रूस की सेना का समर्थन करने के लिए अपने 10,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। उत्तर



कोरिया ने कभी भी आधिकारिक तौर पर अपने सैनिकों की रूस में तैनाती की बात स्वीकार नहीं की। यूक्रेन के अनुसार, ये तैनाती कुर्स्क क्षेत्र हुई, जहां यूक्रेन ने अगस्त में सीमा पार से बड़ी जवाबी कार्रवाई की थी। यूक्रेन का दावा है कि उसने हमले के बाद कुर्स्क में रूस की दर्जनों सीमा बस्तियों पर कब्जा कर लिया। यह पहली बार है जब द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से कोई विदेशी सेना रूसी क्षेत्र में घुसी थी। करीब छह महीने बाद भी यूक्रेन का रूसी क्षेत्र के बड़े हिस्से पर कब्ज़ा बरकरार है। माना जा रहा है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की, रूस के साथ किसी भावी बातचीत में कुर्स्क को लेकर सौदेबाजी कर सकते हैं। यूक्रेनी सुरक्षाबलों के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले तीन हफ्तों में, हमने उत्तर कोरियाई लोगों के साथ कोई गतिविधि या सैन्य झड़प नहीं देखी है। हमारा मानना है कि भारी नुकसान के कारण उन्हें वापस बुला लिया गया है। यूक्रेन ने पहले कहा था कि उसने कुर्स्क क्षेत्र में तैनात कई उत्तर कोरियाई सैनिकों को पकड़ लिया है या मार दिया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कुछ फुटेज भी पेश किए, जिनमें उन्होंने कहा है कि कुर्स्क मोर्चे पर उनकी सेना द्वारा पकड़े गए उत्तर कोरियाई सैनिकों की जानकारी दी। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा है कि घायल उत्तर कोरियाई सैनिक जिंदा पकड़े जाने के बजाय ग्रेनेड से खुद को उड़ा रहे थे।

# डीएम ने सुनी लोगों की जनसमस्याएं

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में मछलीशहर के तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि म मुख्यमंत्री की प्रेरणा से एवं मुख्य सचिव तथा अध्यक्ष राजस्व परिषद के निर्देशानुसार जन शिकायतों के निस्तारण के क्रम में तहसील मछलीशहर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम गोल्हनामऊ तहसील मछलीशहर के निवासी श्री विश्वनाथ द्वारा प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि उनकी पत्नी का नाम खतौनी में त्रुटिवश शकुन्तला देवी पत्नी विश्वनाथ दर्ज हो गया है जबकि आधार कार्ड में उनका नाम शकुन्तला पत्नी विश्वनाथ है, सही नाम शकुन्तला पत्नी विश्वनाथ होना चाहिए। उक्त का त्वरित संज्ञान लेते हुए आवेदक को तत्काल निस्तारण हेतु आश्वस्त किया गया तथा मात्र 01 घंटे में खतौनी में उनकी पत्नी का नाम खतौनी में सही कराते हुए त्रुटिरहित खतौनी आवेदक श्री विश्वनाथ को उपलब्ध करायी गयी। जिसपर आवेदक द्वारा संतुष्टी व्यक्त की गयी तथा शासन के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा तहसील के समस्त लेखपालों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ता की छोटी-छोटी समस्याएँ जिनका तत्काल निस्तारण किया जा सकता है उसके लिए किसी व्यक्ति को परेशान न किया जाये अन्यथा इसका प्रतिकूल संज्ञान लेते हुए सम्बंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है अतः इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या उदासीनता अक्षम्य होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रकरणों/शिकायतों को अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जा कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद/अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण ससमय निस्तारण किया जाए। तहसील में कुल 96 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें लगभग 20 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थान्तरित करते हुए जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गए। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 रामअक्षयबर चौहान की अध्यक्षता में तहसील मडियाहूं के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में अन्य तहसीलों में भी फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

## नाबालिक बच्चे पर जानलेवा हमला, एन सी आर दर्ज

**प्रयागराज।** जहाँ योगी सरकार अपराधियो पर लगाम लगाने पर लगी है वही प्रयागराज जनपद के थाना करेली में एक नाबालिग बच्चे को कुछ अज्ञात लड़को ने चेहरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिए। थाना करेली में लिखित तहरीर देते हुए बक्सी बाजार निवासी मोहम्मद अर्शी ने जिसकी दुकान मस्तान मार्केट करेली में है, ने बताया कि मेरा बेटा अर्सलान लगभग 13 साल का है जो कल 27 जनवरी को दोपहर में घर से खाना लेकर दुकान आ रहा था। तभी रास्ते मे बैरियर के आस पास चार पांच अज्ञात लड़को ने सुनसान जगह पाकर मेरे लड़के, अरसलान खाँ को रोक कर उसके ऊपर धारधार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। मोहम्मद अर्शी ने बताया कि मेरे लड़के के ऊपर जानलेवा हमला करने वाले उसी दिन रास्ते मे दो बार हमला किये जिसमे लड़का बुरी तरह लहूलुहान हो कर गिर गया, स्थानीय लोगो को आते देख अज्ञात हमलावरों ने मौके से भाग गए। मोहम्मद अर्शी का कहना है कि मेरा जमीनी विवाद चल रहा है, हो सकता है कि विरोधी पक्ष मेरे लड़के को ही टारगेट बना रहे हो। पीड़ित का कहना है कि मै पुलिस और योगी सरकार से मांग करते है कि मेरा और मेरे परिवार को खतरा है जांच कर दोषी लोगो के ऊपर उचित कानूनी कार्यवाही की जाय।

# उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयारी करें छात्र: प्रो. प्रदीप कुमार

**ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विशेष प्रशिक्षण का हुआ आयोजन**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वंदना सिंह की प्रेरणा से सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में इनक्यूबेशन सेंटर हॉल में एक विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रो. प्रदीप कुमार ने इस सत्र में छात्रों को साक्षात्कार प्रक्रिया, उद्योग की अपेक्षाएँ तथा आवश्यक कौशल के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। इसका उद्देश्य बायोटेक्नोलॉजी छात्रों को साक्षात्कार की तैयारी में सहायक बनना था। प्रो. प्रदीप कुमार ने छात्रों को बताया कि किस प्रकार की तैयारी से वे अपने आत्मविश्वास को बढ़ा सकते हैं और उद्योग की मांगों के अनुरूप अपने कौशल को विकसित कर सकते हैं। उन्होंने यह भी साझा किया कि प्लेसमेंट प्रक्रिया में किस प्रकार की तैयारियाँ आवश्यक होती हैं और किस तरह से पेशेवर विकास किया जा सकता है। सत्र के दौरान उपस्थित छात्रों ने अपने संदेहों को दूर करते हुए व्यावहारिक अनुभव से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ ने यह कदम छात्रों को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ने के उद्देश्य से उठाया है। इस तरह के सत्रों से छात्रों को न केवल तकनीकी जानकारी प्राप्त होती है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और पेशेवर सोच में भी वृद्धि होती है। भविष्य में ऐसे और भी सत्र आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे छात्रों को करियर निर्माण में निरंतर समर्थन मिलता रहे। विशेष सत्र के समापन पर सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अविनाश ने प्रो. प्रदीप कुमार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्लेसमेंट और करियर सफलता के लिए तकनीकी ज्ञान, शोध क्षमता और साक्षात्कार कौशल का समुचित समन्वय आवश्यक है।

उन्होंने इस तरह के शैक्षणिक और औद्योगिक उन्मुखीकरण कार्यक्रमों की महत्ता पर जोर दिया और भविष्य में भी ऐसे सत्र आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम के दौरान श्याम त्रिपाठी एवं मुख्य छात्र सदस्य आदित्य पांडे, दिव्यांशु संजय, रुद्रांश चतुर्वेदी, श्रेया मिश्रा, शिवांश श्रीवास्तव, हरी ओम साहू, आर्यन पाण्डेय, आयुष गुप्ता समेत कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत है अटेवा संगठन




अवधनामा संवाददाता

**सठियांव आजमगढ़।** एकमात्र मांग पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत संगठन अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय विजय कुमार बंधु के निर्देश पर अटेवा की सठियांव इकाई ने यूपीएस की प्रतीकात्मक प्रति जलाकर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की है।

ब्लॉक अध्यक्ष आलोक राय, ब्लॉक संयोजिका प्रतिभा गौतम, के संयुक्त निर्देशन में पूरे ब्लॉक के सभी प्राथमिक विद्यालयों, इंटर कॉलेजों, कार्यालय में यूपीएस की प्रति जला कर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई। वीडियो कार्यालय पर अटेवा के सहसंयोजक लक्ष्मण प्रसाद, राधेश्याम सिंह के नेतृत्व में तथा बीआरसी परिसर में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुल्भा राय, रीता यादव नाहिदा अंसारी के निर्देशन में, इंटर कॉलेजों में डॉ0 रत्नाकर सिंह जी के निर्देशन में, मदरसों में संगठन मंत्री सईदुद्दीन कर के निर्देशन में सरकार से यूपीएस को वापस लेकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई।

ब्लॉक संरक्षक विनोद यादव ने बताया कि अटेवा के प्रदेश तथा जिला नेतृत्व के निर्देश पर पूरे ब्लॉक में यह अभियान व्यापक रूप से चलाया जा रहा है। ब्लॉक के सभी शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी अपने विद्यालय, कार्यालय में यूपीएस की प्रतीकात्मक प्रति जलाकर सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म के माध्यम से सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। आज के इस अभियान को सफल बनाने में अफ्रोज अहमद, सुनील यादव, शैलेश गुप्ता, सतंजय, अरुण राय, नीरज सिंह, आलोक गुप्ता, मनीष राय, संतोष भारती, दीनदयाल, राकेश शर्मा बृजभान चौहान, प्रशांत मिश्रा, इंद्रजीत चौहान, अजय तिवारी बजरंग बहादुर, बिंद्रा यादव, पारस नाथ पारस, अरविंद, अनवार आलम, आलोक रंजन विनोद, सुनीता यादव, शाहनवाज, शरीफ ज्या, बृजेंद्र, आकाश, विनोद मौर्य महातम, गरिमा यादव, रूबी, सोनी, गीता गौतम नीलम वर्मा, अनीता कुमारी, संगीता यादव सुभाष, राजेश आदि लोगों का विशेष योगदान रहा।

## हाजीपुर गांव में चकबंदी के विरोध में ग्रामीणों मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**आजमगढ़।** आयुत्व में मंडलायुक्त की शिकायती पत्रक सौंपकर चकबंधिकर्ताओं के तबादले को रोकने की मांग की है। ग्राम प्रधान ने बताया कि हाजीपुर गांव में चकबंदी का कार्य चल रहा है जिसमें ग्राम समाज व बंजर खाते की जमीन पर कब्जा किए हुए कुछ भू माफियों को इस चकबंदी से आपत्ति है। आरोप लगाया कि उन्हीं के जोर दबाव के कारण ही चकबंदीकर्ताओं का तबादला किया जा रहा है। जिससे हम ग्रामीण असंतुष्ट है। जबकि हम ग्रामीणों को चकबंदीकर्ताओं के कार्य से संतुष्ट है इसलिए हम चाहते है कि सहायक चकबंदी अधिकारी, कानूनगो, चकबंदीकर्ता और लेखपाल का तबादला रोककर उन्हीं के द्वारा हमारे गांव की चकबंदी कराई जाए ताकि गांव के भू माफियाओं का पर्दाफाश हो सके और सरकारी व बंजर भूमि को भी उनके कब्जे से मुक्त कराया जा सके। इस दौरान राजनाथ सिंह, कतवारू साहनी, लालबहादुर पटेल, राम मिलन पटेल, करीमन यादव, सुनीता पाठक, राजेंद्र साहनी, मनोज जायसवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# यह आम आदमी, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है : पुष्पराज सिंह

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** मोदी सरकार द्वारा पेश किये गये बजट पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहायक बनेगा। उन्होंने कहा कि यह आम आदमी का बजट है। यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में नंबर एक पहुंचने में सहायक साबित होगा। मोदी सरकार द्वारा लाया गया ये बजट, एक दूरदर्शी बजट है। जो विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार साबित होगा। आत्मनिर्भर भारत का यह बजट स्वतंत्रता के 100वें वर्ष के नए भारत की नींव बनेगा। इस बजट में देश के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह बजट भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक सिद्ध होगा। यह बजट गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा

उन्होंने आगे कहा कि आज भारत के विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों के आकांक्षाओं का बजट है, ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। हमने कई सेक्टर युवाओं के लिए खोल दिए हैं। ये विकसित भारत के मिशन को ड्राइव करने वाला है, ये बजट बल गुणक है। ये बजट बचत को बढ़ाएगा, निवेश को बढ़ाएगा और ग्रोथ को भी तेजी से बढ़ाएगा। मैं वित्त मंत्री को इसके लिए बधाई देता हूं। आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि



सरकार का खजाना कैसे भरेगा, लेकिन ये बजट उससे बिलकुल उल्टा है। ये बजट, देश के नागरिकों की जेब कैसे भरेगा, देश के नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी और देश के नागरिक विकास के भागीदार कैसे बनेंगे? ये बजट इसकी एक बहुत मजबूत नींव रखता है। उन्होंने कहा कि आज देश विकास भी, विरासत भी के मंत्र को लेकर चल रहा है। इस बजट में इसके लिए बहुत महत्वपूर्ण और ठोस कदम उठाए गए हैं। इस बजट में एक करोड़ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए ज्ञान भारत मिशन को शुरू किया गया है। बजट में रिफॉर्म की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। इस बजट में रिफॉर्म की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। न्यूक्लियर एनर्जी में प्राइवेट सेक्टर को बढ़ावा देने का निर्णय बहुत ही ऐतिहासिक है। बजट में रोजगार के सभी क्षेत्रों को हर प्रकार से प्राथमिकता दी गई है। पिछले 10 वर्षों में, मोदी सरकार के विकास ट्रैक रिकॉर्ड और संरचनात्मक सुधारों ने महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है। इस सरकार के पहले दो कार्यकालों के दौरान किए गए परिवर्तनकारी कार्य एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते हैं, जिससे यह सरकार दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने में सक्षम हुई है।

# बजट 2025- 26 में छोटे व्यापारी, किसान, युवा व महिलाओं की बल्ले-बल्ले

अवधनामा संवाददाता

**देश के व्यापारियों ने किया आम बजट का स्वागत**

**प्रयागराज।** आज संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2025- 26 का देश का बजट पेश किया बजट में आम छोटे व्यापारी व आम नागरिक को 12 लाख रुपए तक की इनकम पर टैक्स में पूरी छूट देकर व्यापारियों व आम नागरिकों का मन जीत लिया है। देश के व्यापारी इस बजट का स्वागत करते हैं। उक्त बातें कैट के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि किसान के लिए उसके क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से 5 लाख, उधर बिहार में मखाना बोर्ड बनाने की घोषणा पर किसानों व व्यापारियों दोनों को लाभ होगा साथ ही एमएसएमई की लोन की सीमा 5 करोड़ से बढाकर 10 करोड़ की गई है इससे एमएससी में उद्योगों को व्यापार करने में लाभ होगा साथ ही आईआईटी में सीट बढ़ाने तथा मेडिकल की सिटी बढ़ाने की घोषणा की गई है साथ ही टीवी और एलसीडी पर कस्टम ड्यूटी 5त्न से घटकर ढाई परसेंट कर दी है इससे टीवी में एलसीडी सस्ते होंगे तथा आम आदमी की खरीद की रेंज में आ जाएंगे, उधर देश के सीनियर सिटीजंस को आईटीआर भरने की सीमा 2 साल से बढ़ाकर 4 साल कर दी है इससे देश के बुजुर्गों को आईटीआर भरने में सुविधा होगी। इस सब का देश व प्रदेश के व्यापारी स्वागत करते हैं।

व्यापारियों की पुरानी मांग व्यापारी क्रेडिट कार्ड को स्वीकार करना सूक्ष्म लघु और मध्यम क्षेत्र के लिए बहुत ही उपयोगी होने वाली है।

# वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त विकास आयुक्त डी. पी. सिंह कुंवर अजय सिंह अरविंद सिंह प्रबंध निदेशक शिवगोविंद सिंह और प्रधानाचार्या डॉली शर्मा'के साथ मिलकर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसे मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली देशभक्ति के नारों के साथ बनकट बाजार में डॉ भीमराव अंबेडकर मूर्ती तक गई और पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि डी. पी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत को स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा। आजादी के बाद देश को एकता के सूत्र में बांधने और इसकी गरिमा बनाए रखने के लिए भारतीय संविधान लागू किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे संविधान को विश्वभर के श्रेष्ठ विचारों से गहन शोध के बाद तैयार किया गया, और इसे समय-समय पर आवश्यकतानुसार संशोधित किया जा रहा है। प्रबंध निदेशक शिवगोविंद सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल छात्रों को प्रेरित करते हैं, बल्कि उनमें राष्ट्रप्रेम की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे समारोह स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान की याद दिलाते हैं और हमें उनकी धरोहर को संरक्षित रखने की जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय संरक्षक अरविन्द सिंह तथा प्रबंधन निदेशक शिव गोविन्द सिंह जी ने मुख्य अतिथि संयुक्त विकास आयुक्त डी. पी. सिंह पुष्पगुच्छ,तथा अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुंवर अजय सिंह, जगतपाल सिंह, आकाश सिंह,शिवम सिंह, उजाला गुप्ता, सौम्या पांडे, नीलम चौहान, रजनीश यादव, फ्हीम अहमद, एजाज, बागेश्वर गिरी,अनीता सिंह, आरती सिंह, सोनम सिंह, अभय सिंह, अजय श्रीवास्तव, रम्मन यादव, धनंजय सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## बाल श्रम विद्यालय परिसर में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**आजमगढ़।** तकिया स्थित चकला पहाड़पुर में बाल श्रम विद्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रेशमा बानो द्वारा झंडा रोहण किया गया तथा लगातार देशभक्ति के नाम से पूरा क्षेत्र गूंजायमान रहा है। भारत माता के चित्र पर प्रमुख समाजसेवी अभिषेक जायसवाल दीनू, नामी चिरैयाकोटी आदि ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। अभिषेक जायसवाल दिनु ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे उत्कृष्ट संविधान माना जाता है क्योंकि इसमें गरीब हो अमीर हो सभी के लिए स्वतंत्रता समानता और न्याय का अधिकार देता है स जो मजबूत राष्ट्र को मजबूती प्रदान करता है। माना जाता है क्योंकि इसमें गरीबों अमीरों सभी को निश्चित तथा समानता और न्याय का अधिकार देता है। अंत में उपस्थित जनों को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता जुल्फिक्कार बेग संचालक कैलाश प्रसाद गौड ने किया। इस अवसर पर जो खुश साहू कैलाश गोड़ श्री राम भार्गव लक्ष्मण गोड दीपक राज गोड दीपक जायसवाल मंत्रराज यादव मनोज खेतान शहजाद कुरेशी मीरा सिंह रूबी खान मेहरुन्निसा रजिया बानो अंजू साहू वंदना सुनीता गोड जूली निगम रीना निगम जगदीश यादव आदि मौजूद रहे ।

# निजीकरण: विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति धरना जारी

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** पूर्वान्चल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के विरोध में आजमगढ़ के बिजली कर्मचारियों, विद्युत अभियन्ताओं एवं संविदा कर्मियों ने विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर प्रदेश व्यापी आन्दोलन के तहत आजमगढ़ के सिधारी हाइडिल कार्यालय के बाहर कार्यालय समय के बाद विभागीय कार्य सम्पादित कर गुरुवार की देर शाम बिजली निजीकरण के विरोध में विरोध सभा कर मोमबत्ती जुलूस निकाल कर चेतावनी दी है कि ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण के द्वारा प्रदेश की जनता को मोमबत्ती युग में लाने के ऊर्जा प्रबन्धन के प्रयास को किसी भी हालत में प्रदेश के बिजली कर्मचारी पूरा नहीं होने देंगे। 01 फरवरी 2025 को लखनऊ में संयुक्त संघर्ष समिति के सभी घटक, श्रम संघों ध् सेवा संगठनों की केन्द्रीय कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक कर आगे के कार्यक्रम घोषित किये जायेंगे तथा प्रदेश के योगी सरकार से अपील किया कि निजीकरण की प्रक्रिया हेतु जारी की गयी टेण्डर नोटिस को तत्काल निरस्त किया जाए। वही इस आंदोलन को प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में ऑटो चालक समिति उत्तर प्रदेश व जन कल्याण समिति ने भी समर्थन दे दिया है। इस दौरान सभा में महाकुम्भ में हुए हादसे में दिवंगत हुए लोगों को शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी गई। सभा की अध्यक्षता ई0 उपेन्द्र नाथ चौरसिया संचालन समिति संयोजक प्रभु नारायण पाण्डेय श्प्रेमीश् ने किया है। इस दौरान सैयद मुनौव्वर अली, ई0 उपेन्द्र नाथ चौरसिया, ई0 विक्रम वीर सिंह, रोशन यादव, काशी नाथ गुप्ता, रवि शंकर गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, छोटे लाल, विरेन्द्र यादव, मो0 शाहिद अहमद, राजेश चौबे सहित बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारियों व ऑटो चालकों ने निजीकरण के खिलाफ किए जा रहे आन्दोलन का समर्थन किया है।

# मेडिकल कॉलेज के छात्र की सड़क हादसे में मौत, आक्रोशित लोगों ने किया चक्का जाम

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में स्थित मेडिकल कालेज के गेट के पास शुक्रवार को चार पहिया वाहन की चपेट में आने से मेडिकल कालेज का एक छात्र घायल हो गया। उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से वाराणसी भेज दिया गया। देर शाम वाराणसी में मौत हो गयी। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। मेडिकल कालेज के छात्र भी हतप्रभ रहे। मौत के बाद छात्र सड़क जाम कर प्रदर्शन करने लगे। जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम छात्रों को समझा कर वहां से हटाया। जाफरपुर गांव निवासी दीपचंद यादव पुत्र विजय बहादुर मेडिकल कॉलेज में ओटी टेक्निशियन का कोर्स कर रहा था। प्रथम वर्ष का छात्र था। रोज की तरह वह अपने दो पहिया वाहन से मेडिकल कालेज में पढ़ने आया था। क्लास करने के बाद वह अपने दो पहिया वाहन से घर जा रहा था। मेडिकल कॉलेज गेट के पास जौनपुर की तरफ से जा रही तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गया। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के कारण वाराणसी रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान मौत हो गयी। छात्र के मौत की सूचना मिलते ही परिवार वालो में कोहराम मचा गया। उधर शनिवार को आक्रोशित छात्र व स्थानीय जनता मेडिकल कॉलेज के सामने चक्का करके प्रदर्शन करने लगे सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर किसी तरह से समझा बुझाकर रास्ता साफ कराया।

# मोती झील विभागीय उपेक्षा के चलते अस्तित्व की लड़ रही लड़ाई

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी के पर्यावरण और पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण मोती झील अतिक्रमण और विभागीय उपेक्षा के चलते अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। राजधानी में सरकार नये वेटलैण्ड स्थापित कर रही है, वहीं प्राकृतिक वेटलैण्ड मोती झील दिन-प्रतिदिन अपनी पहचान खोती जा रही है। पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षणवादी अली हसनैन आब्दी फैज ने झील की पैमाइश कराते हुए मोती झील और उपझील जमुना का संरक्षण कर मोती झील को रामसर स्थल घोषित करने की मांग मुख्यमंत्री से की है। मोती झील के संरक्षण के लिए कई सालों से प्रयासरत अली हसनैन आब्दी लखनऊ विकास प्राधिकरण से लेकर नगर निगम तक पत्राचार करते रहे हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में श्री आब्दी ने प्रधानमंत्री के 100 स्मार्ट सिटी में शामिल लखनऊ स्मार्ट सिटी में मोती झील के जीर्णोद्धार कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में श्री आब्दी ने कहा कि मोती झील के चारों तरफ पर्याप्त वृक्ष और समृद्ध परिस्थिति हैं, जो झील को पर्यटन के साथ ही रोजगारपरक स्थल बना सकते हैं। मोती झील भूगर्भीय जल संचय में योगदान देकर लखनऊ को आदर्श शहर के रूप में स्थापित कर सकती है। श्री आब्दी ने मुख्यमंत्री से मोती झील का संरक्षण कराए जाने की मांग की है।

# पी डी ए बैठक में समाजवादी पार्टी ने बीजेपी के खिलाफ साधा निशाना'

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र के पुषड़ा आयमा तारा बांध गांव में शनिवार को पीडीए बैठक कर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने बीजेपी खिलाफ जम कर निशाना साधा। पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक समुदाय को उनके हक आधिकार के लिए जागरूक किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर देश भर में कार्यक्रम चलाया जा रहा है।यह कार्यक्रम 27जनवरी से आरंभ होकर आज भी गतिमान है।इसी कड़ी में आज पुषड़ा आयमा तारा बांध में एक बैठक हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए राम दुलारे राजभर ने कहा कि बीजेपी धर्म की आड़ में जनता को गुमराह कर वोट की राजनीति कर रही हैं।आज देश, संविधान,खतरे में है। पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक अधिकार को खतम कर रही है। आरक्षण को समाप्त कर रही है। पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक 85 प्रतिशत है इनके हक अधिकार के लिए समाजवादी पार्टी इन्हें जागरूक कर रहे रही है। प्रयागराज महा कुम्भ मेला में श्रद्धालुओं की मौत का आंकड़ा छुपा रही है।यह सरकार देश में नफ्रत का माहौल बना कर जनता को धोखा दे रही है। प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ की घटना में मृतकों के प्रति दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीताराम राम चौहान व संचालन बहादुर यादव ने किया। इस अवसर पर रामदुलार राजभर, अब्दुल्लाह अलाउद्दीन, पूर्व प्रधान राम करण यादव, श्यामदेव चौहान, शयाम नारायण यादव, बबलू यादव, बहादुर राम, हरिश्चंद्र राम, डॉ गौरव यादव, दीपचंद्र विसारत, रमेश गौंड़ इत्यादि।

# उद्योग जगत ने बजट को संतुलित बताया, बाजार का कहना- कर कटौती से डिस्पोजेबल आय में होगी वृद्धि




**नई दिल्ली।** बजट 2025 के दिन शेयर बाजार का इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी जो सपाट खुले, लेकिन बजट भाषण पेश होते हुए लाल निशान पर फिसल गए। बाजार के विशेषज्ञों के अनुसार शेयर बाजार में गिरावट पूंजीगत व्यय जो कि 11 लाख करोड़ रुपये होना था, जो सरकार की तरफ से 10.18 लाख करोड़ रुपये का दिया गया है इसकी वजह से बाजार में निराशा देखने को मिली है। इसके बाद भी बाजार के विशेषज्ञों और उद्योग को यह बजट पसंद आया है। उद्योग ने इसे संतुलित बताया है तो बाजार के जानकारों का कहना है कि बजट में हुई कर कटौती से डिस्पोजेबल आय में वृद्धि से उपभोग में बढ़ोतरी होगी और बाजारों के माध्यम से भारतीय परिवारों को और अधिक धन सर्जित करने के अवसर मिलेगे।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी एवं सीईओ आशीष चौहान ने कहा कि यह बजट मजबूत विकास के उपायों, बढ़े हुए पूंजीगत व्यप और कम कर बोझ के साथ भारत की विकास की गति को आगे बढ़ाएगा। डिस्पोजेबल आय में वृद्धि से उपभोग में बढ़ोतरी होगी और बाजारों के माध्यम से भारतीय परिवारों को और अधिक धन सर्जित करने के अवसर मिलेगे। ज्यादा से ज्यादा लोग मौजूदा 11 करोड़ यूनिक इंवेस्टर्स के ग्रुप में शामिल होकर स्टेकहोल्डर्स बनेंगे जो भारत की विकास की यात्रा के लिए लाभकारी होगा। वे कहते हैं इससे आर्थिक विकास, पूंजी निर्माण और रोजगार सृजन को बढ़ावा तो मिलेगा साथ रोजगार, शिक्षा महिला सशक्तिकरण तथा युवाओं, किसानों और एमएसमई को विशेष समर्थन मिलेगा।

असित सी मेहता इन्वेस्टमेंट के रिसर्च हेड सिद्धार्थ भामरे कहते हैं कि बजट बाजार के लिए नहीं पेश किया गया है, यह आम नागरिकों के लिए पेश किया जाने वाला बजट है। हमने पहले भी कहा था बजट में ऐसा कुछ भी नहीं आएगा जो बाजार को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दे। पिछले छह महीनें से बाजार चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसमें आर्थिक वृद्धि की गति धीमी होना, विदेशी निवेशकों द्वारा बिकवाली और दूसरी तिमाही में कंपनियों की आय कम होना मुख्य वजह हैं और अब सरकार द्वारा कैपिटल खर्च कम कर दिए जाने की वजह से बाजार लाल निशान पर बना हुआ है। उनका कहना है आनेवाले समय में निवेशकों को बाजार में लॉग टर्म निवेश की ओर देखना पड़ेगा, क्योंकि मौजूदा समय में शार्ट टर्म का समय अधिक नहीं रहा है, यानी मिड और स्मॉल कैप के बजाए लंबी अवधि के लिए निवेश और शोध करके निवेश करने की प्रवृत्ति जो कि हमारे नए निवेशकों में बिल्कुल नहीं है, उनकों अपनानी होगी। यह बजट उपभोग को बढ़ावा देने के लिए करदाताओं को राहत प्रदान करेगा और साथ ही सुधारों की एक श्रृंखला के माध्यम से दीर्घकालिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कदम लिए गए हैं, जो भले ही बहुत बड़े कदम न लगें, लेकिन एक ऐसी गति जरुर पैदा करेंगे जो समय के साथ अपने आप फल फूल सकती है।

कोटक सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ श्रीपाल शाह कहते हैं केंद्रीय बजट 2025 स्पष्ट रूप से वित्तीय स्थिरता को सुनिश्चित करते हुए विकास को गति देने के लिए उपभोक्ता मांग को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। पिछले दो तिमाहियों में आर्थिक विस्तार धीमा होने के साथ नए घोषित उपायों को एक बार फिर से गति प्रदान करने बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत आयकर में बड़ी राहत दी गई है, जिसमें 12 लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्तियों को अब टैक्स नहीं देना होगा। इससे फैसले से मध्यम वर्ग परिवार पर वित्तीय बोझ कम होने, बढ़ती महंगाई से कीमतों के प्रभाव को कम करने और उपभोक्ता खर्च को साथ निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा टीडीएस और टीसीएस व्यवस्था में कई सुधार को अच्छा कदम है।

# इस परिवार के पास हैं 20 इलेक्ट्रिक स्कूटर

**लखनऊ।** एथर एनर्जी लिमिटेड के को-फाउंडर एवं सीईओ, तरुण मेहता ने हाल ही में एक्स पर बैंगलुरू के एक परिवार के बारे में बताया, जिसके पास 20 एथर स्कूटर हैं। कोठारी परिवार साड़ियों का व्यवसाय करता है, जिसके पास 20 एथर इलेक्ट्रिक स्कूटर हैं, जिनमें 450एक्स, 450 एपेक्स और रिज़्टा शामिल हैं। इस परिवार में तीन पीढ़ियाँ हैं, जिनकी सबसे छोटी सदस्य प्रज्ञा कोठारी की उम्र 19 साल है, और सबसे वृद्ध महेंद्र कोठारी की उम्र 61 साल है।



एथर के साथ उनके परिवार का सफर साल 2017 से शुरू हुआ, जब भारत में इलेक्ट्रिक स्कूटरों का चलन ज्यादा नहीं था। कोठारी परिवार में सबसे पहले एथर स्कूटर भारत कोठारी ने खरीदा था, जब उन्होंने 2018 में 450 सीरीज़ के लॉन्च से पहले अपने लिए एथर स्कूटर बुक किया। उनके अनुभव को देखकर उनके बेटे सौरभ ने जल्द ही अपने लिए भी एथर स्कूटर ले लिया। धीरे-धीरे पूरे परिवार द्वारा एथर स्कूटर खरीद लिया गया। इस परिवार में आया एक एथर स्कूटर धीरे-धीरे पूरे परिवार की पसंद बनकर स्कूटरों का एक बेड़ा बन गया। इसका कारण इलेक्ट्रिक वाहन का परिवेश स्थापित करने, चार्जिंग का इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने और सर्विस का सुगम अनुभव प्रदान करने की एथर की प्रतिबद्धता है।

कोठारी परिवार को अपने समुदाय में 'एथर परिवार' कहा जाने लगा है, जिसका कारण उन सभी के द्वारा आवागमन के लिए एथर स्कूटर खरीदना है। यह परिवार एथर स्कूटर्स के लिए इतना अधिक संकल्पित है कि जब इस परिवार में कोई भी युवा राईडिंग की उम्र में पहुँचता है, जो उसे एथर स्कूटर दे दिया जाता है। वो अपने दोस्तों को भी एथर स्कूटर खरीदने का परामर्श देते हैं, और कई अन्य लोगों को एथर स्कूटर खरीदने के लिए मना चुके हैं। एथर कम्युनिटी डे और ओपन हाउसेस जैसे अभियान एथर मालिकों को कनेक्ट होने, फीडबैक साझा करने, और आगामी फीचर्स एवं इनोवेशंस से अपडेटेड रहने का एक मंच प्रदान करते हैं। कोठारी परिवार के सदस्य भी एथर कम्युनिटी के सक्रिय सदस्य हैं, जो एथर कम्युनिटी डे और ओपन हाउसेस में हिस्सा लेते रहते हैं, तथा कंपनी और कम्युनिटी के सदस्यों के साथ अपने फीडबैक और अनुभव साझा करते हैं।

## बजट पर बाजार की सुस्त प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से खुदरा निवेशकों और समग्र बाजार के लिए कुछ खास नहीं आने की उम्मीद से शनिवार को विशेष कारोबारी सत्र में सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। लेकिन, सीतारमण द्वारा सुधारवादी बजट के तहत 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को आयकर से छूट देने तथा कर स्लैब में फेरबदल करने के बाद उपभोग-संबंधित क्षेत्रों में हुई लिवाली ने बाजार में बड़ी गिरावट को रोक दिया। केंद्रीय बजट पेश होने के कारण शनिवार को बाजार खुले थे।

भारी उतार-चढ़ाव वाले दिन के बाजार में, 30 शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 5.39 अंक या 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 77,505.96 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान, यह 77,899.05 के उच्चतम और 77,006.47 के निम्नतम स्तर पर पहुंचा, तथा 892.58 अंक ऊपर-नीचे हुआ।

एनएसई निफ्टी 26.25 अंक या 0.11 प्रतिशत गिरकर 23,482.15 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में बेंचमार्क ने 23,632.45 का उच्चतम और 23,318.30 का न्यूनतम स्तर छुआ। पिछले चार दिनों से बाजार में तेजी जारी थी। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार ने केंद्रीय बजट पर मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है, जिसका मुख्य कारण वित्त वर्ष 2026 के लिए पूंजीगत व्यय में मामूली 10 प्रतिशत की वृद्धि है, जो उम्मीदों से कम है। रेलवे, रक्षा और बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्र प्रभावित हुए हैं, जिन पर बाजार प्रदर्शन के लिए निर्भर करता है, जिससे धारणा कमजोर हुई है। दूसरी ओर, नायर ने कहा कि उपभोग आधारित क्षेत्र, जिन्हें सबसे अधिक लाभ मिलने की उम्मीद है, उनकी मामूली बाजार मिश्रित स्थिति के कारण व्यापक बाजार पर उनका प्रभाव कम रहा।

## ओला इलेक्ट्रिक ने अपने S1 पोर्टफोलियो को जेन 3 में विकसित किया, मास और प्रीमियम सेगमेंट में 8 नए स्कूटर लॉन्च किए

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने अपने S1 जेन 3 पोर्टफोलियो का लॉन्च करके इलेक्ट्रिक वाहन की टेक्नोलॉजी को नैक्स्ट लेवल में पहुँचा दिया है। ये इलेक्ट्रिक स्कूटर एडवांस्ड जेन 3 प्लेटफॉर्म पर बने हैं। इस नए पोर्टफोलियो में S1 X (2kWh) का मूल्य 79,999 रुपये से शुरू होता है। पोर्टफोलियो का सबसे महंगा सकूटर S1 प्रो+ 5.3 (kWh) 1,69,999 रुपये (इंट्रोडक्टरी मूल्य) में मिलेगा।

जेन 3 पोर्टफोलियो में सबसे ज्यादा चर्चा में फ्लैगशिप S1 प्रो+ 5.3 kWh (4680 भारत सैल के साथ) और 4kWh हैं, जिनके मूल्य क्रमशः 1,69,999 रुपये और 1,54,999 रुपये हैं। S1 प्रो 4kWh और 3kWh बैटरी विकल्पों में क्रमशः 1,34,999 और 1,14,999 रुपये में उपलब्ध है। S1 X रेंज का मूल्य 2kWh के लिए 79,999 रुपये, 3kWh के



लिए 89,999 रुपये और 4kWh के लिए 99,999 रुपये है। 4kWh बैटरी के साथ S1 X+ का मूल्य 1,07,999 रुपये है। लेटेस्ट जेन 3 S1 स्कूटर्स के अलावा कंपनी के जेन 2 स्कूटर 35,000 रुपये तक के डिस्काउंट के साथ बिकते रहेंगे, जिनके मूल्य क्रमशः 1,14,999 रुपये, 69,999 रुपये, 79,999 रुपये और 89,999 रुपये हैं।

जेन 3 प्लेटफॉर्म परफॉर्मेंस, एफिशियंसी, सुरक्षा और विश्वसनीयता को बढ़ाकर अगले लेवल में ले गया है। इस पूरे पोर्टफोलियो में अब एक मिड ड्राईव मोटर और चेन ड्राईव है, जो अनुकूलित परफॉर्मेंस और विश्वसनीयता प्रदान करती है। बेहतर रेंज और एफिशियंसी के लिए इस पोर्टफोलियो में इंटीग्रेटेड एमसीयू (मोटर कंट्रोल यूनिट) है। इसलिए जेन 3 पोर्टफोलियो जेन 2 के मुकाबले 11% कम खर्च के साथ 20% ज्यादा पीक पॉवर और 20% ज्यादा रेंज प्रदान करता है। जेन 3 प्लेटफॉर्म में इलेक्ट्रिक स्कूटर के लिए श्रेणी का पहला ड्युअल एबीएस (एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम) और पेटेंटेड ब्रेक-बाय-वायर टेक्नोलॉजी पेश की गई है, जो ब्रेक पोज़िशन सेंसर के आधार पर ब्रेक लगाती है, और रिजनरेटिव एवं मैकेनिकल ब्रेकिंग के बीच ब्रेकिंग के प्रकार का डायनामिक मॉड्युलेशन करती है।

यह पेटेंटेड टेक्नोलॉजी राईडिंग की सभी परिस्थितियों में बेजोड़ सुरक्षा, कंट्रोल, और अत्यधिक प्रभावशाली ब्रेकिंग प्रदान करती है, तथा एनर्जी रिकवरी को 15% बढ़ा देती है।

## भारत के बजट पर मूडीज की प्रतिक्रिया, कहा- रेटिंग पर कोई फर्क नहीं, कर्ज के बोझ को कम करने की जरूरत

**नई दिल्ली।** मूडीज ने कहा कि भारत की सॉवरेन रेटिंग को तुरंत अपग्रेड नहीं किया जाएगा, क्योंकि सरकार के वित्तीय प्रबंधन और घाटे को कम करने के प्रयासों के बावजूद कर्ज का बोझ और ऋण सेवा खर्च अभी भी अधिक है। मूडीज ने भारत की आर्थिक वृद्धि को सकारात्मक बताया, लेकिन बाहरी कारणों से महंगाई दर के प्रभावित होने की संभावना जताई। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने शनिवार को कहा कि भारत की सॉवरेन रेटिंग को तुरंत अपग्रेड नहीं किया जाएगा। हालांकि, सरकार वित्तीय प्रबंधन को सही दिशा में ले जाने और वित्तीय घाटे को 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 फीसदी तक घटाने का प्रयास कर रही है।

मूडीज के उपाध्यक्ष क्रिश्चियन डी गुजमैन ने कहा, हम सरकार के वित्तीय अनुशासन और घाटे को कम करने के प्रयासों को सकारात्मक मानते हैं। लेकिन ये सुधार अभी सॉवरेन रेटिंग को अपग्रेड करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। मूडीज अभी भारत की सॉवरेन रेटिंग को बीएए3 पर बनाए रखे हुए है, जो कि निवेश की सबसे निचली श्रेणी की रेटिंग है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में वित्त वर्ष 2025 के लिए 4.8 फीसदी और वित्त वर्ष 2026 के लिए 4.4 फीसदी के वित्तीय घाटे का अनुमान लगाया है। मूडीज ने कहा कि रेटिंग अपग्रेड करने के लिए कर्ज का बोझ कम करना और अधिक राजस्व पैदा करने के उपायों की जरूरत है। इसके अलावा, ऋण सेवा पर व्यय सरकार के बजट का सबसे बड़ा हिस्सा बना हुआ है।

मूडीज ने भारत के विकास के दृष्टिकोण को सकारात्मक माना और कहा कि भारत आने वाले वर्षों में जी20 देशों में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली अर्थव्यवस्था हो सकती है। हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने तेल की कीमतें, मुद्रा अस्थिरता और खाद्य मूल्य परिवर्तन जैसे बाहरी कारणों से भारत की महंगाई दर के प्रभावित होने की आशंका जताई।

# सैमसंग ने एजुकेशन को दी नई दिशाः स्मार्ट टीवी पर EMBIBE का AI-पावर्ड लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म हुआ उपलब्ध

**गुरुग्रामः** भारत के अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने EMBIBE के साथ एक नई साझेदारी की घोषणा की है। EMBIBE एक एआई-आधारित पर्सनलाइज्ड लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म है, जिसे छात्रों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और सहज बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस सहयोग के तहत EMBIBE को सैमसंग के एजुकेशन हब ऐप में जोड़ा जाएगा। यह ऐप विशेष रूप से टीवी पर शैक्षिक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया है, जिससे छात्रों को एक व्यक्तिगत और इंटरएक्टिव सीखने का अनुभव मिलेगा। इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को उनकी पढ़ाई में सहायता प्रदान करना है, चाहे वे CBSE, ICSE, IB, कैम्ब्रिज, या किसी राज्य बोर्ड के पाठ्यक्रम में हों। इसके साथ ही, यह IIT JEE और NEET जैसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में भी मदद करेगा। सैमसंग एजुकेशन हब पर EMBIBE के माध्यम से उपलब्ध कराए गए इमर्सिव 3ष्ठ व्याख्यात्मक वीडियो छात्रों के लिए सबसे कठिन विषयों को भी समझना आसान बनाएंगे। इन वीडियो को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि पढ़ाई का अनुभव न केवल प्रभावी हो, बल्कि रोचक और आकर्षक भी हो। इस पहल के माध्यम से, सैमसंग और EMBIBE मिलकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि टीवी सिर्फ मनोरंजन का माध्यम न रहकर, एक ऐसा उपकरण बन जाए जो छात्रों की शिक्षा और उनके भविष्य को बेहतर बनाने में सहायक हो। सैमसंग इंडिया के विज़ुअल डिस्प्ले बिज़नेस के वरिष्ठ निदेशक विपलेश डांग ने कहा कि सैमसंग एजुकेशन हब ऐप का उद्देश्य टीवी को महज मनोरंजन का साधन न रहने देकर इसे ऑनलाइन शिक्षा के एक सरल और प्रभावी मंच में बदलना है। यह डिज़ाइन-फॉर-टीवी शिक्षा ऐप ऑनलाइन लर्निंग के अनुभव को पूरी तरह से नया रूप देने के लिए तैयार है। इसका लक्ष्य इसे सभी के लिए रोचक और आसानी से सुलभ बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि सैमसंग का विज़न एक ऐसा भविष्य बनाना है जहां शिक्षा की कोई सीमा न हो और ज्ञान सिर्फ एक बटन के क्लिक पर उपलब्ध हो सके।EMBIBE की संस्थापक और सीईओ अदिति अवस्थी ने इस साझेदारी को शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि सैमसंग टीवी के साथ EMBIBE की साझेदारी के ज़रिए छात्रों को एक व्यक्तिगत और आकर्षक लर्निंग अनुभव मिलेगा। सैमसंग और EMBIBE ने मिलकर दो प्रमुख चुनौतियों का समाधान किया है। पहला, शानदार और इंटरैक्टिव मल्टी-मॉडल कंटेंट तैयार करना और दूसरा,इसे एआई की मदद से एक गहराई से व्यक्तिगत अनुभव में बदलना। यह तालमेल सैमसंग की तकनीकी विशेषज्ञता और EMBIBE की एडटेक इनोवेशन को साथ लाता है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी शैक्षिक उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करेगी और सभी के लिए ज्ञान तक पहुंच आसान बनाएगी। EMBIBE की खासियत इसका एआई-संचालित व्यक्तिगत अभ्यास है, जो हर छात्र की सीखने की जरूरतों और स्तर के हिसाब से खुद को ढाल लेता है। सैमसंग एजुकेशन हब के जरिए छात्र EMBIBE के वीडियो आधारित शिक्षण संसाधनों तक पहुंच सकते हैं। ये संसाधन अंग्रेजी, हिंदी और 10 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध हैं। EMBIBE का यह प्लेटफॉर्म 10 वर्षों के शैक्षिक डेटा और दो करोड़ से अधिक छात्रों के अनुभवों पर आधारित है। छात्र यहां से 54,000 से अधिक अभ्यास परीक्षणों में से अपनी जरूरत के मुताबिक विकल्प चुन सकते हैं।

# ए.आर. रहमान और अरिजीत सिंह एक बार फिर साथ आए हैं और फिल्म छावा के जाने तू के लिए एक शाश्वत प्रेम गीत लेकर आए हैं

**नई दिल्ली।** अकादमी पुरस्कार विजेता दिग्गज ए.आर. रहमान और भारत के सबसे लोकप्रिय गायक अरिजीत सिंह ने बहुप्रतीक्षित फिल्म छावा के गाने जाने तू के लिए फिर साथ आए हैं। यह मनमोहक गीत छत्रपति संभाजी महाराज और महारानी येसुबाई के शाश्वत बंधन को दर्शाता है, जिन्हें क्रमशः विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना ने निभाया है।

दूरदर्शी दिनेश विजान और मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित और प्रतिभाशाली लक्ष्मण उटेकर द्वारा निर्देशित छावा भारत के इतिहास की एक प्रतिष्ठित शख्सियत को एक ऐसे अंदाज में जीवंत करती है, जिसे पहले कभी नहीं देखा गया। यह फिल्म 14 फरवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है।

हैदराबाद में स्टारकास्ट ने अपने प्रशंसकों और मीडिया के बीच इस गाने को लॉन्च किया। गाने के टीजर को पहले ही जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल चुकी है और पूरा ट्रैक निश्चित रूप से इस उम्मीद के मुताबिक होगा,




जो एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करेगा। जाने तू एक ऐसा गाना है जो मुश्किलों पर जीत हासिल करने वाले बंधन की भावनाओं को प्रतिध्वनित करता है। ए.आर. रहमान की रचना में उनकी ट्रेडमार्क प्रतिभा है - जटिल, अलौकिक, फिर भी सार्वभौमिक। इरशाद कामिल के काव्यात्मक बोलों के साथ, यह गाना प्यार की खूबसूरती को दर्शाता है और अरिजीत सिंह की दिल को छू लेने वाली आवाज़ दर्शकों के बीच प्यार की लहरें पैदा करने के लिए तैयार है।

ए.आर. रहमान कहते हैं, ÷जाने तू के लिए, मैं चाहता था कि संगीत छत्रपति संभाजी महाराज और महारानी येसुबाई के बीच शाश्वत भक्ति-जैसे प्रेम को प्रतिध्वनित करे, साथ ही आधुनिक आत्मा से बात करे। प्रयास कुछ ऐसा बनाने का था जो दो दुनियाओं - ऐतिहासिक और समकालीन - के बीच एक पुल की तरह लगे। अरिजीत सिंह की बनावट और भावनात्मक रूप से भरी आवाज़ रचना के चारों ओर लिपटी हुई है, जो श्रोता को तड़प और उम्मीद की दुनिया में ले जाती है। उनकी शास्त्रीय विशेषज्ञता और दिल को छू लेने वाली प्रस्तुति ने गीत को एक ऐसे दायरे में पहुँचा दिया है, जिसे बहुत कम गायक ही खोल सकते हैं। अरिजीत सिंह कहते हैं, जाने तू दिव्य और ईमानदार है। धुन बिल्कुल दिल को छू जाती है। मैं खुद को धन्य महसूस करता हूँ कि रहमान सर ने मुझे यह अवसर दिया है, मैं आभारी हूँ। मुझे लगता है कि उनका संगीत समय से परे है और मैं उनके संगीत का अनुभव करने के लिए खुद को भाग्यशाली मानता हूँ।

## ई-श्रम पोर्टल पर होगा एक करोड़ गिग वर्कर्स का पंजीकरण

**नई दिल्ली।** निर्मला सीतारमण ने कहा, ऑनलाइन मंच के 'गिग वर्कर न्यू एज सर्विस अर्थव्यवस्था को बहुत गतिशीलता प्रदान करते हैं। उनके योगदान को सम्मान देते हुए हमारी सरकार ई-श्रम पोर्टल पर उनके पहचान पत्र और पंजीकरण की व्यवस्था करेगी। केंद्र सरकार ने बजट में गरीब तबके के लोगों के लिए बड़ा एलान किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार एक करोड़ गिग वर्कर्स को मदद देने के लिए ई-श्रम मंच पर पंजीकरण की व्यवस्था शुरू करेगी। इसके लिए श्रमिकों के पहचान पत्र की व्यवस्था भी की जाएगी। ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए डिलिवरी सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारी गिग कर्मियों की श्रेणी में आते हैं।

**पहचान पत्र और पंजीकरण की व्यवस्था**

केंद्रीय बजट 2025-26 पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि शहरी श्रमिकों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए एक योजना लागू की जाएगी। उन्होंने कहा, ऑनलाइन मंच के 'गिग वर्कर न्यू एज सर्विस अर्थव्यवस्था को बहुत गतिशीलता प्रदान करते हैं। उनके योगदान को सम्मान देते हुए हमारी सरकार ई-श्रम पोर्टल पर उनके पहचान पत्र और पंजीकरण की व्यवस्था करेगी।

**एक करोड़ श्रमिकों को सहायता मिलने की संभावना**

सीतारमण ने कहा कि ऐसे श्रमिकों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के तहत स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इससे करीब एक करोड़ श्रमिकों को सहायता मिलने की संभावना है।

**'डेकेयर' कैंसर केंद्रों की स्थापना**

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि अगले वर्ष तक मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में 10,000 सीट जोड़ी जाएंगी, जबकि उसके अगले पांच वर्षों में 75,000 सीट और जोड़ी जाएंगी।

## अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड कंपनी ने 4981 लाख रुपए का राइट्स इश्यू 28 जनवरी 2025 को सब्सक्रिप्शन के लिए खोला

ULTRACAB®
WIRES & CABLES
GHAR SURAKSHIT - AAP SURAKSHIT

**राजकोट, गुजरातः** भारत में बिजली के तारों और केबलों के उत्पादन और निर्यात में अग्रणी अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड (बीएसई-538706) का 4981 लाख का राइट्स इश्यू 28 जनवरी 2025 से सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। कंपनी का सही इश्यू प्राइस 14.5 रुपए प्रति शेयर है और यह 11 फरवरी, 2025 को बंद होगा।

निवेशक कंपनी के राइट्स इश्यू में भाग लेने/सदस्यता लेने के लिए बीएसई से अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड के राइट्स एंटाइटेलमेंट (बीएसई प्रतीकः 750951) भी खरीद सकते हैं। राइट्स इश्यू ऑन-मार्केट अस्वीकार की समय सीमा 5 फरवरी, 2025 है। इस इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 9:25 (रिकॉर्ड तिथि - 16 जनवरी, 2025 को शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 25 इक्विटी शेयरों के लिए 9 राइट्स इक्विटी शेयर) तय किया गया है। कंपनी 2 रुपए प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर 3.43 करोड़ पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर जारी करेगी।

मार्च-2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2024 के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 598 लाख रुपए रहा, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 582 लाख रुपए था।इसके अलावा वित्त वर्ष 2024 के दौरान कंपनी का रेवेन्यू 12439 लाख दर्ज किया गया, जो वित्त वर्ष 2023 में 10767 लाख रुपए था।

राइट्स इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग ऋणों के पूर्व भुगतान/पुनर्भुगतान, कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को बढ़ाने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री नितेश वघासिया ने कहा कि, ÷हमारा राइट्स इश्यू जिम्मेदार विकास, वित्तीय लचीलापन और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। हम मौजूदा शेयरधारकों को उनकी हिस्सेदारी बढ़ाने का अधिकार देकर उनके विश्वास और वफादारी का सम्मान करते हैं। साथ ही रणनीतिक विस्तार और अधिग्रहण के लिए महत्वपूर्ण फंडिंग हासिल करना, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ सस्टेनेबल विकास के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह कदम वास्तव में गुणवत्ता, नवाचार और ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण के प्रति हमारे समर्पण के अनुरूप हैं। आगे बढ़ते हुए हम डिजिटल परिवर्तन और लक्षित उत्पाद और बाजार विस्तार को प्राथमिकता देकर इस गति को जारी रखेंगे। हमारा ध्यान दीर्घकालिक हितधारक मूल्य बनाने और निरंतर विकास को आगे बढ़ाने पर है।

वर्ष 2007 में स्थापित, अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड गुजरात स्थित उच्च गुणवत्ता वाले बिजली के तारों और केबलों का निर्माता और निर्यातक है। कंपनी घरेलू, औद्योगिक, सौर और एलिवेटर अनुप्रयोगों की सेवा प्रदान करती है। अपनी विश्वसनीयता के लिए जानी जाने वाली यह कंपनी बेहतर उत्पाद सुनिश्चित करने के लिए उन्नत तकनीक और सख्त गुणवत्ता नियंत्रण का उपयोग करती है।

## केंद्रीय बजट 2025 शिक्षा में डिजिटलीकरण की क्षमता को रेखांकित करता है

केंद्रीय बजट 2025 शिक्षा में डिजिटलीकरण की क्षमता को रेखांकित करता है और भविष्य के विकास के लिए रूपरेखा प्रदान करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल परिवर्तन में तेजी से प्रगति की वजह से भारतीय वर्कफोर्स के कौशल को बढ़ाने की आवश्यकता है। 500 करोड़ के निवेश से तीन एआई केंद्र की स्थापना भारत को एआई अनुसंधान हब के रूप में स्थापित करेंगे। स्किल डेवलपमेंट के लिए पांच राष्ट्रीय केंद्रों की स्थापना और स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब्स की स्थापना की घोषणा न केवल नवाचार और उद्यमशीलता को प्रेरित करेंगे, बल्कि युवाओं को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप नौकरी के लिए तैयार करेंगे। सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य



सुविधाओं में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी शिक्षा में सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करेगी। अन्य पहलें, जैसे स्टार्टअप्स के लिए फंड ऑफ फंड्स, फंड्स का डीप टेक फंड और 1 अप्रैल 2030 से पहले निगमित सभी स्टार्टअप्स के लिए 80ढ्ढष्ट के तहत लाभों के विस्तार से देश में उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

# पडरौना शहर में बिना नक्शा पास कराए हो रहा निर्माण, जिम्मेदार मौन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** सूबे की योगी सरकार हरियाली बढ़ाने और उसे बचाने के लिए जहां पुरी तरह संकल्पित है वही प्रशासन और मास्टर प्लान विभाग, योगी सरकार के मंसूबे पर पानी फेरता नजर आ रहा है। नतीजतन जिम्मेदार अधिकारियों के साथ मिलकर पडरौना शहर के ग्रीन बेल्ट से हरियाली का नामोनिशान मिटाकर पेड़-पौधों की जगह बडी बडी इमारतें, दुकान, अस्पताल और रेस्टोरेंट खडा कर रहे है। प्रशासन की सक्रियता का आलम यह है कि ग्रीन जोन एरिया में बिना नक्शा पास कराए अवैध तरीके से नगर के विनोद शर्मा सहित अन्य लोगो का भवनों का निर्माण दबंगई के बल पर धड़ल्ले से हो रहा है। पडरौना नगर के गायत्री मंदिर के बगल व कसया जाने वाली मार्ग पर स्थित बडी गंडक नहर की प्रथम पटरी के बगल में पुल से बावली चौक तक पडरौना नगर का ग्रीन जोन एरिया घोषित किया गया है जहां किसी भी प्रकार के स्थाई निर्माण पर पूरी तरह प्रतिबंधित है। मजे की बात यह है कि ग्रीन जोन चिन्हित एरिया में मकान निर्माण कराने के लिए मास्टर प्लान द्वारा किसी भी तरह से नक्शा पास नही किया जा रहा है। इसके बावजूद बिना नक्शा पास कराए अवैध तरीके से ग्रीन जोन मे भवन व इमारतों का निर्माण किया जा रहा और प्रशासन व मास्टर प्लान के जिम्मेदार कुंभकर्णी निद्रा में है।



बिना नक्शा पास कराए गायत्री मंदिर क्षेत्र में मकान का हो रहा निर्माण

### नही पास हुआ नक्शा क्या करेगा प्रशासन

बता दें कि पडरौना नगर के सुभाष चौक पर गैस बिल्डिंग की दुकान संचालित करने वाले विनोद शर्मा द्वारा ग्रीन जोन एरिया मे बिना नक्शा पास कराए अवैध रुप से दो मंजिला भव्य भवन निर्माण कराया जा रहा है। मीडिया ने जब विनोद शर्मा से पूछा कि ग्रीन जोन में किसके अनुमति से मकान निर्माण हो रहा है इस पर बड़े ही दबंगई से विनोद शर्मा ने कहा कि बिना नक्शा पास कराए व बिना किसी के अनुमति से मकान बन रहा है जिसको जो कार्रवाई करना है वह कर ले। मास्टर प्लान द्वारा नोटिस दिए जाने के बावजूद अवैध रूप से हो रहे मकान निर्माण के संबंध पर पूछे जाने पर विनोद शर्मा का कहना है ऐसे नोटिस आते रहते है विभाग ने अपना काम किया है हम अपना कार्य कर रहे है।

### दिखावे मात्र का नोटिस

कहना न होगा ग्रीन जोन में अवैध तरीके व मास्टर प्लान से बिना नक्शा पास कराए धड़ल्ले से हो रहे भवन निर्माण के मुद्दे को मीडिया द्वारा उठाया जाता है तो मास्टर प्लान अपने कुंभकर्णी निद्रा से जागकर अवैध भवन निर्माण करने वालो को नोटिस भेजकर अपने कार्रवाई का इतिश्री कर लेता है। बताया जाता है कि विभाग की ओर से अवैध भवन निर्माण करने वाले तकरीबन पचास लोगों को नोटिस भेजा गया है। इसके बाद भी ग्रीन बेल्ट में मकान बनते जा रहे हैं। गायत्री मंदिर पुल से लेकर बावली चौक तक ग्रीन बेल्ट में सैकड़ों दुकानें और मकान बन गए हैं। अस्पताल और रेस्टोरेंट खुल चुके हैं। इसके बाद भी प्रशासन आंखें बंद करके बैठा है। जानकार कहते है कि यह सब अवैध निर्माण मास्टर प्लान के जेई के मिलीभगत व शह पर हो रहा है।

# प्रदर्शन कर किसानों ने गड़ौरा चीनी मिल को गन्ना नहीं देने का किया ऐलान

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** गड़ौरा चीनी मिल को वर्ष 2024- 25 के लिए क्षेत्र का गन्ना आबंटित होने से नाराज किसानों ने नगर पालिका परिषद कुशीनगर बनवारी टोला क्रय केंद्र पर प्रदर्शन किया और गड़ौरा चीनी मिल को गन्ना नहीं देने का ऐलान किया।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गड़ौरा चीनी मिल के लिए देवरिया सहित कई समितियों के क्षेत्र का गन्ना आबंटित कर दिया है जबकि अधिकतर गन्ना स्थित न्यू इंडिया शुगर मिल्स ढाढ़ा को किसान सप्लाई करते हैं। गड़ौरा चीनी मिल को गन्ना आबंटित होने से नाराज गन्ना किसान देवरिया गन्ना समिति क्षेत्र के बनवारी टोला क्रय केंद्र पर पहुंचे और प्रदर्शन किया। किसान अनिल राय और युगल सिंह ने कहा कि इस केंद्र से गड़ौरा चीनी मिल की दूरी 107 किमी है जबकि ढाढ़ा चीनी मिल की दूरी 30 किमी के करीब है। समय और दूरी भी अधिक लगेगा, साथ ही किराया बढ़ जाएगा। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान भी होगा। ढाढ़ा चीनी मिल समय से गन्ना मूल्य का भुगतान भी कर देता है। हमलोग किसी अपना गन्ना गड़ौरा चीनी मिल को नहीं देंगे।



प्रदर्शन करते किसान

किसानों ने निर्णय लिया कि अपनी समस्याओं से गन्ना अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और जरूरत पड़ा तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान अजय सिंह, चंडिका यादव, युगल सिंह, मैनेजर यादव, वशिष्ट सिंह, मुबारक, अजय यादव, हरिहर यादव, अर्जुन गोंड, सुनील यादव, सोनू यादव, वीरेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, भोला गुप्ता, गुरुदयाल सिंह, छेदी कुशवाहा, हरिकेश सिंह, भोला गोंड, राम प्यारे कुशवाहा, बुझा न कुशवाहा, रामलाल कुशवाहा, जगन्नाथ मिश्रा, कमलेश पाठक, सुरेश कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, रामपति कुशवाहा, राम नगीना कुशवाहा, जीउत कुशवाहा, किश्वर कुशवाहा, परशुराम कुशवाहा, बलराम कुशवाहा, रामेश्वर कुशवाह, भागवत यादव आदि मौजूद रहे।

# कुंभ स्नान करने गए गृह स्वामी के घर लाखों की चोरी

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 बाल्मिकीनगर बरवा जंगल में शुक्रवार की रात मकान का ताला तोड़कर घर में रखे लाखों रूपये का सामान व गहने अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग किया है। बताया जाता है की गृह स्वामी अभिनाश कुमार सिंह (न्यायधीश के भाई) परिवार के साथ प्रयागराज स्नान करने गए थे। 31 जनवरी को जब घर पहुंचे तो घर का ताला टूटा हुआ था। घर के कमरों के भी ताले टूटे हुए थे। गृह स्वामी अभिनाश कुमार सिंह की सूचना पर मौके पर थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी, फोरेंसिक टीम, डाग स्क्वायड की टीम के साथ पहुंच कर जांच किए। थाने में दी गई तहरीर के अनुसार दो कमरों का ताला तोड़कर सोने व चांदी के हार सेट, सीकड़, अंगूठी, नथिया, टीका, लाकेट, मंगल सूत्र, कड़ा, पावजेब बच्चों का आभूषण व नकदी सहित लाखों का सामान चुरा लिया गया है। अविनाश सिंह ने बताया कि 22 लाख से 30 लाख के बीच का अनुमान है। कुछ गहने मां के जमाने यानी काफी पुराने थे, जिसका अनुमान नहीं लग पा रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर गया था। सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। घटना का जल्द ही पर्दाफाश किया जाएगा।

# 123 शिकायती पत्रों में मात्र 17 का निस्तारण

अवधनामा ब्यूरो

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

- कसया में 7, पडरौना में 3, कप्तानगंज में 3, खड्डा में 2, हाटा में 2 मामलों का हुआ निस्तारण

**कुशीनगर।** फरवरी माह का पहला सम्पूर्ण समाधान दिवस सुपर फ्लॉप। शनिवार को जनपद के समस्त तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 123 शिकायती पत्र प्रस्तुत किए गए जहां मात्र 17 मामलों का ही निस्तारण हो सका।

डीएम की अध्यक्षता में कसया में 7 मामलों का निस्तारण हुआ जबकि, पडरौना में 3, खड्डा में 2, कप्तानगंज में 3, हाटा में 2 मामलों का निपटारा किया गया। शेष शिकायती पत्रों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु सौंप दिया गया। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में तहसील कसया के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को बारी - बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए।



कसया में पीड़ितों का फरियाद सुनते डीएम व एसपी

आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 50 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 40 में से 07 को तत्काल निस्तारित किया गया। पुलिस विभाग से संबंधित 03, विकास विभाग से संबंधित 02 तथा अन्य विभाग के 05 प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 50 में से 07 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 43 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समय से पूर्व निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी कसया परितोष कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश पटारिया, पी डी जगदीश त्रिपाठी, बीएसए राम जियावन मौर्य, तहसीलदार, सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारीगण, ईओ कसया एवं थानाध्यक्ष गण, पूर्ति निरीक्षक, कानूनगो व लेखपाल उपस्थित रहे।

# राजकीय सम्मान के साथ लोक रक्षक सेनानी का हुआ अंतिम संस्कार



अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** नगर पालिका के वार्ड नंबर 23 निवासी लोकतंत्र रक्षक सेनानी राम मौज वर्मा का निधन हो गया जिनका राजकीय सम्मान के साथ शनिवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया।

इस मौके पर हाटा विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि आपातकाल के दौरान देश की लोकतांत्रिक संस्थाएं पंगु हो गई थीं। उस संकट की घड़ी में भी लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाने के लिए जिन लोगों ने अपनी आवाज को मुखर किया उन्हें सरकार ने जेल में डाल दिया, ताकी सच्चाई की आवाज को दबाया जा सके। मेरे विधानसभा क्षेत्र हाटा जनपद कुशीनगर के नगर पालिका परिषद हाटा के वार्ड नंबर 23 बाजार खास निवासी राम मौज वर्मा जी लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेल तक गए। आज राम मौज वर्मा जी का परलोक गमन की खबर सुनकर उनके पैतृक निवास पहुंच कर अंतिम यात्रा में शामिल हुआ। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा घर-परिवार, मित्र इत्यादि को आघात सहने की शक्ति प्रदान करें। उक्त अवसर पर हाटा तहसीलदार, नगर पालिका अध्यक्ष रामानंद सिंह, तहसील कर्मचारी का उपस्थित रहे।

### गुरुचरण गौतम दुबारा अध्यक्ष बनाए गए

**अमेठी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय हंसवा में एस सी एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में तिलोई विकास खंड की कार्यकारिणी का गठन किया गया। गुरुचरण गौतम को एक बार फिर ब्लाक अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। रामकेश को उपाध्यक्ष और वीरेंद्र भारती को महामंत्री बनाया गया है।राम अचल को कोषाध्यक्ष, सुरेश कुमार और अमित वर्मा को संगठन मंत्री और रोहित गौतम को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। बैठक में एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पवन कुमार गौतम पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। बैठक में उपाध्यक्ष शोभा शरण और महावीर ने एसोसिएशन के गठन के लक्ष्य,अब तक के सफर और उपलब्धियों पर विस्तार से संवाद किया। पदोन्नति में आरक्षण, सरकारी नौकरियों में एस सी/एस टी बैकलाग को पूरा करने और पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संघर्ष अभियान जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# स्वर्णिम भारत के निर्माण की दिशा में मजबूत आधारशिला वाला है बजट

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** केंद्रीय बजट 2025-26 को आमजन के सशक्तिकरण का प्रतीक है। मोदी सरकार का यह बजट मध्यम वर्गीय परिवारों के उत्थान के प्रति सरकार की गहरी संवेदनशीलता को प्रकट करता है। इस बजट ने उन परिवारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाया है, जो देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।

12 लाख तक की आय करमुक्त कर मध्यम वर्गीय परिवारों को एक अत्यधिक बड़ी राहत प्रदान की गई है, जिससे उनके जीवन में सहजता, समृद्धि और आर्थिक स्वतंत्रता की नई राह खुलेगी। इस निर्णय से मध्यम वर्ग को न केवल वित्तीय राहत मिलेगी, बल्कि उनके सामर्थ्य में भी वृद्धि होगी, जिससे वे अपनी आकांक्षाओं को और भी साकार कर सकेंगे। वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर छूट दोगुनी कर उनके सम्मान को ऊंचा किया गया है, जबकि टीडीएस की सीमा 10 लाख तक बढ़ाकर व्यवसायियों को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।साथ ही, चार वर्षों तक आईटी रिटर्न दाखिल करने की सुविधा करदाताओं के लिए बड़ी सुविधा प्रदान की गई है, जिससे उनके लिए कर प्रशासन को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। यह बजट समृद्ध, आत्मनिर्भर और वैभवशाली भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह वास्तव में जन-जन का बजट है, जिसमें आमजन की आवश्यकताओं को संवेदनशीलता से समाहित किया गया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने स्वस्थ भारत की संकल्पना को साकार करते हुए 36 जीवन रक्षक दवाओं पर सीमा कर पूरी तरह से समाप्त करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। साथ ही, सभी सरकारी अस्पतालों में कैंसर डे केयर सेंटर की स्थापना तथा छह जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 5 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। यह बजट स्वर्णिम भारत के निर्माण की दिशा में मजबूत आधारशिला है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ मध्यम वर्गीय परिवारों के जीवन को अधिक सुगम एवं समृद्ध बनाएगा।

**केंद्रीय बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया**



मोदी सरकार ने मिडिल क्लास को बड़ी राहत देते हुए सालाना 12 लाख तक की आय को टैक्स मुक्त करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। यह निर्णय नौकरीपेशा और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक बड़ा तोहफा है। यह निर्णय स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि मिडिल क्लास हमेशा मोदी जी के दिल में है। हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी।

**आरपीएन सिंह, राज्यसभा सांसद**



बजट 2025-26 आम आदमी, गरीब, नौजवान, महिला और किसानों के सशक्तिकरण का दस्तावेज है। यह बजट विकसित भारत के संकल्प को और अधिक गति प्रदान करेगा।

**मोहन वर्मा, हाटा विधायक**



इस बजट में गरीब और किसान का कल्याण है, वंचितों का सम्मान है और नारी शक्ति व मध्यम वर्ग का उत्थान समाहित है। ये आम व्यक्ति को समर्पित बजट है। यह बजट हर क्षेत्र के विकास को गति देने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी व वित्त मंत्री सीतारमण को हार्दिक बधाई देता हूं।

**पीएन पाठक, कुशीनगर विधायक**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्र सरकार का आम बजट 2025 -2026 विकसित और हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट है। आज जो बजट भारत की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने रखा है, वह बहुत ही संतुलित, समावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला है। यह बजट विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला है। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी व उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई देता हूं।

**दुर्गेश राय, जिलाध्यक्ष भाजपा**

### राजेश अग्रहरि ने टीम के साथ मिल्कीपुर में चुनाव प्रचार किया

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला पंचायत अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश अग्रहरि ने शनिवार को मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। राजेश अग्रहरि ने भाजपा के बूथ और मंडल कार्यकर्ताओं का गुणगान किया और कहा कि पार्टी के सबसे बड़े नेता यही हैं, यही भाजपा प्रत्याशी को चुनाव जितायेंगे। हम केवल जनता को सावधान करने आये हैं। हम नहीं चाहते कि छोटे बड़े व्यवसाईयों के साथ किसी तरह की दबंगई हो, इनके ठेले उलटे जांय और दुकानें तोड़ी जाये। हम हल्ला बोल के खिलाफ है और अमन चैन के पक्ष में हैं। पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान राजेश अग्रहरि ने डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां गिनाई और कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जनसेवा और विकास के कार्यों के बल पर जनता का विश्वास हासिल किया है। मोदी राज में भारत की अर्थव्यवस्था बहुत मजबूत हुई है। अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर का निर्माण, कश्मीर में धारा -370, तीन तलाक़ की समस्या का हल ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धियां हैं जो युगों युगों तक याद की जायेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत को विश्व गुरु राष्ट्र बना दिया है। राजेश अग्रहरि के साथ फूल चंद कसौंधन, हरिकेश श्रीवास्तव, श्री राम अग्रहरि आदि व्यापारी नेताओं ने भी मिल्कीपुर में चुनाव प्रचार किया।



# जनसुनवाई के बाद डीएम ने किया तिलोई में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी/ तिलोई।** शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किए गए। तिलोई में डी एम निशा अनंत ने जनसुनवाई की। डी एम ने अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील दिवस में जनसुनवाई के बाद डी एम ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज का गहनता से निरीक्षण किया और कार्यदाई संस्था को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित अवधि में परियोजना को पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यालय वापस पहुंचने पर डी एम ने कलेक्ट्रेट में विकास कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक भी की। तिलोई में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 69शिकायतें आई। एक दर्जन मामले दिवस के दौरान निस्तारित किए गए। गौरीगंज में सी डी ओ सूरज पटेल ने फरियादियों को सुना। यहां सबसे कम 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। दो मामले निस्तारित किए गए हैं। अमेठी में ए डी एम वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता और मुसाफिरखाना में ए डी एम न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई की। अमेठी में 25और मुसाफिर खाना में 12 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। कुल चार मामले निस्तारित किए गए हैं। निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के दौरान डीएम ने एकेडमिक ब्लाक, एडमिन ब्लाक, आवासीय ब्लाक और लैब का बारीकी से निरीक्षण किया और कार्यदाई संस्था को कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट में विकास कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक में डी एम ने सभी विभागों को अपनी रैंकिंग ठीक रखने और सभी शासकीय योजनाओं में लक्ष्य पूर्ति के सख्त निर्देश दिए।

- कार्यदाई संस्था को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान रखने के निर्देश दिए



निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते हुए डीएम



कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक करते हुए डीएम

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सलेमपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सलेमपुर तहसील में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने जनसमस्याओं को गहनता और संवेदनशीलता के साथ सुना और संबंधित अधिकारियों को तात्कालिक एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 103 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 11 मामलों का त्वरित समाधान किया गया। इनमें दो प्रकरणों में अंत्योदय कार्ड जारी किए गए, जबकि चार खतौनी में आवश्यक संशोधन कर मौके पर ही लाभार्थियों को उपलब्ध कराया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का निवारण पारदर्शिता, निष्पक्षता और गुणवत्ता के साथ किया जाएगा, जिससे जनता को संतोषजनक और दीर्घकालिक समाधान प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सक्रियता और निष्ठा के साथ उन मामलों की स्वयं जांच करें, जिनका निस्तारण साक्ष्य के आधार पर त्वरित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि संवेदनशील और जटिल प्रकरणों के निस्तारण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय आवश्यक है। ऐसे मामलों में सभी संबंधित विभाग आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में दायित्वबोध के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि संपूर्ण समाधान दिवस मात्र एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का व्यवस्थित, समुचित और प्रभावशाली निराकरण करना है। आज के समाधान दिवस में प्राप्त 103 प्रकरणों में से सर्वाधिक 44 प्रकरण राजस्व विभाग से संबंधित थे। इसके अतिरिक्त 8 मामले पुलिस विभाग, 16 मामले पूर्ति, विकास विभाग के 8, स्वास्थ्य के 8, विद्युत के 12, नगर पंचायत के 6, और दिव्यांग जन कल्याण के 1 मामले आए। 11 मामलो का निस्तारण मौके पर किया गया।

### हर गर्भवती को मिले पीएमएसए डे का लाभ

**देवरिया।** सीएचसी सलेमपुर में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस (पीएमएसएमए दिवस) का शनिवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने निरीक्षण कर पीएमएसएमए डे का हाल जाना। इसके साथ ही 100 दिवसीय टीबी अभियान के तहत टीबी मरीजों को पोषण पोटली दी गई। जिलाधिकारी ने नव निर्मित 50 बेड वाले अस्पताल का निरीक्षण किया और मुख्य चिकित्साधिकारी को इसे शीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया । उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश भी दिया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सीएचसी पहुंचकर प्रसव कक्ष सहित मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि हर माह की एक, 9, 16, 24 तारीख को पीएमएसएमए डे पर गर्भवती की जांच की जाती है। इसका उद्देश्य मातृ और नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करना है। इसके मद्देनजर गर्भवती की प्रसव पूर्व जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था (हाई रिस्क प्रेगनेंसी) की पहचान, पोषण, परिवार नियोजन तथा प्रसव स्थान के चयन के बारे में काउंसलिग की गई। प्रशिक्षित स्टाफ ने गर्भवती के रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, यूरिन टेस्ट, वजन और गर्भ में बच्चे की बढ़त आदि की जांच की गई।

### लोकहित का बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम : डा. रमापति राम



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद देवरिया डा.रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 3.0 के केन्द्रीय सरकार एवं उनके नेतृत्व आधारित केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट लोकहित में है, यह बजट मध्यम एवं निम्न वर्ग के लोगों को देखते हुए पारित किया गया है। 12 लाख तक की अर्जित आय को कर मुक्त करने का निर्णय मध्यम एवं निम्न वर्ग सहित देश के करोड़ों नागरिकों को लाभान्वित करने वाला है। यह लोक-कल्याणकारी बजट निर्णय आम जन की जीवन शैली को समृद्ध करने के साथ साथ उनके आर्थिक स्थिति को मजबूती देगा। इस बजट में विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य, और शिक्षा के लिए विशेष आवंटन जिससे आम जनता को राहत मिलेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, इसके लिए डा.त्रिपाठी ने समूचे मध्यम वर्ग को बधाई दी। इस लोक कल्याणकारी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार एवं वित्त मंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बजट मील का पत्थर साबित होगा



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** यह बजट किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिलाएं और युवा उद्यमियों सहित समाज के हर वर्ग की उन्नति और राष्ट्र के समग्र विकास को समर्पित है। यह बजट शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, रोजगार, स्टार्टअप, नवाचार और निवेश जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को गति प्रदान करेगा और भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में और अधिक सशक्त बनाएगा। यह बजट विकसित भारत की संकल्पना को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने वाला यह बजट आर्थिक सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे के विकास और नई संभावनाओं के सृजन का रोडमैप प्रस्तुत करता है। इसमें कृषि से लेकर उद्योग, तकनीक से लेकर उद्यमिता, और सामाजिक कल्याण से लेकर आर्थिक सुधारों तक हर पहलू को ध्यान में रखा गया है। गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ, यह बजट भारत को एक वैश्विक इनोवेशन हब बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। रोजगार के नए अवसर सृजित करने, डिजिटल और ग्रीन इकोनॉमी को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूत करने के लिए यह बजट मील का पत्थर साबित होगा।

# पालीवाल महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद में 30 एवं 31 जनवरी 2025 को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें एन सी सी कैडेट्स के साथ अन्य छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट के साथ शुभारंभ हुआ जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा मार्च पास्ट की सलामी ली गई।

इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लें। क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में छात्र/ छात्राओं दोनों वर्गो की अलग-अलग चौंपियनशिप घोषित की गई। छात्राओं की कुल 6 प्रतियोगिताएं संपन्न हुई जिसमें 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में आयुषी प्रथम, योगेन्द्री द्वितीय, शिवानी तृतीय, 200 मी दौड़ प्रतियोगिता में आयुषी प्रथम, योगेन्द्री द्वितीय, राम सिया तृतीय एवं 400 मीटर में आयुषी प्रथम, योगेन्द्री द्वितीय, दीक्षा तृतीय स्थान पर रहीं। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में आयुषी प्रथम, सौम्या राठौर द्वितीय, शिखा तृतीय, जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में आयुषी प्रथम, युक्ति द्वितीय, रोशनी यदुवंशी तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में नितिन कुमार प्रथम, सौरभ यादव द्वितीय, अनुराग सिंह चौहान तृतीय, 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में नितिन कुमार प्रथम, सौरभ यादव द्वितीय, अनुराग सिंह चौहान तृतीय, 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रशांत चौहान प्रथम, सौरभ यादव द्वितीय, सनी कुमार तृतीय, 800 मीटर दौड़ में प्रशांत चौहान प्रथम, अनुराग सिंह चौहान द्वितीय, मंजीत तृतीय, 1500 मीटर



दौड़ में प्रशांत चौहान प्रथम, सौरभ यादव द्वितीय, अनुराग सिंह चौहान तृतीय, शॉट पुट में ऋषभ कुमार प्रथम, अमन कुमार द्वितीय, सत्यम तृतीय, लॉन्ग जंप में आदित्य कुमार प्रथम, सौरभ यादव द्वितीय, सत्यम कुमार तृतीय, हाई जंप में आदित्य कुमार प्रथम, अनुराग सिंह चौहान द्वितीय, सत्यम तृतीय, डिस्कस थ्रो में योगेश कुमार प्रथम, ऋषभ कुमार द्वितीय, अमन कुमार तृतीय, जैवलिन थ्रो में नवलेश प्रथम, जगमोहन द्वितीय, मोह. फैज हुसैन तृतीय, हैमर थ्रो में अमन कुमार प्रथम, ऋषभ कुमार द्वितीय, प्रयाग शर्मा तृतीय, हॉप स्टेप जंप में आदित्य कुमार प्रथम, ऋषभ कुमार द्वितीय, योगेश कुमार तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में विजेता आयुषी बीएससी द्वितीय जीव विज्ञान तथा योगेन्द्री उपविजेता रहीं। जबकि पुरुष वर्ग में सौरभ यादव उपविजेता तथा प्रशांत चौहान विजेता रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारियों की 200 मीटर दौड़ कराई गई जिसमें रक्षपाल प्रथम, राम सिंह द्वितीय, हर्षित पालीवाल तृतीय स्थान पर रहे। शिक्षकों की 200 मीटर दौड़ में भुवनेश कुमार प्रथम, अभिषेक शर्मा द्वितीय, सुनील कुमार पटेल तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुशील कुमार द्वारा किया गया। इन प्रतियोगिताओं के अंत में प्राचार्य प्रो. प्रवीण कुमार ने छात्र/ छात्राओं से कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्र /छात्राओं का पढ़ाई के साथ-साथ सर्वांगीण विकास होता है क्योंकि खेलकूद प्रतियोगिताओं से शरीर स्वस्थ होता है और जब शरीर स्वस्थ होगा तो मन भी स्वस्थ होगा और स्वस्थ मन से पढ़ाई अच्छे से करते हुए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी अपने घर परिवार, समाज, जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन कर सकते हैं अतः इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में छात्र /छात्राओं को अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए अंत में क्रीड़ा प्रभारी प्रवीन कुमार पालीवाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. एम.एल.अग्रवाल, श्री नवीन पालीवाल, डॉ अजय कुमार, डॉ आर. बी.पाण्डेय, डॉ टीएच नकवी, शालू अग्रवाल, डॉ अनुराग पालीवाल, डॉ आर सी दुबे, डॉ ए के चौधरी, डॉ प्रेम प्रभाकर, डॉ एम पी सिंह, डॉ विशाल पाठक, पी के भारद्वाज,लवली वर्मा, गजेंद्र सिंह, प्रवेंद्र मुद्गल,राजीव मुद्गल, गंदर्भ , एजाज मोहम्मद, समीर पालीवाल , रवीश पालीवाल के साथ साथ अनेक छात्र/ छात्राएं उपस्थित रहे।

# एक शाम शहीदों के नाम कवि सम्मेलन हुआ संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**टूडला।** नगर के रॉयल गार्डन में एक शाम शहीदों के नाम अखिल भारतीय कविसम्मेलन में दूरदराज के कवियों ने अपनी कविताओं से उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

कविसम्मेलन का उद्घाटन समाजसेवी हरिओम शर्मा आचार्य ने मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और साहित्यकार ही समाज में अपनी कविताओं व लेखों से बदलाव ला सकते हैं। आज भी साहित्यकारों की उपयोगिता पूरी तरह से प्राशगिक है इसलिये साहित्यक कार्यक्रम होना आवश्यक है। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा नेता पवन चक, प्रधान सौरभ प्रताप सिंह, व रिंकू लवानियां ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर के कई समाजसेवियों का सम्मान किया गया। कविसम्मेलन में शाहजहांपुर के डॉ इन्दुपांडेय अजनवी, बरेली के कमलकात तिवारी, बहराइच से देशराज मधुसूदन, हाथरस से सबरस मुड़सानी, आगरा से डॉ अंगद धारिया, मैनपुरी से मनोज चौहान, एटा से राजेश यादव, टूडला के कवि राम राहुल ने काव्यपाठ किया। आरपी शर्मा, मुकेश धामा, डॉ बृजपालज सिंह पोनिया, रूस्तम सिंह, रवि प्रताप सिंह चौहान, आशीष चौधरी, धरवेन्द्र प्रताप सिंह, स्पर्श चौधरी, विश्व प्रताप सिंह, सुरजीत सिसौदिया, यश वैश, ललित सोलकी उपस्थि रहे।

# बैठक में हुयी समस्याओं पर चर्चा



**शीघ्र बिजली पोल हटवाने एवं सड़क चौड़ीकरण कराएं : जिलाधिकारी**

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति के बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित की गई, इस बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक में उठे प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें उपयुक्त उद्योग द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि औद्योगिक क्षेत्र जलेसर रोड फिरोजाबाद में दो नए ट्यूबबैलों का आगणन तैयार कर मुख्यालय को प्रेषित किया गया था, जिसकी मुख्यालय द्वारा स्वीकृत हो गई है, इसके अलावा व्यापारियों की पूर्व बैठक में मांग की गई थी, कि ककरऊ कोठी से नवीन 6 लेने तक सड़क चौड़ीकरण एवं सड़क के बीच आए बिजली के पोलो हटवाने की मांग की गई थी, बैठक में उपायुक्त उद्योग ने समिति को अवगत कराया की ककरउ कोठी से नवीन 6 लेन तक सड़क चौड़ीकरण एवं सड़क के बीच आए बिजली के पोलों को हटाए जाने का कार्य शुरू किया जा चुका है। जिलाधिकारी के क्रिटिकल फंड से ककरउ कोठी से जिला कारागार तक 60 नग स्ट्रीट लाइट लगाई गई, परंतु सड़क चौड़ीकरण के दौरान इन लाइटों को हटा दिया गया था अपर नगर आयुक्त फिरोजाबाद ने अवगत कराया कि इन स्ट्रीट लाइटों को पुनः लगा दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग बंधुओ की समस्याओं को प्राथमिकता से दूर किया जाए, बैठक में अनुपस्थित रहने पर एक्स ई एन लोक निर्माण विभाग के जिलाधिकारी ने वेतन काटने के निर्देश दिए, इस दौरान व्यापार बंधु, उपयुक्त उद्योग संध्या, सिटी मजिस्ट्रेट राजेंद्र सिंह सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# तहसील नानपारा में डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह फरवरी के प्रथम शनिवार को तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी नानपारा अंजनी यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, डीएफओ बहराइच अजीत प्रताप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत विभाग से सम्बन्धित ज्यादा प्रार्थना-पत्र प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराज़गी जताते हुए अधि.अभि. विद्युत को निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। डीएम ने निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं के फोन काल्स को अवश्य अटैण्ड करें तथा जो भी शिकायतें प्राप्त हो उनका समयबद्धता के साथ निस्तारण कराया जाय। डीएम ने कहा कि स्थानीय फाल्ट को समय से दुरूस्त करायें तथा मरम्मत इत्यादि के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहने सम्बन्धी सूचना भी समय से उपभोताओं को दी जाय। डीएम ने कहा कि विद्युत बिल में .त्रुटि तथा बगैर कनेक्शन के बिल इत्यादि से सम्बन्धी शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाय। डीएम मोनिका रानी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण मा. मुख्यमंत्री जी व शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी अधिकारी प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अपने-अपने कार्यालयों में बैठ कर आमजन की समस्याओं की सुनवाई करें तथा तो भी शिकायतें प्राप्त हों उनका निस्तारण इस प्रकार किया जाय कि शिकायतकर्ता की गई कार्यवाही से संतुष्ट हो जाय। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया आईजीआरएस, सम्पूर्ण समाधान दिवस, शासन सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों को भी प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाय।

## प्रकृति की गोद में मनाया जायेगा वेटलैण्ड डे व बर्ड वाचिंग फेस्टिवल

**बहराइच।** प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी. शिव शंकर ने बताया कि आर्द्रभूमियों के संरक्षण और स्वस्थ मानव जीवन के उपयोग हेतु स्वच्छ जल/पेयजल की मात्रा बढ़ाये जाने के दृष्टिगत् आर्द्र भूमि के संरक्षण एवं बेहतर प्रबन्धन एवं आमजन के बीच जनजागरूकता के उद्देश्य से कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच अन्तर्गत 02 फरवरी 2025 को ''प्रोटेक्टिंग वेट लैण्ड्स फॉर अवर कॉमन फ्यूचर''की थीम पर ''विश्व वेटलैण्ड दिवस एवं बर्ड फेस्टिवल'' पूरे उत्साह से मनाया जायेगा। डीएफओ कतर्नियाघाट श्री शंकर ने बताया कि 02 फरवरी 2025 को कतर्नियाघाट रेंज अर्न्तगत महादेवा ताल पर प्रातः 07:00 बजे से 10:00 बजे के बीच आर्दभूमि क्षेत्र महादेवा ताल का भ्रमण, बर्ड वाचिंग, मोबी वॉक व कैमरा वॉक आयोजित किया जायेगा जिसमें विशेषज्ञ एवं नेचुरलिस्ट, नेचर गाइड, शारदा सहायक परियोजना इण्टर कालेज गिरिजापुरी व बप्पा जी इण्टर कालेज के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## एमनेस्टी स्कीम का लाभ एवं ब्याज व पेनल्टी पर छूट पाये

**फिरोजाबाद।** व्यापार बन्धु समिति की बैठक में उपस्थित व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व व्यापारियों को राज्य कर विभाग उ0प्र0 द्वारा चलायी जा रही जी0एस0टी0 एमनेस्टी स्कीम के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही एमनेस्टी स्कीम के अन्तर्गत व्यापारी के विरूद्ध जी0एस0टी0 के अन्तर्गत आदेश पारित करते हुए वर्ष 2017-2018 से 2019-2020 तक के आदेशों में निकाली गयी कर, व्याज व अर्थदण्ड की मांग के मामले में मात्र कर की धनराशि जमा करने पर देय व्याज व अर्थदण्ड की समस्त धनराशि माफ किये जाने का प्राविधान किया गया है। अतः अधिकाधिक रूप से एमनेस्टी स्कीम का लाभ लेने के लिए व्यापारियों को प्रोत्साहित करने में सहयोग की अपील की गयी।

## पेशकार को सेवानिवृत होने पर दी ससम्मान विदाई



**टूंडला।** तहसील सभागार में शुक्रवार को तहसीलदार कार्यालय में तैनात पेशकार भानु प्रताप सिंह के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित कर जोरदार तरीके से प्रशस्ति पत्र उपहार एवं माला पहनाकर ससम्मान विदाई दी गयी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डॉ.गजेंद्र पाल सिंह तहसीलदार राखी शर्मा एवं कानूनगो लेखपाल राजस्वकर्मी अधिवक्ताओं आदि सभी तहसीलकर्मीयो ने ससम्मान विदाई दी और उनकी सेवाओं की सराहना की।

## किसी के हाथों किसी की मदद हो जाये,तो ये दुनिया में सबसे बड़ा धर्म है : सरवर खान



**दूबेपुर,सुल्तानपुर।** प्रयाग राज में लगे महाकुम्भ में देश से करोड़ों लोग प्रति दिन स्नान करने आ रहे है।प्रशासन उनकी व्यवस्था में जी जान से लगा है।प्रशासन के साथ साथ समाजसेवी व आम लोग भी यात्रियों की सेवा में जुटे है।ऐसे एक समाज सेवी सरवर खान प्रधान विकास खंड दूबेपुर क्षेत्र के ताजखानपुर में लोगों की सेवा कर रहे है।ग्राम ताजखानपुर के प्रधान सरवर खान आम लोगों को दिन में नि शुल्क जल बिस्किट का पैकेट चाय पिलाने का काम कर रहे है।इस कार्य में उनके गांव वाले भी कंधे से कन्धा मिलाकर उनका सहयोग कर रहे हैं।सरवर खान जी का कहना है कि यह मेरा और मेरे गांव का सौभाग्य है कि इस महान अवसर पर हमें यह कार्य करने का अवसर मिल रहा है।बाहर से आये लोगों को जब प्यास लगी हो तब पानी मिल जाए और खाने को खाना इससे बढ़ कर क्या होगा। इस पुनीत कार्य को करवाने के लिए हम ऊपर वाले का आशीर्वाद ही समझ रहे हैं।

## फॉड करने वाला पचास हजार का इनामिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सुल्तानपुर।** 50 हजार के इनामी को नगर कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा है। साइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा करोड़ों की ठगी करने वाला शातिर सुल्तानपुर से गिरफ्तार किया गया है। प्रयागराज जिले के करेली थाना क्षेत्र अंतर्गत जीबीटी नगर निवासी शाहिद अख्तर के रूप में गिरफ्तार आरोपी की पहचान हुई। सीओ सिटी प्रशांत सिंह के निर्देशन में नगर कोतवाली पुलिस और एसटीएफ को ये बड़ी सफलता मिलीं है। नगर कोतवाली क्षेत्र के सीताकुंड इलाके से गिरफ्तारी की गई। नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह बोले, लंबे समय से 50 हजार के इनामी शाहिद अख्तर की तलाश चल रही थी।

# जनपद के सभी प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार का कार्य लगभग हुआ पूर्ण : जयवीर सिंह

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से 143.01 लाख की लागत से औड़ेन्य पड़रिया स्थित प्राचीन भैरों बाबा मंदिर, रू. 101.01 लाख की लागत से पावर हाउस रोड स्थित शारदा बाई आश्रम तथा रू. 156.64 लाख की लागत से सोतियाना के प्राचीन हनुमान मंदिर के पर्यटन विकास कार्यो का लोकार्पण करते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जनपद के सभी प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका हैं, कार्यो में समयबद्धता, गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया है, पर्यटन विभाग की जो भी परियोजनाएं धरातल पर उतरें, वह लंबे समय तक धरातल पर दिखें यही प्रयास किये गये है। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी गई है, जनपद में रू. 68 करोड़ की लागत से अगले 02 वर्ष में प्रदेश का सबसे भव्यतम म्यूजियम, ऑडिटोरियम बनकर तैयार होगा, जो जनपद की आन-बान-शान होगा, बाईपास के निर्माण के उपरांत नए महानगर का निर्माण भी होगा और उसके बाद इसे नगर पालिका में शामिल कराकर मैनपुरी को आदर्श जनपद बनाया जाएगा, बाईपास निर्माण के सर्वे का कार्य प्रारंभ हो चुका है, रू. 750 करोड़ की धनराशि भी स्वीकृति हो चुकी है, शीघ्र ही धरातल पर बाईपास का निर्माण भी प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि चौराहे के सौंदर्यीकरण के साथ सड़कों का जल भी बिछाया गया है, बिना किसी भेद-भाव के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य कराये जा रहे हैं।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि अयोध्या में निर्मित राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा, काशी कॉरीडोर का लोकार्पण, आध्यात्मिक, धार्मिक, भव्य-दिव्य महाकुंभ का आयोजन इन सब में आप द्वारा चुने हुये प्रतिनिधि के रूप में मुझे प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है, जो जनपदवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होने कहा कि पर्यटन विभाग का कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ही जनपद के धार्मिक महत्व के एतिहासिक, सुप्रसिद्ध मंदिरों का पर्यटन विकास का कार्य प्रारंभ हुआ, वर्ष 2022-23 में रू. 12.50 करोड़, वर्ष 2023-24 में रू. 29 करोड़, वर्ष 2024-25 में रू. 15 करोड़ की धनराशि जनपद के विकास कार्यो, धार्मिक स्थलों के सौन्दर्यीकरण हेतु स्वीकृत, अवमुक्त की गयी। उन्होने कहा कि बाईपास के निर्माण, आवास विकास परिषद के माध्यम से सैकड़ों एकड़ भूमि पर कॉलौनी विकसित होने के उपरांत नगर पालिका परिषद की सीमा का भी विस्तार कराया जायेगा ताकि नगर क्षेत्र के आस-पास के ग्रामों का भी सर्वागींण विकास हो और जनपद की शुमार प्रदेश के महानगरों में हो।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, डाक्टरों की टीम ने मरीजों की किया जांच

**सुल्तानपुर।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शहर से चंद कदम की दूरी पर लखनऊ वाराणसी राजमार्ग स्थित अमहट इमामबाडें से सफर-ए-मदीना का जुलूस निकाला गया। जो शहर स्थित दरगाह हज़.अब्बास अलै.गभड़िया आकर देर शाम समाप्त हुआ। जुलूस में आसपास के जनपद व स्थानीय मोमनिनों ने हजारो की तादाद में शिरकत की। जुलूस में दर्जनों खान-पान व सबीलो के स्टॉल लगाए गए। सफर-ए-मदीना के जुलूस में आए हुए मोमनीनों को कोई दिक्कत न आए इसके लिए रज़ा हांस्पिटल के संस्थापक डां.हैदर प्रतिवर्ष एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करते है। जिसमें फिजीशियन, सर्जन, डेन्टिस्ट, आई सर्जन व समस्त प्रकार की जांच के लिए एक्सपर्ट रहते है। मरीज़ों को दवाएं व निशुल्क परामर्श दिए जाते है। डां.हैदर ने बताया की निशुल्क चिकित्सा शिविर में डां.अमित कौशल, डां.मों.रज़ा, डां.बुरा अंजुम, डां.एस.एस.रंजन, दानिश, इकरार, फरहान, इफ्तेखार, अमीर, दिवाकर, फुरकान व हैदर मेंहदी मौजूद रहें, डां.हैदर ने बताया की रज़ा हांस्पिटल सभी धार्मिक कार्यक्रम में चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों का चिकित्सीय परीक्षण व जांच, परामर्श व दवाएं निशुल्क देने का काम करता है।

# हलियापुर के कूरेभार मोड़ पर उदाहरण बना इंसानियत का संगम

अवधनामा संवाददाता

**तीर्थ यात्रियों की सेवा के लिए आगे आये समाज सेवी**

**कूरेभार, सुल्तानपुर।** तीर्थ यात्रियों की सेवा के लिए आगे आई जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह उनके पति ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह व डोभियारा प्रधान प्रतिनिधि /भाजपा नेता निर्मल सिंह। तीन दिनों से रात-दिन लगातार अलग-अलग दो स्थानों पर भंडारा चलवाया जा रहा है। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के जगदीशपुर-अयोध्या मार्ग के कूरेभार मोड़ पर प्रयागराज से लौट रहे तीर्थ यात्रियों के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह, ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह व भाजपा नेता/डोभियारा प्रधान प्रतिनिधि निर्मल सिंह की तरफ से भोजन प्रसाद की व्यवस्था अलग-अलग दो स्थानों पर की गई है। सोमवार से लगातार रात-दिन दोनो स्थानों पर निःशुल्क भोजन, पानी, चाय, बिस्कुट व रहने की व्यवस्था की गई है। स्थानीय कार्यकताओं की मदद से विभिन्न प्रदेशों के तीर्थ यात्रियों सहित आसपास के जनपदों के हजारों तीर्थयात्रियों को भोजन कराया जा रहा है। गोरखपुर, बस्ती बलिया के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, गुजरात के तीर्थयात्रियों ने प्रसाद लिया। श्रद्धालुओं ने आयोजकों के प्रति आभार जताया। भाजपा नेता व ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने बताया कि तीर्थ यात्रियों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए भोजन प्रसाद की व्यवस्था किया गया है। भाजपा नेता निर्मल सिंह ने कहा कि यह मौका बार-बार नहीं मिलेगा। विभिन्न प्रदेशों सहित आसपास के जनपदों से तीर्थ यात्रियों को सेवा का सुअवसर मिला है। इस मौके पर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत हरिओम नारायण चंद्र, मुख्य अभियंता हेमलता दोहरे, आशु सिंह, दीपक सिंह, रामकुमार दुबे, श्याम प्रीत, जितेंद्र सिंह, ठेकेदार वेद प्रकाश, मनोज राय, ठेकेदार तौसीफ खान, पिंटू पांडे, बबलू सिंह, ठेकेदार अभिमन्यु मिश्रा, जेई कृष्ण मोहन गुप्ता, सेक्रेटरी घन श्याम यादव, एडीओ आईएसबी शिवकुमार, बेद प्रकाश यादव, जेई शमसुल रहमान, जेई दिनेश, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे। वही, हलियापुर बार्डर पर तीर्थयात्रियों के आवागमन के दृष्टिगत यातायात हेतु रूट डायवर्जन, कानून व्यवस्था के लिए हलियापुर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह व बल्दीराय थानाध्यक्ष धीरज कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद हैं।

# जन औषधि केंद्र पर खिचड़ी भोज का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर,भदैया।** सीएचसी के बाहर प्रधान मंत्री जन औषधि केंद्र के संचालक दिव्यांशु शुक्ला के नेतृत्व में महाकुंभ पर्व के शुभ अवसर पर प्रयागराज वा अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जहां भक्तों ने श्रद्धालुओं के बस पर चढ़कर के प्रसाद वितरण का कार्य किया गया। बेलामोहन निवासी सतवंत निषाद ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया।जहां दिलीप कुमार गोंड, सुनील निषाद, पिंकू पाण्डेय विनोद निषाद, अखिलेश सिंह, प्रमोद कुमार, परमजीत निषाद, मोनू पाल, प्रिंस तिवारी, मुन्ना पाण्डेय सुधाकर मिश्रा, दीपू मिश्रा,शिवमूरत निषाद, राजेश निषाद(कल्लू), विक्रम निषाद, उमेश निषाद, दीपक निषाद, ग्राम प्रधान बेला मोहन राहुल कुमार,बृजेश कुमार गोंड, श्रीमती सितारा निषाद, सुलेखा देवी, लछमीना निषाद, रीमा निषाद, अशोक कुमार मिश्रा,धनपत्ती देवी के सहयोग भावना से प्रयागराज महाकुंभ आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारा में सहयोग करने के लिए भारी संख्या में राम भक्त मौजूद रहे जहां आने जाने वाले श्रद्धालुओं ने आयोजक कार्यकर्ता को बधाई देते रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए 'खुली' निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/सा0, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं0: वमंविइं–लजं0–45–2024, कार्य का विवरण:** एलजेएन डिवीजन में विभिन्न रेलवे स्थापनाओं पर अर्थिंग का प्रावधान। अनुमानित लागत: ₹ 18089161.00, बयाना राशि: ₹ 240500.00, निविदा मूल्य: 0.00, कार्य सम्पादन अवधि: 04 माह।

**निविदा सं0: वमंविइं–लजं0–46–2024, कार्य का विवरण:** कैमटेक मानक के अनुसार कोचिंग डिपो जीकेपी, ऐशबाग और गोमतीनगर में 110 v पिट लाइट कैटवॉक लाइट को 48 v एसी पिट लाइट/कैटवॉक लाइट में बदलना और जीकेपी में नए और पुराने वॉशिंग पिट पर पोर्टल लाइट प्रदान करके प्रकाश व्यवस्था में सुधार करना। अनुमानित लागत: ₹ 36383781.60, बयाना राशि: ₹ 331900.00, निविदा मूल्य: 0.00, कार्य सम्पादन अवधि: 04 माह।

उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय –25.02.2025 को 15.00 बजे

**नोट :–** इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा0

मुजाधि/विद्युत–228 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।




# जीवन अनमोल है उसे बचाने के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन जरूरी : आरपी सिंह

**हण्डालको रेनुसागर में सड़क सुरक्षा माह समापन समारोह सम्पन्न**



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** हिण्डालको रेनूसागर के तत्वाधान में रेनुसागर प्रेक्षागृह में बीते 31 जनवरी को विविध कार्यक्रमों के साथ सड़क सुरक्षा माह समापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात ट्रांसपोर्ट हेड लाइट व्हीकल मुकेश श्रीवास्तव ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह ने ट्रैफिक प्रबंधन के 6 ई सिद्धांत एजुकेशन, इंजीनियरिंग, एनफोर्समेंट, इमरजेंसी, इवैल्यूएशन और इंगेजमेंट की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये अपने सम्बोधन में कहा कि जीवन अनमोल है उसे बचाने के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन जरूरी है। काम के बाद काम के साथ, आपकी सुरक्षा आपके हाथ है। उन्होंने कहा कि हम सब की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें। तथा अपने घर परिवार के सदस्यों, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। सड़क दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है।

इसके कारण परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंचती है। वाहन का परिचालन सही उम्र में करें अथवा आवश्यकता पड़ने पर अपने परिवार जनों की सहायता प्राप्त करें, जिससे सड़क दुर्घटना में भी कमी लायी जा सके। वही खचाखच भरे प्रेक्षागृह के प्रांगण में आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा रोड़ सेप्टी मॉडल,रेनुसागर प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक ,रोड़ सेफ्टी फ़िल्म , गैलरी में लगे रोड़ सेफ्टी पोस्टर ,एवं सेल्फी प्वाइंट लोगों का आकर्षण केंद्र रहा है। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि ,वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा एक माह चले रोड़ सेफ्टी के विविध कार्यक्रमों उत्कृष्ट योगदान करने वाले छात्रों,महिलाओं एवं कर्मचारियों को पुरस्कार स्वरूप एक -एक पौधा देकर पर्यावरण पर चिंतन ही नही क्रियान्वयन की जरूरत का सन्देश दिया।

इस अवसर पर हेड एचआर शैलेश विक्रम सिंह,हेड सेफ्टी अरबिंद कुमार विभागाध्यक्ष मानव संसाधन प्रणव सोनी,हेड आईटी ललित खुराना,आदित्य बिड़ला इंटर मीडिएट कालेज रेनुसागर के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार सिंह के आर संतोष सहित भारी संख्या में कर्मचारी, शिक्षक,महिलाएं एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत मे धन्यबाद ज्ञापित सेवानिवृत्ति कर्नल जयदीप मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन मुकेश श्रीवास्तव एवं चंद्रा त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**एस एस पी ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की**



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील सदर में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 27 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 06 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए।

# हिण्डाल्को में सड़क सुरक्षा माह का समापन

**कर्मचारियों एवं उनके परिवार की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता: नायक**



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को हमेशा से अपने कर्मचारियों एवं उनके परिवार की सुरक्षा के प्रति जागरुक रहा है। फिर वो भले प्लांट के अंदर हो फिर बाहर। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु हिण्डाल्को में प्लांट के अंदर काम करने से लेकर सड़क पर चलने के दौरान सख्त नियम तय किये गए हैं, जिनका पालन करना नितांत आवश्यक है। इसी कड़ी में हिण्डाल्को में 1 जनवरी से चल रहे सड़क सुरक्षा माह का सफलतापूर्वक समापन हिण्डाल्को प्रशासनिक भवन हाल में एक कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। हिण्डाल्को के मुखिया समीर नायक एवं मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह कार्यक्रम में मौजूद रहे एवं प्रतिभागियों एवं प्रोग्राम कॉर्डिनेटरेस को सम्मानित किया। इस अवसर पर समीर नायक ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह मनाने का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को यातायात के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि अधिकतर मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं से होती है। अपनी एवं अपने परिवार को दृष्टिगत रखते हुए हमेशा हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाएं। अधिकतर वाहन दुर्घटनाएं शराब पीकर वाहन चलाने, ओवरटेक करने, सीट बेल्ट का उपयोग ना करने, बिना हेलमेट के वाहन चलाने से होती है। उन्होंने कहा कि जब भी वाहन चलाये तो वैध दस्तावेज अपने साथ अवश्य रखें तथा परिवार और अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाएं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सड़क सुरक्षा को सिर्फ महीने भर तक सीमित न रख कर इसे अपने व्यवहार में अपनाएं साथ ही सुरक्षित रहने हेतु सतर्क रहने की आदत बनाएं। जसबीर सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह नागरिकों को यातायात के नियमों का पालन करवाने हेतु महत्वपूर्ण अभियान है। इसका उद्देश्य सड़क के नियमों का पालन करवाना है, क्योंकि परिवार का जिम्मेदार व्यक्ति आजीविका उपार्जन के लिए घर से बाहर आना-जाना करते हैं। स्वयं की जिम्मेदारी है कि वह सावधानी रखें, हेलमेट पहनकर वाहन चलाये और यातायात के नियमों का पालन करें। उन्होंने बेहतर कार्यक्रम आयोजित करने पर सुरक्षा विभाग की समस्त टीम को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सुरक्षा विभाग के प्रबंधक मेजर देवेन्द्र ओंकार (सेनि.) ने कार्यक्रम में उपस्थितजनों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। वहीं उन्होंने एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों जैसे- जागरूकता रैली, जगह-जगह पर सड़क सुरक्षा संबंधित कार्यक्रम के माध्यम से यातायात के नियमों के बारे जागरूक करना, नुक्कड़ नाटक, ड्राइविंग सम्बंधित जानकारी, कर्मचारियों के लिए सड़क सुरक्षा ब्रीफिंग, स्पॉट क्विज, ड्राइवर के लिए नेत्र परीक्षण, सड़क सुरक्षा सम्बंधित सामग्री का वितरण, स्कूल के बच्चों के लिए ड्राइंग कम्पटीशन, स्लोगन, क्विज के बारे में जानकारी दी।

# निराला नगर आरसीसी रोड का अध्यक्ष ने किया शिलान्यास

**नगर वार्ड 23 सीसी रोड निर्माण कर का किया निरीक्षण**



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद।** रावटसगंज नगर स्थित वार्ड 23 निराला नगर 120 मीटर सड़क आरसीसी रोड का नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद द्वारा निरीक्षण कर किया गया शिलान्यास। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यो को लेकर तेजी गति दी गई है जिसके क्रम में आज वार्ड 23 निराला नगर 120 मीटर आरसीसी सड़क का निरीक्षण कर निर्माण कार्यो की जानकारी लेते हुए संबंधित ठेकेदार के को दिशा निर्देशित किया गया की गुणवत्ता पूर्ण कार्य किया जाए आम जनमानस की शिकायत उपलब्ध न हो जिसके बाद शिलान्यास करते हुए कार्य शुभारंभ कराया। वहीं अध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के विस्तार कार्यक्रम क्षेत्र के भी विकास कार्यो को बजट मिलकर कार्य करने को लेकर संबंधित को अवगत करा दिया गया है जल्द से जल्द सभी विकसित कार्यो को कराया जाए दिशा निर्देशित किया गया है नगर पालिका क्षेत्र के आम जनमानस को किसी प्रकार से कोई दिक्कत ना हो इसको देखते हुए विशेष तौर पर सरकार से बजट मांगा कर विशेष पैकेज के तहत विकास कार्यो को कराया जा रहा है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव,जेई मनीष कुमार, सभासद अनवर अली, धर्मराज जैन, सुनील सिंह, अमित दुबे, अजीत सिंह ,विमलेश कुमार शाहित आदि लोग मौजूद रहे।

# चोपन नगर में दुकानदारों को रेलवे का नोटिस, प्रशासन ने दिया समाधान का आश्वासन

अवधनामा संवाददाता



**चोपन/सोनभद्र।** नगर में वर्षो से रह रहे रहवासियों,सब्जी मंडी विक्रेताओं और वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग के किनारे पटरी पर रह रहे छोटे मझोले दुकानों से जीवनयापन करने वाले दुकानदारों को रेलवे द्वारा बार-बार नोटिस देकर हटाने का दबाव बनाया जा रहा है। इससे सभी दुकानदार सदमे में हैं और अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। इस समस्या को लेकर लोगों ने उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक सिंह को अवगत कराया। इसके बाद शनिवार को उप जिलाधिकारी ओबरा, नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली, भाजपा जिला प्रतिनिधि सुनील सिंह, अपना दल एस जिला महासचिव श्यामाचरण गिरी एवं अधिवक्ता एवं समाजसेवी अमित सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचे और दुकानदारों की समस्या सुनी। जिसके बाद उप जिलाधिकारी ओबरा ने दुकानदारों एवं रहवासियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही रेलवे के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर इस समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। स्थानीय प्रशासन के इस हस्तक्षेप से दुकानदारों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। गौरतलब है कि बिते कुछ वर्षो से स्थानीय रेलवे प्रशासन आये दिन अपनी जमीन बता कर लोगों को नोटिस जारी कर खाली करने की कवायद शुरू कर दे रहा है जिससे नगर में रेलवे प्रशासन के प्रति लोगों में अपने भविष्य को लेकर भय का वातावरण बना हुआ है लोगों का कहना है कि रेलवे के द्वारा बार - बार नोटिस जारी कर परेशान किया जा रहा है आज तक रेलवे अपनी जमीन का सिमांकन भी नहीं कर सका है मनमानी तरिके से केवल परेशान करने का काम किया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्रीय लेखपाल चंदन शर्मा, लेखपाल अमित सिंह, उमाशंकर गिरी,विक्की यादव, दीपू केशरी,ग ेलू सोनकर सहित सैकड़ों की संख्या में पिड़ित मौजूद रहे।

## पानी भरते समय भैंस के पूंछ फटकारने को लेकर विवाद, लाठियां चटकी

**सुमेरपुर हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचखुरा बुजुर्ग में हैंडपंप से पानी भरते समय भैंस के पूंछ मार देने से पानी गंदा हो गया। इससे नाराज महिला ने पुत्रों के साथ मिलकर भैंस की मालकिन और उसके पति एवं बहू को गाली गलौज करके जमकर पीटा। पुलिस ने महिला एवं उसके पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पचखुरा बुजुर्ग निवासी सहोद्रा यादव ने बताया कि उसके दरवाजे लगे हैंडपंप में पड़ोसी गोमती देवी गौर पानी भरने आई थी। हैंडपंप के बगल में उसकी भैंस बंधी हुई थी। पानी भरते समय भैंस ने पूंछ मार दी। इससे बाल्टी का पानी खराब हो गया। जिससे नाराज होकर गोमती गाली गलौज करने लगी और घर जाकर अपने पुत्र डब्लू उर्फ आकाश, हिमांशु सिंह को लेकर आई और सभी ने गाली गलौज करते हुए मुझे,मेरी बहू गुड़िया, पति छोटेलाल यादव के साथ मारपीट की।

## संक्षिप्त समाचार

### यह बजट आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का बजट है: चौबे



**सोनभद्र।** सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का बजट है। इसमें विश्वास की महक है, विकास की ललक है और विकसित भारत के निर्माण की तड़प है। बजट में कृषि और किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। मध्यम वर्ग को बहुत बड़ी सौगात दी गई है। कोई कल्पना भी नहीं करता था कि इनकम टैक्स में छूट की सीमा 12 लाख तक हो जाएगी। यह दूरदर्शी बजट है जिसमें समाज के हर वर्ग के साथ साथ हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है।

### शिक्षकों व कर्मचारियों को उचित स्तर तक छूट देने का काम किया गया है : उपेंद्र



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** भारत सरकार द्वारा पेश बजट सत्र में शिक्षकों एवं कर्मचारियों को रुपए 12 लाख तक की आय को कर मुक्त किया गया है। इस सरकार द्वारा पहली बार शिक्षकों व कर्मचारियों को उचित स्तर तक छूट देने का काम किया गया है , जिसकी हम सराहना करते हैं। उक्त बात उपेन्द्र कुमार वर्मा जिला उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने कही है। उन्होंने कहा कि सरकार से अब हम सबको आस भी जगी है कि हम शिक्षकों को पुरानी पेंशन एवं कैशलेस चिकित्सा से जल्द ही आच्छादित किया जायेगा।

### कस्बे में अपराधियों के हौसले बुलंद, दिनदहाड़े महिला से छिनौती की कोशिश



**मौदहा हमीरपुर।** इस समय कस्बे में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस अपनी पीठ थपथपाने का काम कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के सिचौली पुरवा निवासी शहनाज बानो अपने पति हाफिज इरफान के साथ ई रिक्शा लेने एजेंसी आई थी तभी एजेंसी और पुराने एचडीएफसी बैंक के सामने तीन चार युवकों ने महिला का दुपट्टा खींच कर पर्स और मोबाईल ले भागे। हालांकि उनके भागते समय महिला का पर्स और मोबाईल छिटक कर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है जबकि हाफिज इरफान ने बताया कि दिन दहाड़े ऐसी घटना शर्मनाक है हालांकि उनका कुछ गया नहीं है फिर भी वह कोतवाली तहरीर देने जा रहे हैं।

### लेदर आयात शुल्क हटने से जूता कारीगरों में खुशी

**सुमेरपुर हमीरपुर।** लेदर में आयात शुल्क हटाने से कस्बे के जूती उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। चमड़ा सस्ता होने से जूती की लागत कम होगी और व्यापार बढ़ेगा। कस्बे की जूती उद्योग एक जिला एक उत्पाद में शामिल है। लेदर महंगा होने के कारण कस्बे की नागरा जूती के व्यापार को गति नहीं मिल रही थी। लेदर से बनने वाली यह जूती लेदर में आयात शुल्क हटाए जाने से सस्ती होगी और इसका व्यापार बढ़ेगा। जूती कारीगर संतोष वर्मा, दशरथ वर्मा, दिनेश कुमार, बैजनाथ वर्मा आदि ने कहा कि आयात शुल्क हटने से राहत मिलेगी।

### दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** एक सप्ताह पहले क्षेत्र के एक गांव से गायब नाबालिग के मामले में पुलिस ने एक नामजद सहित दो अन्य आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांचा निवासी एक पिता ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 23 दिसंबर को दोपहर करीब दो बजे जब वह कानपुर में थे और घर में उसकी नाबालिग पुत्री थी तभी बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम बिगहना निवासी सलमान हयात पुत्र हयात उसकी लड़की को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है जिसमें दो अन्य अज्ञात लोगों का भी योगदान है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद सहित दो अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सेवानिवृत्त होने पर हुआ विदाई समारोह

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में अरविन्द कुमार के सेवानिवृत्त होने पर उनके विदाई समारोह का आयोजन अधिष्ठाता डॉक्टर एन के शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञान सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अजीत सिंह, डॉ. जे पी यादव, डॉ. डी सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार सिंह भदौरिया, इंजी. एम.ए.हुसैन, इंजी. सुभाष चंद्र आदि लोगों ने सेवानिवृत्त अरविंद कुमार द्वारा महाविद्यालय में उनके महती योगदान के बारे में बताया गया वही मनीष सहाय ने उनके जीवन और परिवारिक परिदृश्य पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त अरविंद कुमार जी ने अपने विचार रखते हुए महाविद्यालय के स्टाफ को आपस में प्रेम भावना बनाए रखने एवं छात्रों के हित में कार्य करने की सलाह दी उन्होंने कहा कि हम सभी को यहां पर छात्रों के कार्यो के लिए नियुक्त किया गया हैं जिसके लिए हमें ईमानदारी और तत्परता के साथ छात्रों के कार्यो को करना चाहिए जिससे महाविद्यालय आगे बढ़ सके। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में स्थापित मंदिर के लिए दान देने की भी घोषणा की और अधिष्ठाता महोदय को उनका चित्र देकर उनके प्रति सम्मान प्रस्तुत किया वहीं अधिष्ठाता ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी कोशिश रहेगी कि भविष्य में जो भी सेवानिवृत हो उसको सेवानिवृत्ति के दिन ही विदाई एवं अदेयता प्रमाण पत्र दे दिया जाए जिससे सेवानिवृत होने के बाद ज्यादा परेशानी का सामना न करना पड़े साथ ही हमारी कोशिश होगी की सेवानिवृत्त व्यक्तियों की आवश्यकता पड़ने पर महाविद्यालय में निरंतर उनसे सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सके ऐसी कार्यप्रणाली बनाए जाने की योजना मैं बना रहा हूं जिससे सेवानिवृत्त व्यक्तियों के अनुभव का लाभ महाविद्यालय को निरंतर प्राप्त होता रहे जिस पर सभी कर्मचारियों ने अपनी सहमति व्यक्त की और जोरदार तालिया से उनका अभिवादन किया। अधिष्ठाता ने अरविंद कुमार को सहृदयी, मृदुभाषी, समयबद्ध और सरल स्वभाव का धनी बताते हुए उनके स्वस्थ और समृद्ध रहने की कामना की। असद अहमद ने कार्यक्रम के आयोजन में अपनी महती भूमिका निभाई। कार्यक्रम में रघुवीर सिंह, रामनरेश, अमरनाथ ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। समस्त स्टाफ ने सेवानिवृत कर्मचारी को फूल माला मोमेंटो साल तथा अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉक्टर आशीष कुमार, इंजीनियर पंकज, डॉक्टर खुशबू गुप्ता, इंजीनियर कसफ खान सहित समस्त फैकल्टी और स्टाफ उपस्थित रहा।

## समाधान दिवस पर शिकायतें गुणवत्ता पूर्ण और समय से निस्तारण के निर्देश

**मौदहा हमीरपुर।** महीने के पहले शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी धनश्याम मीणा और पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने की।जिला स्तरीय समाधान दिवस होने के चलते फरियादियों की काफी संख्या देखी गई। शनिवार को मौदहा तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने की। इस मौके पर प्राप्त शिकायतों के समय से और गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को सुनने के बाद उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया साथ ही कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर संबंधित पक्षों से मिलकर उनकी बातों को अवश्य सुना जाए। संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायत के निस्तारण के दौरान स्थलीय निरीक्षण के दौरान लोकेशन सहित फोटोग्राफ भी लिए जाएं।

# प्रशिक्षण से विद्यालयों को और बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी: गुफरान



अवधनामा ब्यूरो

**प्रधानाचार्यो का नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का हुआ समापन**

**इटावा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पांच दिवसीय नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का समापन हो गया। प्रशिक्षण में प्राधानाध्यापक /प्रधानाचार्यो की ओर से शिक्षा के विकास एवं एनईपी 2020 का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें प्रधानाचार्य के नेतृत्व के गुणों का विभिन्न गतिविधियों से प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षण में फीडबैक लिया गया। गुफरान अहमद प्रधानाचार्य इस्लामिया इंटर कालेज ने समापन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानाचार्यो का नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण बहुत लाभदायक साबित हुआ है, इससे सभी प्रधानाचार्यो को अपने अपने विद्यालयों को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत और बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान डायट की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए डायट प्राचार्य/ प्रभारी प्रशिक्षण सहित ट्रेनर पूरन पाल व नीता कटारिया का आभार व्यक्त किया। मंजू भदौरिया, प्रदीप कुमार गौतम, सचिन कुमार यादव, सुभा यादव, शिव शंकर त्रिपाठी, आशुतोष कुमार बघेल ने भी अपने अनुभव साझा किए। मुख्य अतिथि डीआईओएस मनोज कुमार ने सभी प्रधानाचार्यो को प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता डायट प्राचार्य प्रेमपाल सिंह ने की। अमिताभ बच्चन इंटर कॉलेज सैफई के प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह मौजूद भी रहे।

# सरकार ने हवा हवाई बजट किया पेश: सांसद

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद।** समाजवादी पार्टी सांसद छोटेलाल खरवार ने बताया कि सरकार लाख हवा हवाई बजट पास कर ले मगर स्ट/स्ज्ञ/हक्ष्ट व्यापारी, किसान, के लिए यह बजट खोखला है।

पूर्व मे सदन के माध्यम से मेरे द्वारा उपरोक्त सभी गरीब के लिए उत्थान कैसे होगा उसपर सरकार को सुझाव दिया था मगर कोई ध्यान इस बजट मे नहीं दिया गया।

12 लाख टैक्स फ्री देकर ढिंढोरा पिटने वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार यह बातये की 12 लाख टेक्स मे छूट पैसा वालो के लिए हो गया परन्तु 12 लाख रूपए गरीब, मजदूर, व्यापारी, किसान, युवा इत्यादि लोग कहां से पाएंगे। 12 लाख कैसे कमाएंगे यह सरकार बताये?

स्ट/स्ज्ञ व युवाओ के लिए उच्च स्तरीय शिक्षा फ्री, सब्सिडी पर शिक्षा लोन फ्री, चिकित्सा फ्री, किसानों को व्यापारियों को सब्सिडी पर लोन देकर विकास किया जाए ताकि अभी तक गरीब, किसान व व्यापारी इत्यादि लोग जमीन बेचकर बेटी की शादी करते है, यह सभी लोग जमीन बेचकर अपनी बेटी की शादी ना करें। ऐसी सुविधा सरकार सुनिश्चित करें।

उपरोक्त सभी के लिए यह बजट खोखला है। बल्कि 12 लख लोन फ्री में देकर 5 साल तक रोजगार का अवसर देना चाहिए बल्कि उपरोक्त सभी के लिए बकरी लोन, गाय - भैस लोन,भेड़ लोन, सूअर लोन, व्यापारी लोन किसान लोन युवा शिक्षा लोन इत्यादि लोन से पैसा देकर उपरोक्त सभीलोगो का उत्थान करना चाहिए।

स्कूल में खाना बनाने वाली रसोईया महिलाओं को वेतन/मानदेय बढ़ाना चाहिए उसीप्रकार आशा, आंगनबाडी, शिक्षामित्रों, आपदाओ समूह सखियों को भी वेतन/ मानदेय बढ़ाना चाहिए। मगर इस बजट में इन सभी के लिए कुछ नहीं है। इस बजट में तो देश के मान्यता प्राप्त मीडिया के लोगों को यात्रा में रेलवे विभाग द्वारा 50 प्रतिशत छूट मिलता था, यह सुविधा 5 सालों से बंद है, इस पर भी बजट में विचार करना चाहिए। तथा दलितों को मसीहा बताने वाले, संविधान को माथे पर लगाने वाले भारतीय जनता पार्टी के लोग बने हुए दलितों के कांसीराम आवास पर नज़र नहीं गया, कई वर्षो से वहाँ साधन सुविधा, पानी, चिकित्सा, शिक्षा व बने हुए सरकारी आवसो का कोई खबर लेने वाला नहीं है। केवल दलितों का वोट लेने के लिए मायाजाल रचते हैं, उन आवासों का रंगाई पुताई होगा या नहीं किसी को चिंता नहीं है।

मेरे द्वारा यह भी सुझाव दिया गया था की वन अधिकार कानून में संशोधन किया जाए। स्ट/स्ज्ञ आदिवासियों के ज़मीनो पर बाहरी लोगों का कब्जा है, री-सर्वे करा कर उनकी जमीन वापस किया जाय तथा वन अधिकार कानून के तहत कब्जे वाले जमीन पर सभी के लिए पट्टा करना चाहिए मगर यह भी कार्य नहीं हो पाया है। जिससे आदिवासी सहित सभी लोग सरकार से नाराज़ है।

# पहले मैच में बरौर ने परछा को हराया

**तीसरे राज्य स्तरीय बालीवाल टूर्नामेंट का उद्घाटन शनिवार को**

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के परछा में आयोजित तीसरे राज्य स्तरीय वालीबाल टूर्नामेंट के पहले मैंच में बरौर ने परछा को आसानी से हराकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा में आयोजित तीसरे राज्य स्तरीय बालीवाल टूर्नामेंट का शनिवार को उद्घाटन हुआ और पहला मैंच लोकल की टीम परछा और बाहरी टीम बरौर के बीच खेला गया।जिसके मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता और क्षेत्राधिकारी विनीता पहल रहे। इस दौरान कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। 9म18मीटर के ग्राउंड में जमकर पसीना बहाते हुए मेहमान टीम बरौर ने पहला सेट जीत मैंच में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर ली।हालांकि अपने घर में खेल रही परछा की टीम ने दूसरे सेट में जबरदस्त वापसी कर दूसरा सेट जीत लिया लेकिन बरौर ने तीसरे सेट में ताबड़तोड़ हमले कर परछा को बैकफुट पर ला दिया और तीसरा सेट जीत कर मैंच 2-1 से जीत लिया। जबकि दूसरा मैंच परछा सी और परछा डी टीमों के बीच खेला गया जिसके मुख्य अतिथि कस्बे के जाने माने समाजसेवी कलीम चौधरी रहे।जबकि दूसरा मैंच कानपुर और पौथिया के बीच खेला गया जिसमें कानपुर की टीम ने पौथिया की टीम को हरा दिया।अगला मैंच पहला मैंच जीत चुकी बरौर की टीम का हमीरपुर स्टेडियम के साथ खेला गया जिसमें बरौर की टीम ने अपने अभियान को जारी रखते हुए हमीरपुर स्टेडियम की टीम को भी हरा दिया।चौथे मैंच में टीकमगढ़ की टीम ने अनुईया की टीम को हरा दिया।

मैंच में रेफरी की भूमिका परवेज और तौकीर ने अदा की जबकि कमेंटेटर की भूमिका इरफान उर्फ जुम्मू ने निभाई।कमेटी अध्यक्ष शमशेर उर्फ बाबू खां,उपाध्यक्ष हमीद खां के साथ सहयोगियों में जमाल,परवेज, शमशुद्दीन, तौकीर, जावेद, बालाजी,और लल्लू प्रधान का सहयोग रहा।बताते चलें कि क्षेत्र के परछा गांव में बालीवाल के प्रति खासी रुचि है और यहां के युवाओं ने अपने खेल के दम पर विभिन्न सरकारी पदों पर नौकरी हासिल कर ली है।

# उपराष्ट्रपति ने त्रिवेणी संगम में लगाई पावन डुबकी



- त्रिवेणी संगम पर लगाई पुण्ड डुबकी, अक्षयवट-सरस्वती कूप और हनुमान मंदिर में सीएम योगी के साथ किए दर्शन
- उपराष्ट्रपति ने संगम पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं का किया अभिवादन, सर पर शिवलिंग रखकर लगाई आस्था की पवित्र डुबकी

### सरस्वती कूप, अक्षय वट व बड़े हनुमान मंदिर का किया दर्शन

त्रिवेणी संगम पर स्नान के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पत्नी व परिवार समेत सरस्वती कूप, अक्षय वट व बड़े हनुमान मंदिर में बाकायदा विधिवत पूजन-अर्चन किया। यहां उन्होंने महाबली हनुमान को रोली, वस्त्र, जनेऊ, सिंदूर, लाल चंदन, माला, धूप-दीप, नैवेद्य अर्पित किया और परिक्रमा भी की। धनखड़ ने इन सभी स्थानों पर पूजन-अर्चन के साथ ही योगी आदित्यनाथ ने इन स्थानों का महात्म भी जाना। इस दौरान महाकुम्भ में योगी सरकार की तैयारियों को धनखड़ ने सुखद अनुभव करार दिया। उन्होंने कहा कि मैने अपने जीवन में इतना भव्य-दिव्य और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित हो रहा महासमागम नहीं देखा है, यहां आकर जीवन धन्य हो गया। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ, औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी समेत उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्री व शासन के आला पदाधिकारी मौजूद रहे।

**अवधनामा ब्यूरो**

**महाकुम्भनगर/लखनऊ।** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को त्रिवेणी संगम में स्नान किया और इस घटना को जीवन धन्य करने वाला अवसर बताया। उपराष्ट्रपति धनखड़ तीर्थराज प्रयागराज पत्नी व परिवार समेत हेलिकॉप्टर से पहुंचे जहां हेलिपैड पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनका अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। यहां से वह अरैल संगम घाट की ओर बढ़े जहां क्रूज पर सवार होकर उन्होंने नौकायन का आनंद लिया और त्रिवेणी संगम में चिह्नित स्थान पर स्नान किया। इस दौरान स्वस्ति वाचन की गूंज के मध्य धनखड़ ने सिर पर शिवलिंग रखकर आस्था की पवित्र डुबकी लगाई। इस दौरान वृंदावन के मुख्य पुजारी पुंडरीक गोस्वामी ने पूजन-अर्चन किया।

इससे पूर्व नौकायन के दौरान साइबेरियन पक्षियों को देखकर वह उत्साहित हो उठे। उन्होंने कलरव करते पक्षियों को अपने हाथ से दाना डाला और परिजनों समेत इस आनंदित करने वाले क्षण का आनंद लिया। नौकायन के दौरान उन्होंने त्रिवेणी संगम के महात्म के बारे में सीएम योगी से जाना। धवल वर्णा गंगा और श्यामल वर्णा यमुना समेत अदृश्य सरस्वति के महाप्रयाग को महाकुम्भ की पुण्य वेला में दर्शन करके, उसमें स्नान कर जनकल्याण का संकल्प लेकर उपराष्ट्रपति प्रफुल्लित दिखे।

### कुम्भ देश विदेश के युवाओं को सनातन से जोड़ने का सुनहरा अवसर : स्वामी शुकदेव जी महाराज



**प्रयागराज।** कुम्भ नगर श्री बगही बाबा खालसा के संचालक और बगही धाम के पीठाधीश श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी शुकदेव जी महाराज ने आज एक भेट वार्ता में कहा की देश में संप्रदायभेद, जातिपति भेद और प्रान्त भेद दूर होना चाहिए तब जाके एक अच्छे समाज का निर्माण होगा। इस लिए सामंत काल में जो मनुवाद और अम्बेडकरवाद के बीच जो विरोधाभास चल रहा है उसे दूर करके मनुष्य की योग्यता के अनुसार हर व्यक्ति को सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने बताया की 2025 का महा कुम्भ मेला जो गंगा,जमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम लगा वो सिर्फ तीन नदियों का ही नहीं है अपितु ये संगम स्वछता, सुरक्षा और सुन्दर व्यवस्था का संगम है भव्यता दिव्यता और डिजिटल का संगम है।

## सीएम योगी ने किया संगम नोज का स्थलीय निरीक्षण, पूरी घटना की ली जानकारी

- मेला से जुड़े अधिकारियों से ली घटना की विस्तृत जानकारी, बसंत पंचमी पर्व को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रयागराज पहुंचे और हेलिकॉप्टर से उतरने के बाद वह सीधे संगम नोज पहुंचे, जहां मौनी अमावस्या को अमृत स्नान पर्व के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी थी। मुख्यमंत्री ने यहां महाकुम्भ मेला से जुड़े अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली और श्रद्धालुओं के साथ भी संवाद किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने एक स्वर में महाकुम्भ के लिए योगी सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं और सुविधाओं की सराहना की।

प्रयागराज पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले संगम नोज पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने घटनास्थल देखा, जहां मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर्व पर भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हुई थी। उन्होंने मेलाधिकारी विजय किरण आनंद और डीआईजी वैभव कृष्ण से पूरी घटना की विस्तृत जानकारी ली। मेलाधिकारी ने उन्हें बताया कि घटना के वक्त क्या हुआ था और किस तरह से तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी लेने के बाद मुख्यमंत्री ने आगामी बसंत पंचमी अमृत स्नान को लेकर यहां की जा रही व्यवस्थाओं को भी देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### श्रद्धालुओं से भी किया संवाद

घटनास्थल का निरीक्षण कर लौटते वक्त मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं से संवाद भी किया। वह बैरीकेडिंग के बहुत करीब जाकर श्रद्धालुओं से मिले और हाल चाल पूछा। मुख्यमंत्री योगी को अपने करीब पाकर श्रद्धालुओं का उत्साह भी चरम पर था। श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव, जय श्री राम और गंगा मइया की जय जैसे जयकारों से सीएम योगी का अभिनंदन किया। इस बीच कुछ श्रद्धालुओं ने तेज स्वर में मुख्यमंत्री जी के द्वारा महाकुम्भ में की गई व्यवस्थाओं और सुविधाओं को उत्तम बताया। उल्लेखनीय है कि मौनी अमावस्या पर घटी दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर मुख्यमंत्री दुख जता चुके हैं और अपने वक्तव्य के दौरान वह काफी भावुक भी हो गए थे और बात करते करते उनका गला रुंध गया था।

## पूज्य संतों के धैर्य के आगे विफल हुए सनातन के विरोधी: सीएम योगी

### स्वामी अवधेशानंद गिरी और स्वामी राम भद्राचार्य ने की सीएम योगी की प्रशंसा, दिया आशीष

इस अवसर पर जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने कहा कि ने जब से गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी जी ने उत्तर प्रदेश में शासन अपने हाथों में लिया है तब से सनातन का सूर्य पूरे विश्व को आलोकित कर रहा है। आज पूरे विश्व में सनातन मूल्यों के प्रति , योग आयुर्वेद के प्रति, आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति जो स्वीकृति और मान्यता पैदा हुई है, इससे पहले वह कदाचित नहीं थी। विश्व में सभी लोग हतप्रभ है, चकित हैं और पूरा सनातन जगत उल्लासित है इस महाकुंभ को लेकर। इस महाकुंभ का जिस महापुरुष ने अद्भुत संकल्प लिया, विश्व व्यापी प्रचार प्रसार के लिए योगी जी को बधाई देना चाहूंगा। उनके नेतृत्व में पूरा संत समाज सुरक्षित है, सम्मानित है। इस अवसर पर बोलते हुए तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी राम भद्राचार्य जी ने कहा कि अब राम कमलाचार्य जी महराज आज से जगद्गुरु स्वामी राम कमलाचार्य जी महराज और संतोष दास जी जगद्गुरु विष्णु स्वामी संतोष दास जी महराज सतुआ बाबा होंगे। स्वामी राम भद्राचार्य महराज ने सीएम योगी को भी महाकुम्भ के सफल आयोजन पर आशीष और बधाई दी।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पट्टाभिषेक कार्यक्रम में लिया हिस्सा, नव मनोनीत जगद्गुरूओं को दी बधाई
- हादसे के दौरान अभिभावक के रूप में नजर आए हमारे संत, चुनौती का सामना करते हुए उबारने का काम किया
- तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी राम भद्राचार्य ने सतुआ बाबा और स्वामी राम कमला चार्य का कराया



**महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज दौरे पर शनिवार को सेक्टर 22 में दो पूज्य संतों के पट्टाभिषेक के लिए आयोजित धर्म सभा कार्यक्रम में भी पहुंचे, जहां उन्होंने संतो का आशीर्वाद लिया और नव मनोनीत जगद्गुरुओं को बधाई दी। महा कुम्भ के सेक्टर 22 में संतोष दास सतुआ बाबा और स्वामी राम कमला चार्य का पट्टाभिषेक किया गया। तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी राम भद्राचार्य ने दोनो संतो को जगद्गुरु के पद के लिए नामांकित किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने सनातन धर्म के अभियान को आगे बढ़ाने वाले दोनों संतों का अभिनन्दन किया और बधाई दी। धर्म सभा में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी सनातन धर्म के स्तंभ है। विपरीत परिस्थितियों में धैर्य से चुनौतियों का सामना करते हुए अपने इस अभियान को आगे बढ़ाना है। क्योंकि सनातन धर्म ही मानव धर्म है। सनातन रहेगा तो मानव धर्म रहेगा,मानवता रहेगी, श्रृष्टि रहेगी। सीएम ने कहा कि उन पूज्य संतों का अभिनन्दन करूंगा, जिन्होंने मौनी अमावस्या के अवसर पर पूरे धैर्य का सामना किया। कुछ पुण्यात्मा हादसे का शिकार हुई, लेकिन उन पस्थितियों में हमारे संत एक अभिभावक के रूप में नजर आए। जैसे परिवार के ऊपर एक विपत्ति आती है तो परिवार का अभिभावक भयभीत नहीं होता, उसी तरह हिम्मत के साथ खड़े होते हुए इस चुनौती का सामना करते हुए उन्होंने इससे उबारने का कार्य किया।

मुख्यमंत्री बोले, आपने देखा होगा जो सनातन धर्म के विरोधी हैं वो प्रयास कर रहे थे कि संतो का धैर्य जवाब दे जाए और उसके बाद जग हंसाई कराई जाए, लेकिन अभिनन्दन करूंगा पूज्य संतों का जिन्होंने उन परिस्थितियों में उस आयोजन को अपना आयोजन मानकर पूरे धैर्य के साथ परिस्थितियों का सामना करते हुए पुण्यात्माओं के प्रति श्रद्धांजलि भी दी और मां गंगा के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए इस आयोजन को सकुशल आगे बढ़ाया। इसी प्रेरणा से पिछले 19 दिनों के अंदर 32 करोड़ से अधिक श्रद्धाल डुबकी लगाकर पुण्य के भागीदार बने हैं। सीएम ने कहा कि कुछ लोग गुमराह करके सनातन धर्म के हर एक मुद्दे पर षड्यंत्र करने से बाज नहीं आते हैं। राम जन्मभूमि से लेकर आज तक, उनका व्यवहार और चरित्र जग जाहिर है। ऐसे लोगों से सावधान होकर सनातन धर्म के आदर्शों और मूल्यों के साथ इन पूज्य संतों के सानिध्य में हमे निरंतर आगे बढ़ना होगा। जब तक पूज्य संतों का सम्मान है सनातन धर्म का कोई बाल बांका नहीं कर सकता।

## बोले राजनयिक- भारतीय संस्कृति व धरोहर को दर्शाता है महाकुम्भ

- हिंदू संस्कृति को समझने के लिए प्रयागराज आकर उत्सुक दिखे विभिन्न देशों के राजदूत, राजदूतों ने खुद को बताया सौभाग्यशाली



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ-2025 में शनिवार को विभिन्न देशों के राजनयिकों व विदेशी अतिथियों का आगमन हुआ। 118 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिव्य-भव्य, नव्य महाकुम्भ को देख अभिभूत हो उठा। इन अतिथियों ने कहा कि महाकुम्भ भारतीय संस्कृति व धरोहर को दर्शाता है। प्रयागराज पहुंचकर इन लोगों ने खुद को सौभाग्यशाली बताया। इन अतिथियों ने योगी सरकार व विदेश मंत्रालय द्वारा राजनयिकों के लिए इस यात्रा की व्यवस्था पर खुशी भी जताई। वहीं प्रयागराज पहुंचने पर अतिथियों का स्वागत किया गया।

### बहुत ही खास आयोजन है महाकुम्भ

मुझे बहुत खुशी है कि राज्य सरकार और विदेश मंत्रालय राजनयिकों के लिए इस यात्रा की व्यवस्था कर रहा है। महाकुंभ मेला बहुत ही खास आयोजन है, खासकर इस साल। इसलिए मैं हिंदू संस्कृति को समझने के लिए वहां जाने को उत्सुक हूं।
केइची ओनो, भारत में जापान के राजदूत

### परंपराओं का पालन कर हूं खुश

मैं इस महत्वपूर्ण समारोह में भाग लेकर प्रसन्न हूं। यहां की परंपराओं का पालन करके बहुत खुशी भी हो रही है।
मारियानो काउचिनो, भारत में अर्जेंटीना के राजदूत

### महाकुम्भ के वातावरण का लूंगी आनंद

मैं कई वर्षों से भारत से जुड़ी हुई हूं। मैं हमेशा यहां आना चाहती थी, लेकिन कभी भी किसी कुम्भ में जाने का अवसर नहीं मिला। आज यह खास और शुभ महाकुम्भ का समय है, यह सौभाग्य है कि मैं भारत में हूं। मैं यहां के वातावरण का आनंद लूंगी। यह दृश्य मेरी आँखों और आत्मा के लिए गौरवान्वित करने वाला है। मैं यहां पवित्र स्नान करूंगी। यह निश्चित रूप से भारतीय धरोहर और संस्कृति को दर्शाता है, जिस पर गर्व होना चाहिए।

**डायना मिकेविकिएने,**
**भारत में लिथुआनिया की राजदूत**

## करोड़ों की परफ्यूम इंडस्ट्री छोड़ी, 10 हजार युवकों को नशे से दूर कर दिखाई सनातन की राह



- नशे के अंधकार से सनातन के प्रकाश तक बहुत प्रेरक रहा है स्वामी अनंता गिरी का सफर
- 200 से ज्यादा नवयुवकों को भारत ही नहीं कनाडा, न्यूजीलैंड में कारोबार से जोड़ा

**महाकुम्भनगर।** पंजाब के जालंधर की रहने वाली स्वामी अनंता गिरी ने अपने जीवन में गहरे दुख और संघर्षों का सामना करने के बाद आध्यात्मिकता की राह पकड़ी। उनके पति ड्रग्स की लत के शिकार थे, जिससे उनकी सोचने-समझने की क्षमता खत्म हो गई थी। इस घटना ने स्वामी अनंता गिरी के जीवन की दिशा बदल दी और वे आध्यात्मिक मार्ग पर अग्रसर हो गई। गुरु श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी चरणाश्रित गिरि जी महाराज से दीक्षा लेकर उन्होंने श्री विद्या साधना शुरू की, जिसमें हजारों मंत्र और उनके गहरे रहस्य छुपे हुए हैं। इस मार्ग पर चलने से पहले उन्होंने करोड़ों की परफ्यूम इंडस्ट्री छोड़ दी। इसके बाद 10 हजार से अधिक युवकों को नशे से दूर कर सनातन की राह दिखाई। स्वामी अनंता गिरी ने नशे की गिरफ्त में फंसे युवाओं के लिए एक बड़ा अभियान चलाया। उन्होंने 10,000 से अधिक युवाओं को नशे से दूर कर उन्हें सनातन धर्म की ओर मोड़ा। उनके मार्गदर्शन में 200 से ज्यादा युवा न केवल भारत में बल्कि कनाडा और न्यूजीलैंड जैसे देशों में भी सफलतापूर्वक व्यवसाय कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से स्वामी अनंता गिरी इस बार महाकुम्भ में स्वर योग के माध्यम से बच्चों को जागरूक कर रही हैं।

# कड़े मुकाबले में यूनिटी पास्ट ने प्रजेंट इलेवेन का 1-0 से हराया



भारत सरकार के नेशनल इंस्टट्यूट ऑफ़ मलेरिया रिसर्च, द्वारका, दिल्ली के प्रांगण में मलेरिया उन्मूलन के विषय पर आयोजित पन्द्रहवें तीन दिवसीय वार्षिक मलेरिया कांफ्रेंस में सन फार्मा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अज़ादार ख़ान ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप इन हेल्थ केयर के विषय पर श्रोताओं को संबोधित किया।

- स्कॉलर डॉ. कल्बे सादिक मेमोरियल फुटबॉल मैच

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** हुसैनाबाद स्थित यूनिटी कालेज में शनिवार को कालेज फाउंडर की याद में स्कॉलर डॉ कल्बे सादिक मेमोरियल फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। यूनिटी प्रजेंट इलेवेन और यूनिटी पास्ट इलेवेन (कालेज के पास आउट) छात्रों के बीच फुटबॉल का रोमांचक मुकाबला खेला गया। गौरतलब है कि प्रेजेंट और पास्ट दोनों टीमों के खिलाड़ी कई बड़ी प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर कालेज का नाम रोशन कर चुकी हैं। डॉ कल्बे सादिक की याद में खेले गये मुकाबले में कालेज के करीब दो हजार बच्चे दर्शक के रूप में मैदान में लाये गये थे ताकि मुकाबला और भी रोमांचक हो।

खेल की शुरूआत होते ही मैच देख रहे बच्चों ने दोनों टीमों का मनोबल बढ़ाया। खेल के दो हाफ तक पूरे 70 मिनट तक दोनों ओर से कोई गोल नहीं हुआ। एक बार दोनों टीमों को अतिरिक्त 2 मिनट का फिर समय दिया गया। इस अवसर को यूनिटी पास्ट इलेवेन की ओर से नाजिम आदिल ने पहले ही मिनट में गोल दागकर 1-0 की बढ़त अंत तक कायम रखते हुए खिताब जीत लिया। पुरस्कार वितरण कालेज के सचिव नजमुल हसन रिजवी ने किया। इस मौके पर कालेज के प्रधानाचार्य दीपक मैथ्यूज, उप-प्रधानाचार्य सचिन्द्र भारती, खेल अध्यापक आमिर अली, कालेज के कार्यालय अधीक्षक शाहिद हुसैन के अलावा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

यूनिटी प्रेजंट इलेवेन : अरहम हैदर (कप्तान), अली जाफर काज़मी, कायम अब्बास जैदी, अमन आगा, अबू सुफियान (गोलकीपर), जैनुल इमाम, वकार हुसैन, अली नदीम, हशम मेहदी, हसन रिजवी, मोहम्मद अमान, फरहान, मोहम्मद हैदर, रजा, अवान मिर्जा, मोहम्मद अयान, अमीन।

यूनिटी पास्ट इलेवेन : जाफर हुसैन, तालिब, अदीब, मोहम्मद लारैब, रहबर, मोहम्मद जैद, कम्बर, मोहम्मद अली, सादिक मेहदी, नाजिम, मोहम्मद अली अब्बास, इलहम।

# टॉप टेन में नाम रौशन किया तकमीलउत्तिब की छात्राओं ने



**अवधनामा ब्यूरो**

- प्रिंसिपल ने जताई खुशी

**लखनऊ।** महायोगी गुरु गोरखड्डनाथ आयुष यूनिवर्सिटी के साल 2022-23 के आये नतीजे में लखनऊ की छात्राओं ने जीत का परचम लहराया प्रिंसिपल डॉ अब्दुल क़वी के कुशल निर्देशन में चल रहे राजकीय तकमीलउत्तिब कॉलेज एंड हॉस्पिटल की दो छात्राओं ने टॉप टेन में नाम दाखिल कर कॉलेज का नाम रौशन कर दिया यूजी यूनानी में राजकीय तकमीलउत्तिब कॉलेज एंड हॉस्पिटल की छात्रा अमरीन बानो ने टॉप टेन में तीसरा स्थान हासिल किया वहीं इसी कॉलेज की छात्रा अमरीन बानो ने पांचवां स्थान हासिल किया कॉलेज के डायरेक्टर प्रिंसिपल से लेकर सभी स्टाफ और छात्र छात्राओं ने खुशी ज़ाहिर की प्रिंसिपल डॉ अब्दुल क़वी ने कहा की छात्राओं ने न सिर्फ अपने अभिभावकों का बल्कि कॉलेज का नाम भी रौशन किया है उन्होने कहा की सरकार आयुष कोआगे बढ़ाने में पूरा योगदान कर रही है मंत्री दया शंकर मिश्र दयालु का विशेष सहयोग रहता है जिससे पढाई में कोई भी मुश्किल नहीं आती उन्होने कहा की अमरीन बानो और निदा मोहम्मदी का रुझान शुरू से नहीं पढाई में काफी सराहनीय रहा है उन्होंने सभी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# घरों में नज्र का हुआ आयोजन

**लखनऊ।** शियों के तीसरे इमाम हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की यौमे विलादत की पूर्व संध्या पर शनिवार को घरों में नज्र का आयोजन हुआ, लोग देर रात तक नज़रों में शरीक हुए और इमाम की विलादत की मुबारकबाद दी। इमाम की विलादत रविवार को बड़ी खुशी के साथ मनायी जायेगा। इस विशेष मौके पर घरों में नज्र होंगी, जिसकी विशेष तैयारियां की गयी हैं। इमाम की विलादत के मौके पर लोग भव्य सजावट कर रहे हैं और लाल झंडे-झंडिया भी लगायी हैं। लोग नये-नये लिबास पहने के लिए खरीदारियों में जुटे हैं। इमाम की विलादत की खुशी में लोग अपने रिश्तेदारों, अजीजों और दोस्तों के यहां नज्र चखने जायेगें। ऑल इंडिया शिया हुसैनी फण्ड शिया पीजी कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट में रविवार को आम दस्तरखान का आयोजन करेगा। जहां दोपहर 12 बजे उलमा नज्र देंगे। फंड के महासचिव हसन मेहदी झब्बू ने बताया कि संस्था ने करीब 10 हजार लोगों के खाने का प्रबंध किया है। इसी तरह अन्य इदारों और अंजुमनों ने सबीलों व लंगर का आयोजन किया है। जहां कोलड्रिंक, शिकंजी, शर्बत, आइसक्रीम, बिरयानी, पूरी, मिठाई आदि का वितरण होगा। जश्ने फातहे कर्बला आजः हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की विलादत के मौके पर रविवार को रौजाए काजमैन में जश्ने फातहे कर्बला शीर्षक से आयोजित महफिल को मौलाना अशरफ अल गरवी रात 8.30 बजे खिताब करेंगे।

